निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स


रांची में बन रहा राजस्थानी स्थापत्य कला का पंडाल

• बोकारो, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 123 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

## भारतीय फौज में नहीं होता भाई-भतीजावाद : सीडीएस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में पहली बार आयोजित होने जा रहे ईस्ट टेक इवेंट की पूर्व संध्या पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान यहां पहुंचे। राजभवन में आर्मी, नेवी और एयरफोर्स के बीच समन्वय स्थापित करने वाले सेना के सबसे बड़े अधिकारी ने राजभवन में छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि फौज एकमात्र ऐसी जगह है, जहां कोई भाई-भतीजावाद नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ चलाये गये 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में भी इस दौरान बात की। गुरुवार 18 सितंबर को दिन में झारखंड पहुंचने के बाद सीडीएस ने राजभवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय



आपदाओं की संख्या अधिक होने के कारण सेना ने नागरिकों को बचाने के लिए अधिकतम प्रयास किये। सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि फौज ही एकमात्र ऐसी जगह है, जहां भाई-भतीजावाद नहीं होता। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आम नागरिकों को हताहत होने से बचाने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पहला हमला 6 और 7 मई की दरम्यानी रात को 1 बजे किया गया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान प्रत्येक झड़प में हमने पाकिस्तान को बुरी तरह शिकस्त दी। उन्होंने कहा, 'रात के समय लंबी दूरी के लक्ष्यों पर सटीक हमला करने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता होती है।' 'ऑपरेशन सिंदूर' जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद शुरू किया गया था। पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक शामिल थे। रांची के खेलगांव में 19 सितंबर से शुरू होने जा रहे 3 दिवसीय 'ईस्ट टेक इवेंट' की पूर्व संध्या पर युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए सीडीएस ने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे भारत और विश्व को जानना चाहते हैं, तो उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने की आकांक्षा रखनी चाहिए।

## नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 9ए, स्ट्रीट संख्या-2 स्थित आवास संख्या-377 में 23 वर्षीय नवविवाहित सुषमा कुमारी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। सुषमा की शादी इसी साल 20 अप्रैल को हुई थी। परिजनों का आरोप है कि विवाह के बाद से ही सुषमा पर दहेज की मांग को लेकर दबाव बनाया जा रहा था। खासकर चारपहिया वाहन और नगद रुपए लाने के लिए उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का कहना है कि यह प्रताड़ना ही उसकी मौत का कारण बनी है। मृतका की बड़ी बहन स्वीटी ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे सुषमा के पति ऋतिक ने फोन कर कहा कि उसकी मौत हो गई है। इस सूचना के बाद परिजन पेटरवार से निकलकर करीब 5 बजे बोकारो पहुंचे। उन्होंने देखा कि सुषमा बेड पर अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। आनन-फानन में उसे बोकारो जनरल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि सूचना देने और अस्पताल ले जाने में जान-बूझकर देरी की गई। घटना की सूचना हरला थाना पुलिस को शाम 7:30 बजे दी गई लेकिन परिजनों का आरोप है कि एफआईआर दर्ज करने में देर की गई। रात 11:30 बजे के बाद ही थाने ने मामला स्वीकार किया। हरला थाना प्रभारी अनिल कश्यप ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है लेकिन अनुसंधान के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह आत्महत्या है या हत्या। पुलिस ने मृतका के पति ऋतिक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मृतका के माता-पिता और बहन ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि दहेज हत्या है। उन्होंने बताया कि सुषमा को शादी के बाद से ही मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। मौत से पहले भी उस पर रुपए और गाड़ी लाने का दबाव बनाया गया था। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। इधर, पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डायन बिसाही के शक में महिला की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** खूंटी जिले के सायको थाना क्षेत्र में गुरूबुरू गांव में 17 सितंबर को 69 वर्षीय लुखी देवी की हत्या कर दी गयी। इस संबंध में उसकी बेटी बिरसी देवी ने सायको थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसमें गांव के ही चोरोन मुंडा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। शिकायत के मुताबिक, आरोपी ने टांगी और कुदाल से प्रहार कर हत्याकांड को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना के 24 घंटे अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में गुरुवार को एसडीपीओ वरुण रजक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि डायन-बिसाही के शक में चोरोन मुंडा ने लुखी देवी को मौत के घाट उतार दिया था। उन्होंने बताया कि आरोपी को उसके गांव से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। हत्याकांड में प्रयुक्त टांगी, कुदाल और खून से सना पैंट तथा गमछा को पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि हत्या के आरोपी चोरोन मुंडा के बच्चे की दो माह पूर्व किसी बीमारी से मौत हो गयी थी। उसे शक था कि गांव की ही लुखी देवी ने जादू-टोना और डायन-बिसाही कर बच्चे को मार दिया। इसी शक के आधार पर उसने 17 सितंबर को मौका पाकर हत्याकांड को अंजाम दिया। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। प्रेस वार्ता के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में सायको थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, पुलिस अवर निरीक्षक रामसुधीर सिंह, सहायक अवर निरीक्षक रौशन बाड़ा, गोलोक महतो और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## फूड प्वाइजनिंग से 35 बच्चों की हालत बिगड़ी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** जिले के आरागुड़ी पंचायत के टेमकी गांव में जितिया पर्व के अवसर पर लगे मेले में एक ठेले पर चाऊमीन खाने से करीब 35 बच्चे फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। बच्चों को उल्टी और दस्त की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें तत्काल लातेहार सदर अस्पताल लाया गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव को दी। उन्होंने त्वरित पहल करते हुए सदर अस्पताल से एंबुलेंस मंगवाई और सभी बीमार बच्चों को अस्पताल पहुंचवाया। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया। बच्चों के परिजनों का कहना है कि मेले में बाहर से आए एक व्यक्ति ने चाऊमीन बेची थी। उसी को खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ी। सदर अस्पताल में चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. जय प्रकाश जायसवाल ने बच्चों का इलाज किया। उन्होंने बताया कि 35 बच्चे फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए थे, जिनमें लगभग 10 प्रतिशत की हालत गंभीर थी। हालांकि, त्वरित इलाज के बाद सभी बच्चे अब सुरक्षित हैं और स्थिति स्थिर है।



डॉक्टर ने कहा कि फिलहाल सभी की हालत सामान्य है। इलाज पूरा होने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। बीमार बच्चों में अनूप भगत, अयांश उरांव, प्रियांशु कुमारी, दीपशिखा कुमारी, राधिका उरांव, प्रिंस उरांव, सिबक उरांव, रोशनी कुमारी, वंश राज उरांव, शिखा कुमारी, अनु कुमारी, नेहा कुमारी, पीयूष उरांव, आरोही कुमारी, चांदनी कुमारी, ऋषिका उरांव, पूर्णिमा कुमारी, आशिक उरांव, आर्यन उरांव, मनीषा कुमारी, रूपा कुमारी, सोनी कुमारी, सुनैना कुमारी, मोनिका कुमारी हैं। इनके साथ-साथ विमल उरांव, संदीप कुमार, सूर्यांश उरांव, रियांश उरांव, एंजेल कुमारी, राधा कुमारी, अंजली, सुप्रिया कुमारी, श्रेया कुमारी, अमित भगत, सौरभ कुमार, सुनील भुईयां और बंधन तिर्की समेत अन्य शामिल हैं। इन बच्चों की उम्र 3 से 15 साल के बीच है।

## मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सरायकेला।** खरसावां जिले की पुलिस ने चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह थाना अंतर्गत तेतलो गांव में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना के बाद चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन हुआ। टीम ने छापेमारी कर फैक्ट्री का खुलासा किया और मौके से भारी मात्रा में नकली शराब व उपकरण जब्त किए। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री से नकली अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप, खाली बोतलें, नकली होलोग्राम, ढक्कन, केमिकल और शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण बरामद हुए हैं। मौके से दो आरोपी निरंजन गोराई और प्रकाश



कुमार गुप्ता को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे आगामी दुर्गा पूजा में शराब की बढ़ती मांग का फायदा उठाने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे नकली अंग्रेजी शराब तैयार कर चांडिल और नीमडीह क्षेत्र में खपाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस को संदेह है कि इस अवैध कारोबार में और भी लोग शामिल हैं। इसके मद्देनजर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस मामले में नीमडीह थाना कांड संख्या 53/2025 दर्ज कर ली गई है। रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने कहा कि दुर्गा पूजा जैसे पर्व के दौरान अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री जनता की सेहत और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस तरह की किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस समय रहते अपराधियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## उसरी फॉल में बड़ा हादसा होने से बचा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** जिले के चर्चित पर्यटन स्थल उसरी वाटर फॉल पर बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। मोहनपुर पंचायत के अंबाडीह गांव से घूमने पहुंचे चार युवक पानी के तेज बहाव में फंस गए। जानकारी के मुताबिक युवक नहाने और सेल्फी लेने के दौरान झरने के बीचों-बीच चले गए। इसी बीच अचानक जलस्तर बढ़ गया और सभी चार युवक लहरों के बीच फंसकर इधर-उधर बहने लगे। यह देखकर मौके पर मौजूद पर्यटक और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। हर कोई डरे-सहमे हालत में युवकों को बचाने की कोशिश करने लगा। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग रस्सी लेकर घटनास्थल पर जुट गए और अपनी जान जोखिम में डालकर युवकों को बाहर निकालने का प्रयास करने लगे तभी सूचना पाकर मुफस्सिल थाना पुलिस की टीम भी वहां पहुंची और ग्रामीणों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद चारों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान वहां मौजूद लोग सांसें थामे खड़े रहे और जैसे ही युवक सुरक्षित बाहर आए, तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। फंसे युवकों की पहचान मो शानू, मो आशिक, ख्वाहिश साह और रजनीकांत साह के रूप में हुई है। सभी अंबाडीह गांव के ही निवासी बताए जा रहे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बड़ी संख्या में लोग वहां इकट्ठा हो गए थे। स्थानीय मो हसनैन अली खुद रेस्क्यू कार्य में जुटे रहे और ग्रामीणों को निर्देश देते रहे।

## एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर लागू होंगे नए नियम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर नए नियम लागू होंगे। केंद्र सरकार ने गुरुवार को इसकी घोषणा की है। केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी है। ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 को लोकसभा में केंद्र ने पारित किया था। इसमें ऑनलाइन सट्टेबाजी को दंडनीय अपराध बनाने का प्रावधान किया गया है। वैष्णव ने कहा कि हमने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और हितधारकों के साथ कई बार चर्चा की है। कानून पारित होने के बाद एक बार फिर हम उनके साथ जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बैंकों और अन्य हितधारकों से भी परामर्श किया है। वैष्णव ने कहा कि सरकार इस पर आगे भी परामर्श रखेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के पूर्व-कार्यक्रम समारोह में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा नियम लागू करने से पहले उद्योग जगत के साफ एक बार फिर चर्चा की जाएगी। वैष्णव ने कहा कि हमने इसमें व्यावहारिक रूप से हर संभव हितधारक के साथ बातचीत की है और हमने नियमों को अंतिम रूप दे दिया है। ये नियम पहली अक्टूबर से लागू होंगे और उससे पहले हम उद्योग के साथ एक और दौर की चर्चा करेंगे। ऑनलाइन गेमिंग बिल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 अगस्त 2025 को अपनी मंजूरी दे दी थी।

## 377 सिम कार्ड के साथ साइबर अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जामताड़ा।** साइबर थाना पुलिस ने एक ऐसे साइबर अपराधी को दबोचा है जिसने फर्जी आईडी पर खरीदे गए सिम कार्ड का बड़ा नेटवर्क खड़ा कर रखा था। आरोपी की पहचान करमाटांड़ थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी अकबर हुसैन के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 377 असम नंबर के सिम कार्ड, इंडिगो फ्लाइट टिकट, तीन एटीएम कार्ड, दो मोबाइल और एक आधार कार्ड बरामद किया है। एसपी राजकुमार मेहता ने जानकारी दी कि संभवतः यह झारखंड का पहला मामला है, जब किसी अपराधी के पास से इतने बड़े पैमाने पर बाहर के प्रदेश से मंगवाए गए सिम कार्ड मिले हों। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि अकबर हुसैन बाकायदा इंडिगो की फ्लाइट पकड़कर असम पहुंचता था।



वहां से फर्जी आईडी पर बड़ी संख्या में सिम कार्ड खरीदता और फिर ट्रेन से जामताड़ा लौटता। इसके बाद वह यह सिम कार्ड 1500 से 2500 रुपए प्रति सिम के हिसाब से साइबर अपराधियों को बेचता था। इन सिम कार्ड्स का इस्तेमाल गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा और बिहार के सीमावर्ती जिलों के साइबर ठग ठगी के धंधे में करते थे। साइबर थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को इनपुट मिला था कि अकबर हुसैन सिम कार्ड की बड़ी खेप लेकर जामताड़ा पहुंचा है। सूचना के आधार पर करमाटांड़ के मुर्गाबनी गांव के पास छापेमारी की गई और आरोपी को धर दबोचा गया। पुलिस ने बताया कि यह शातिर लंबे समय से सीधे तौर पर ठगी के धंधे में शामिल था और 21 अप्रैल 2021 को साइबर थाना जामताड़ा में ठगी का केस भी दर्ज है। एसपी मेहता ने कहा कि प्रारंभिक जांच से साफ है कि अकबर हुसैन अकेले काम नहीं कर रहा था। असम से सिम कार्ड की इतनी बड़ी सप्लाई के पीछे बड़े सिंडिकेट के शामिल होने की आशंका है। अपराधी यहां कार्ड बेचकर रकम ऑनलाइन असम के सरगना को भेज देता था। पुलिस अब इस नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में बुधवार शाम वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। यह घटना नावाबाजार थाना क्षेत्र के तुकबेरा पंचायत के सरौना गांव में हुई। मृतका की पहचान उपेंद्र ठाकुर की 30 वर्षीय पत्नी मालती देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि शाम को बारिश के दौरान मालती देवी अपने घर के सामने चापाकल के पास बंधे गाय के बच्चे को घर के अंदर लाने निकली थीं। इसी दौरान वह वज्रपात की चपेट में आ गईं और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### तालाब से तैरता हुआ शव बरामद

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत पचगांवा तालाब से गुरुवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पचगांवा निवासी 48 वर्षीय नरेश सिंह के रूप में हुई है। वे बुधवार शाम से ही लापता थे। शव की पहचान मृतक के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर की। परिजनों ने पुष्टि की कि यह शव बुधवार शाम से लापता नरेश सिंह का ही है।

### नाला से नवजात का शव बरामद

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सतगावां थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह बैद्यडीह गांव स्थित सिपाही होटल के पास पुल के नीचे बहते नाले से एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। राहगीरों की नजर नाले में पड़े शिशु पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत स्थानीय ग्रामीणों को सूचना दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी संख्या में लोग जुट गए। घटना की जानकारी सतगावां पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सौरव शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने खुद नवजात का शव नाले से बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी, चालक मरा

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के महुआडाड़ थाना अंतर्गत अहीर पूर्वा मोड़ के समीप बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बोलेरो के बेकाबू होकर पलट जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए आगे आए। हादसे में बोलेरो चालक साले गांव के रहने वाले 25 वर्षीय जॉन कुजूर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके साथी सुधीर एक्का को गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों ने तत्काल घायल को महुआडाड़ अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### गांधीनगर में युवक को मारी गोली

**जमशेदपुर (नबिटा ब्यूरो)।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के गांधीनगर में देर रात एक सनसनीखेज वारदात हुई। बादल नामक युवक ने गांधीनगर निवासी पोपो मुंडा पर फायरिंग कर दी। जानकारी के मुताबिक पोपो मुंडा अपने घर पर लेटा हुआ था तभी अचानक बादल वहां पहुंचा। मौके पर ही आरोपी ने गोलियां बरसा दीं। पोपो को दो गोलियां प्राइवेट पार्ट में लगीं जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया गया।

### तीन गिरफ्तार

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** तिलैया डैम ओपी क्षेत्र अंतर्गत विरसोडीह पंचायत के जमकट्टी गांव से पुलिस ने पति की हत्या के आरोप में बुधवार को पत्नी, उसके प्रेमी और चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया। युवक की हत्या पत्थर से कुचलकर की गई थी। उसका शव सिंगारडीह खेल मैदान से बरामद किया गया था। मृतक की पहचान हड़ाही पंचायत के चमगुदो खुर्द निवासी 30 वर्षीय गोवर्धन साव उर्फ मोदी साव के रूप में हुई थी। गोवर्धन साव की हत्या उसकी पत्नी ने अवैध संबंध में अपने प्रेमी से करवाई थी।

## उपायुक्त का मनरेगा, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना को तेज करने पर बल

# आम बागवानी समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, दिये सख्त निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं होने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई, निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज समाहरणालय सभागार में मनरेगा, पीएम आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना समेत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की बारी-बारी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समीक्षा के क्रम में कार्यों में कोताही बरतने वाले कर्मियों को सख्त निर्देश दिया गया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करें और लोगों को इसका लाभ दें। उपायुक्त के द्वारा मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में वैसे सभी योजनाओं जो वर्षों से पेंडिंग पड़े हुए हैं उन्हें अविलंब पूर्ण कराने, मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने तथा शत-,प्रतिशत जियो टैगिंग कराने एवं पोटो हो खेल मैदान सहित अन्य



योजना को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया। बैठक में अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवास योजना के तहत आवास निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति, आवास योजना के लाभुकों की राशि की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी लंबित आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। किस्तों का भुगतान भी समय पर किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी योग्य लाभुक इन योजनाओं से वंचित न रहे। इस क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को लंबित योजनाओं में अगले एक हफ्ते के अंदर प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी महत्वकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की तथा मनरेगा के सभी आयामों में प्रगति सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं संचालन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगे उपायुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरतें, ताकि सुनियोजित ढंग से योजनाओं को पूरा किया जाए और लोगों को उसका लाभ मिले। बैठक के क्रम में अबुआ आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 23-24 एवं 24-25 में दिए गए लक्ष्य, स्वीकृति, प्रथम/द्वितीय एवं तृतीय किस्त भुगतान, फेल्यर पेमेंट, हाउस कंप्लीशन, जियो टैगिंग आदि के संबंध में जानकारी ली। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत किए जा रहे कार्यों के लक्ष्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना तथा बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, निदेशक, डीआरडीए, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सेविका की अनियमितता पर हुई त्वरित कार्रवाई

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** स्थानीय दैनिक अखबार में दिनांक 17.09.2025 को प्रकाशित समाचार "केरेडारी में 'आँगनबाड़ी सेविका' चयन पर बवाल, 'सीडीपीओ और सुपरवाइजर' पर गंभीर आरोप" के साथ-साथ सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर वायरल ऑडियो क्लिप का संज्ञान में आते ही जिला प्रशासन ने तत्क्षण कार्रवाई की है।

प्रारंभिक जांच में पाया गया कि केरेडारी परियोजना के तहत आँगनबाड़ी केन्द्र फुसरी की सेविका श्रीमती कविता देवी ने कथित रूप से आँगनबाड़ी केन्द्र मनातू में सेविका के रिक्त पद पर चयन हेतु रिश्वत की माँग की थी। उक्त अनियमितता पर तत्काल प्रभाव से कार्यालय आदेश ज्ञापांक-1436/स०क० दिनांक 17.09.2025 जारी कर श्रीमती कविता देवी को उनके कार्य से मुक्त कर दिया गया है। साथ ही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, केरेडारी को आदेश दिया गया है कि वे फुसरी केन्द्र का कार्यभार निकटवर्ती सेविका को सौंपें।

वायरल ऑडियो एवं अन्य सभी संबंधित बिन्दुओं की जांच हेतु श्रीमती प्रतिमा कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हजारीबाग ग्रामीण सह हजारीबाग सदर (शहरी), तथा श्रीमती मनीषा गुप्ता, महिला पर्यवेक्षिका, विष्णुगढ़ को जाँच दल में नामित किया गया है। जांच दल को एक सप्ताह के अंदर सुस्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा कहा गया है कि शासन व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे सभी मामले की निष्पक्ष जाँच कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि सामाजिक न्याय और सरकारी प्रणाली की विश्वसनीयता बनी रहे।

## मुफस्सिल थाना से संदिग्ध फरार, पुलिस पर उठे सवाल- सुरक्षा व्यवस्था पर जनता ने जताई नाराजगी




नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** हजारीबाग का मुफ्फसिल थाना एक बार फिर गलत वजहों से सुर्खियों में है। हाल ही में थाना प्रभारी को इलाके में चल रहे देह व्यापार पर नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण हटाया गया था। लेकिन सुधार की उम्मीद पर पानी फेरते हुए बुधवार रात एक और शर्मनाक घटना घट गई। चोरी के मामले में पकड़ा गया संदिग्ध थाने से ही फरार हो गया और पुलिस द्वारा जब्त किया गया मोबाइल फोन भी साथ ले भागा।

जानकारी के अनुसार, बुधवार देर शाम चोरी के मामले में पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा था। इनमें एक आरोपी और एक संदिग्ध शामिल था। देर रात अचानक संदिग्ध पुलिस की लापरवाही का फायदा उठाकर भाग निकला। हैरानी की बात यह रही कि थाने में मौजूद सुरक्षाकर्मियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तुरंत तलाश शुरू हुई और कई जगह दबिश दी गई, लेकिन अब तक संदिग्ध पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस घटना ने न केवल थाने की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है, बल्कि पूरे पुलिस प्रशासन की साख को गहरी चोट पहुंचाई है।

स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि जब थाने जैसे सुरक्षित स्थान से भी अपराधी फरार हो सकते हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? लोगों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है जब मुफ्फसिल थाना विवादों में आया हो। अब देखना यह होगा कि पुलिस जल्द संदिग्ध को पकड़कर अपनी छवि बचा पाती है या यह मामला भी "जांच जारी है" की सूची में जुड़ जाएगा।

## बहुउद्देशीय भवन के केयर टेकर की संदिग्ध अवस्था में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बरही/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड परिसर स्थित बहुउद्देशीय भवन के केयर टेकर संतोष कुमार की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। शव को देखने से पता चल रहा है कि उनकी मौत दो दिन पहले ही हो गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जनकारी के मुताबिक संतोष कुमार बहुउद्देशीय भवन में केयर टेकर के तौर पर पिछले पांच वर्षों से कार्यरत थे। दो दिन छुट्टी रहने के कारण उनके बारे में जानकारी नहीं मिल पाई। जब गुरुवार को कार्यालय खुला और वे उपस्थिति बनाने नहीं आए तो उनकी खोजबीन की गई। खोजबीन के दौरान वे किचेन में गिरे पड़े मिले। उनके माथा पर चोट का निशान दिखा। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गौरतलब है कि संतोष कुमार बेहतर क्रिकेट कोच थे। अब तक सैकड़ों बच्चों बच्चियों को क्रिकेट सिखा चुके हैं। वे मृदुलभाषी व्यक्तित्व के धनी थे। लेकिन इस तरह से उनकी मौत होना संदेह पैदा कर रहा है।

## जीटी रोड महुदी में ट्रक-ट्रेलर की आमने-सामने भिड़ंत, चालक बुरी तरह घायल, सड़क की बदहाली पर भड़के लोग

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** गुरुवार को प्रखंड के जीटी रोड महुदी के समीप एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रक और ट्रेलर के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार टक्कर में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और घंटों तक वाहन में फंसा रहा। हादसे के बाद जीटी रोड पर लंबा जाम लग गया और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर (संख्या लफ39 ए 9679) बरही की ओर से आ रहा था, जबकि ट्रक (संख्या UP 63 AT 3134) चौपारण की ओर बढ़ रहा था। निमार्णाधीन और सिंगल लेन सड़क के कारण दोनों वाहनों में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें दब गया। ग्रामीणों ने चालक को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। सूचना पर चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह और बरही इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। चालक



की गंभीर स्थिति को देखते हुए गैस कटर और क्रेन मंगाई गई। घंटों मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

स्थानीय लोगों ने इस हादसे के लिए एनएचआई की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। उनका कहना है कि जीटी रोड पर जगह-जगह सिंगल लेन, अधूरा निर्माण, रूट डायवर्जन और गड्ढों की भरमार है। ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन एनएचआई के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर कितनी बड़ी घटनाओं और कितनी मौतों के बाद जीटी रोड की बदहाली दूर होगी और यात्रियों को सुरक्षित मार्ग मिलेगा।

## मेरु हजारीबाग में बीएसएफ वाइव्ज वेलफेयर एसोसिएशन का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय मेरु, हजारीबाग परिसर में बीएसएफ वाइव्ज वेलफेयर एसोसिएशन (BWWA) का स्थापना दिवस गुरुवार, 18 सितंबर 2025 को बड़े उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। यह आयोजन विद्यालय के मल्टी-यूटिलिटी हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 300 से अधिक बावा सदस्याएं शामिल हुई और कार्यक्रम का आनंद उठाया।

बावा (BWWA), जिसकी स्थापना वर्ष 1992 में हुई थी, का उद्देश्य सीमा सुरक्षा बल के जवानों एवं उनके परिवारों के कल्याण को बढ़ावा देना है। इसमें सेवारत एवं सेवानिवृत्त दोनों सदस्य शामिल होते हैं। एसोसिएशन व्यावसायिक प्रशिक्षण, विधवाओं के पुनर्वास और



अन्य कल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से निरंतर योगदान देता आ रहा है। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि श्रीमती मौसमी प्रमाणिक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनमें सीमा सुरक्षा बल की वीरांगनाओं और प्रहरी संगिनियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उनकी प्रस्तुतियों ने समारोह को जीवंत और आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वीरांगनाओं का सम्मान समारोह रहा, जिसमें उनके साहस और योगदान के लिए उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर बावा समुदाय की महिलाओं ने कल्याण और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। मनोरंजन के क्रम में संगीत, नृत्य, म्यूजिकल चेयर, तम्बोला और अन्य खेलों का आयोजन किया गया, जिससे समारोह और भी जीवंत हो उठा। विभिन्न गतिविधियों ने उत्सव के माहौल को समृद्ध बना दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों और योगदानकताओं को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में सामूहिक भोज के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल बावा की मजबूत नींव और एकजुटता का प्रमाण रहा, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी प्रकट करता है।

## डीडीसी ने बरही प्रखंड के कई योजनाओं का निरीक्षण किया, कार्य में तेजी लाने दिया निर्देश



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही, हजारीबाग।** गुरुवार को हजारीबाग डीडीसी इस्तियाक अहमद के द्वारा बरही प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने करसो एवं खोडाआहर पंचायत के कई योजनाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने करसो पंचायत अंतर्गत ग्राम डूमरडी में बबीता देवी एवं विनीता देवी के जमीन पर टीसीबी निर्माण कार्य, रविंद्र कुमार के जमीन पर आम बागवानी एवं रीता देवी का अबुआ आवास का जांच किया गया।इस दौरान उन्होंने अबुआ आवास के तहत्मनरेगा योजना में 95 दिन का मानव दिवस भुगतान पर विशेष निर्देश दिया गया साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी लोगों को समय पर मास्टर रोल का भुगतान करें एवं आवास योजना के पूर्णता पर गति लाएं। साथ ही उन्होंने करसो पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया जिसमें पंचायत सचिव एवं मुखिया के रोस्टर उपस्थिति का दीवाल लेखन नहीं होने पर नाराजगी जताई तथा एक सप्ताह के अंदर दीवाल लेखन कर सूचित करने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने प्रखंड सभागार में सभी प्रखंड कमीर्यों के साथ मनरेगा एवं आवास से संबंधित रिपोर्ट पर समीक्षा किया तथा आवश्यक निर्देश दिया। वहीं रसोइया धमना पंचायत के रोजगार सेवक का खराब प्रदर्शन करने के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी को शोकोज करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी कर्मियों को सक्त निर्देश दिया गया कि उपायुक्त महोदय द्वारा सभी योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन को लेकर गम्भीर है तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण : दो प्रतिष्ठानों से सैंपल संग्रहित किये गये

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा-शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार, रांची के निदेशांनुसार अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग डॉ० शशि जायसवाल के निदेशांनुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मु० मंजर हुसैन द्वारा आज गांधी मैदान क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में ऑनली वेज फास्टफूड, राजू साउथ इंडियन ढोसा, लक्की फास्टफूड, क्वालिटी एग ट्रेडर्स, अवधेश जनरल स्टोर, सोना एग ट्रेडर्स एवं मिक्स जनरल स्टोर शामिल रहे। सभी खाद्य कारोबारियों को एफ.एस.एस.ए.आई. लाइसेंस न रहने के कारण नोटिस निर्गत किया गया। साथ ही दो प्रतिष्ठानों से सर्वेलांस सैंपल संग्रहित किए गए।

खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों को निर्देश दिया



गया कि वे व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करें तथा उपयोग किए जाने वाले बर्तनों, सफाई हेतु कपड़ों, ठेला-खोमचा और पूरे परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान दें। इसके अतिरिक्त औद्योगिक रंगों का प्रयोग खाद्य निर्माण में नहीं करने का सख्त निर्देश दिया गया। इस निरीक्षण अभियान में फूड एंड सेनेटरी इंस्पेक्टर श्री उमेश कुमार (नगर निगम, हजारीबाग) के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम से श्री विकास शर्मा, श्री सुरज कुमार, शशि भूषण मुंडा एवं चालक धनेश्वर कुशवाह भी शामिल थे।

## नटराज सामाजिक विकास केन्द्र , झरिया के द्वारा 'एक कदम' नाटक का मंचन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**धनबाद।** आज झरिया माँ दु:ख हरिणी मन्दिर के प्रांगण में नटराज सामाजिक विकास केन्द्र के द्वारा नाटक "एक कदम " का मंचन श्रीमती किरण सिन्हा के निर्देशन में सफल मंचन किया गया। नाटक को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिली। जिसमें महिलाओं की संख्या काफी रही। नाटक के दृश्यों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी से होता सवेरा बरना जीवन एक अंधेरा, नशा नाश का कारण है का मार्मिक चित्रण किया गया दर्शकों को मनोरंजन से भरपूर हास्य एवम् संदेशात्मक संदेश दे गया। कलाकारों में श्रीमती नूतन सिन्हा , नित्या सहाय, आकाश सहाय, मुस्कान सिन्हा, धर्मवीर कुमार, क्रान कुमार, राकेश कुमार, दीपक पंडित, प्रेम कुमार, सतीश कुमार, निशांत कुमार, रिया दास, स्नेहा अयियर, राहुल दास आदि हैं ।

# विश्वकर्मा मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब विधायक व डीएसपी ने की पूजा-अर्चना

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** पाण्डेयबारा आरापगार स्थित पौराणिक एवं ऐतिहासिक विश्वकर्मा मंदिर में चैय विश्वकर्मा समाज द्वारा भव्य पूजा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिले के कई प्रखंडों से बड़ी संख्या में बढ़ई समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा।

कार्यक्रम की अगुवाई अध्यक्ष मिथलेश्वर प्रसाद राणा ने की। आमंत्रित अतिथियों में बरही विधायक मनोज कुमार यादव, डीएसपी अजीत कुमार विमल, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष विकास राणा, जेएमएम नेता बिनोद विश्वकर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सचिव डोमन राणा ने स्वागत भाषण में समाज की जागरूकता, मंदिर विकास और अन्य समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया। इस दौरान अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन बच्चू राणा ने किया। विधायक मनोज यादव ने भजन-कीर्तन में शामिल होकर समाज के कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और स्वयं भक्तिमय प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। विधायक मनोज यादव ने कहा कि पाण्डेयबारा विश्वकर्मा मंदिर चतरा, हजारीबाग और कोडरमा जिलों के लिए धरोहर है। इसके विकास और सौंदर्यीकरण के लिए वे सांसद मनीष जायसवाल के साथ मिलकर काम करेंगे।

डीएसपी अजीत कुमार विमल ने कहा कि आधुनिक तकनीकों की बढ़ोतरी देश के विकास की पहचान है। उन्होंने समाज के लोगों से अपने हुनर को और निखारने के लिए शिक्षा पर जोर देने की बात कही और भगवान विश्वकर्मा के योगदान का स्मरण कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की अहम भूमिका रही। समारोह के दौरान क्षेत्र के कई सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## छडवा डैम के समग्र विकास हेतु उपायुक्त ने किया निरीक्षण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने आज 18 सितंबर शहर के निकटवर्ती छडवा डैम का भ्रमण कर संपूर्ण परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि छडवा डैम का समग्र विकास न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक व सामाजिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगा।

उपायुक्त ने बताया कि हाल ही में सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) मद से छडवा डैम में पार्किंग स्थल, बोटिंग सुविधा, पार्क, बहुउद्देशीय भवन खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन प्रस्तावों के सफल क्रियान्वयन हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ठोस दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने डैम के चारों ओर साइकिल ट्रैक का निर्माण, परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने



सहित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ किया जाए और विकास कार्यों से संबंधित विस्तृत कार्ययोजना रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कटकमसांडी अंचलाधिकारी को उक्त क्षेत्र के समस्त भूमि प्रतिवेदन को दो दिनों में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा, 'छडवा डैम प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, यहाँ पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। समग्र विकास के बाद यह स्थान हजारीबाग के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी अलग पहचान बनाएगा।' इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री योगेंद्र प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज तिवारी, कटकमसांडी अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# रेल रोको आंदोलन को लेकर अलर्ट जारी, हॉट-स्पॉट पर विशेष निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कुर्मी समाज को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर 20 सितंबर से रेल रोको आंदोलन शुरू किए जाने की घोषणा की गई है। इस घोषणा के मद्देनजर झारखंड में अलर्ट जारी किया गया है। गुरुवार की शाम झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी ने हाई लेवल मीटिंग कर सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को कई अहम निर्देश जारी किए हैं।

**अलर्ट पर रहेगी पुलिस**

गुरुवार शाम झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में आगामी 20 सितंबर 2025 को कुड़मी समुदाय द्वारा घोषित 'रेल टोका' या 'रेल रोको' आंदोलन के मद्देनजर विधि-व्यवस्था के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उक्त आंदोलन से संबंधित सुरक्षा के मुद्दों पर आरपीएफ के वरीय अधिकारी, रेलवे के वरीय अधिकारी के साथ साथ वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ व्यापक रूप से चर्चा की गयी। डीजीपी ने बैठक में सभी पुलिस अधीक्षकों को आंदोलन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए राज्य में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



**रेल रुट वाले शहरों में विशेष सतर्कता**

डीजीपी ने विशेष रूप से हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, सरायकेला, चाईबासा, पलामू और दुमका जिलों के रेल मार्गों के संवेदनशील रेलवे स्टेशनों/क्षेत्रों/रेल लाईनों पर विशेष रूप से सतर्कता बरतने के लिए सुरक्षा उपकरणों (बॉडी प्रोटेक्टर/हेलमेट) के साथ ब्रीफ कर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने का निर्देश दिया है। स्टेशनों के आउटसाइड में सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने, एम्बुलेंस, दंगारोधी वाहन को आवश्यकतानुसार प्रतिनियुक्त करने साथ ही आंदोलन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना/जान-माल की क्षति को रोकने के लिए रेलवे पुलिस/रेलवे कर्मियों के साथ आसुचना तंत्र को मजबुत करते करने की हिदायत दी गई है। झारखंड पुलिस को आरपीएफ/जीआरपी के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर रेल और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सघन गश्ति करने तथा आंदोलन के दौरान चिन्हित नेता को डिटेन करने का निर्देश दिया गया है। डीजीपी ने जिलों के उपायुक्त से संपर्क स्थापित कर मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति करने/संवेदनशील जगहों पर बीएनएसएस की धारा 163 की कार्रवाई करवाने/बल को भीड़ लगने से पहले ही प्रतिनियुक्त करने/ट्रेनों पर पथराव न हो इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने/संवेदनशील जगहों पर बैरिकेटिंग करने/ड्रोन से निगरानी करने/बलों का आवासन एवं भोजन का प्रबंध करने का निर्देश दिया है।

**24 घंटे काम करेगा कंट्रोल रूम**

किसी भी आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए सभी रेलवे पुलिस पदाधिकारी को 24X7 कन्ट्रोल रूम कार्यरत रखने एवं सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, झारखंड को अपने स्तर से मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया है। डीजीपी की बैठक में अमोल वेणुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, रेल, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा, डॉ० माइकलराज एस, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान भौतिक रूप से एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक, आरपीएफ, ईस्टर्न रेलवे/साउथ ईस्टर्न रेलवे/ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे, सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक एवं सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक तथा डीआरएम, रांची/चक्रधरपुर/धनबाद के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति का जल्द जारी होगा विज्ञापन : जेपीएससी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** खंडपीठ ने रांची विश्वविद्यालय से पूछा कि उसने कर्मियों की नियुक्ति के लिए जेएसएससी को अधियाचना क्यों नहीं भेजा है। इस पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया। मामले की अगली सुनवाई के लिए खंडपीठ ने 25 सितंबर की तिथि निर्धारित की।




## एक नजर

### डीजल ऑटो चालक संघ ने धूमधाम से मनाया विश्वकर्मा पूजा

**मेदिनीनगर।** पलामू में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना बड़े ही भक्ति और उत्साह के साथ की गई। झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ ने भी पहली बार ऑटो स्टैंड परिसर में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर प्रदेश महासचिव राकेश कुमार सिंह, पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष आशुतोष कुमार तिवारी, और पलामू अध्यक्ष रामाकांत दुबे उपस्थित रहे। पूजा में मंटू तिवारी, ओम प्रकाश शर्मा, बिजेंद्र कुमार, अमरदीप सिंह, सीमा कुमारी, विनीता देवी, सतीश दुबे सहित सैकड़ों ऑटो चालकों ने भाग लिया। उन्होंने अपने वाहनों की पूजा कर सुरक्षित यात्रा और समृद्धि की कामना किया। इस समारोह में उमा शंकर मिश्रा जी की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मात्र 20.61 प्रतिशत लगा पौधा

**मेदिनीनगर।** पलामू के स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण में काफी पिछड़ गया है। 15 जून से शुरू हुए अभियान में अभी तक मात्र 20.61 प्रतिशत ही पौधा लगाया है। 474 स्कूलों में एक भी पौधे नहीं लगाये गए हैं। जिले में लक्ष्य के विरूद्ध 81.4 प्रतिशत स्कूलों में इको क्लब तक का गठन नहीं किया जा सका है। पलामू की उपायुक्त समीरा एस ने 13 सितंबर को मेदिनीनगर सदर प्रखंड के रजवाडीह गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक में पहुंचकर सभी को प्रोत्साहित किया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम, अभियान के क्रम में पौधारोपण भी की थी।

### बालक वर्ग में विश्रामपुर व बालिका में छतरपुर बना विजेता

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू ने जिला स्तरीय खेलो झारखंड के तहत सहोदय स्कूल शाहपुर के मैदान में अंडर-19 बालक-बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ उज्जवल मिश्रा व मनोज मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला विश्रामपुर और चैनपुर प्रखंड के बीच खेला गया। इसमें विश्रामपुर ने चैनपुर को 1-0 से पराजित किया। बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में छतरपुर प्रखंड ने सदर को 3-0 से पराजित किया। विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रामगढ़ रवाना हो गई। जिला स्तर पर विजेता टीम को रामगढ़ विद्यालय के प्राचार्य आलोक दुबे एवं पलामू ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय त्रिपाठी ने सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### एक से पांचवीं तक के चयनित शिक्षकों की काउंसिलिंग शुरू

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से चयनित कक्षा एक से पांचवीं तक के सहायक आचार्यो की काउंसिलिंग गुरुवार को प्रारंभ हो गई है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (जिला स्कूल) के प्रशाल में काउंसिलिंग कराई जा रही है। पलामू जिले में कक्षा एक से पांचवीं तक में 413 सहायक आचर्यो का चयन किया गया है। पहले दिन गुरुवार को जिला स्कूल के प्रशाल में आयोजित काउंसिलिंग में 150 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया था। दोपहर तक 90 सहायक आचार्यों की काउंसिलिंग की गई थी। कांउसिलिंग के लिए पांच टेबल बनाए लगाये गए हैं। एक टेबल में एक पटाशिकारी और एक कर्मी को लगाया गया है।

### धूमधाम से मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन बुधवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रफीगंज स्थित कारगिल गैस एजेंसी परिसर में भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी शिवदयाल प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और मिठाई बांटकर जन्मदिन का उत्सव मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू और क्षेत्रीय प्रभारी शिवदयाल प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को लेकर भाजपा ने देशभर में दो सप्ताह का सेवा पखवाड़ा शुरू किया है। इसके तहत विभिन्न राज्यों में 'नमो युवा रन', रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, पौधरोपण और धार्मिक अनुष्ठान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नेताओं ने कहा कि बिहार भाजपा राज्यभर में 50 हजार स्थानों पर प्रधानमंत्री मोदी पर आधारित लघु फिल्म दिखाएगी। साथ ही 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान और आठवें पोषण माह की भी शुरुआत की जाएगी। देशभर में पीएम मोदी की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं भी आयोजित की गई हैं।

### शिष्टमंडल ने सौंपा पांच सूत्री ज्ञापन

**औरंगाबाद (बिहार)।** महापरिवर्तन आंदोलन के तहत मंगलवार को बारुण प्रखंड में शिष्टमंडल द्वारा पांच सूत्री मांगों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रखंड संयोजक जवाहर प्रसाद के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने बीडीओ, सीओ, बीईओ, एसडीपीओ, मनरेगा, एसडीओ, बिजली विभाग समेत कई अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, छोटे-छोटे आपसी विवादों का समाधान करने, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुनिश्चित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की मांग रखी। शिष्टमंडल में राजेश कुमार रंजन, योगेन्द्र कुमार भारती, विजय कुमार चौहान, लालबाबू सिंह, धनंजय पांडेय, पप्पू भगत, राजेश गुप्ता, विनय कुमार यादव, रंजीत कुमार, नंदू यादव और हरेंद्र कुमार सिंह शामिल थे। जिला संयोजक संतोष कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि महापरिवर्तन आंदोलन का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना और बिहार को विकसित एवं अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाना है।

### दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर मखदुमपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने किया। थाना अध्यक्ष ने लोगों को शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा में जिन-जिन जगहों पर मूर्ति की स्थापना की जाएगी वहां स्थानीय लोगो को कमेटी बनाकर लाइसेंस लेना अति आवश्यक है। बिना लाइसेंस लिए यदि कोई मूर्ति की स्थापना करेंगे तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सुगम रास्ता के लिए तरस रहे सुही महादलित टोला पोखरा पर के ग्रामीण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** गांव के विकास के लिए प्रत्येक पंचायत में सरकार द्वारा करोड़ो रुपये खर्च की जा रहे है। मनरेगा, 15 वीं वित, षष्ठम वित्त सात निश्चय योजना समेत अनेक योजनाओं से ग्राम पंचायत एवं प्रखंड स्तर से विभिन्न नेताओं द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से सभी बसावटो को पक्की सड़क से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। यूं कहे तो सड़क एवं नाली गली के निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च हो रहा है। इसके अलावा स्वच्छता योजना, हर घर नल का जल सहित पर पानी की तरह पैसे बहाए जा रहे हैं। इधर हकीकत कुछ और है। आज भी कई गांव के लोग मूलभूत बुनियादी सुविधाओं का अभाव झेल रहे हैं। कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत सुही पंचायत के वार्ड नं- नौ महादलित टोला पोखरा पर के लोग आज भी विकास कार्य हे कोसो दूर है। उक्त गांव के ग्रामीणों को आने जाने के लिए न तो सड़क का निर्माण कराया गया है व न हीं नल जल योजना से पेयजल की आपूर्ति कराई गई है। ग्रामीणों के माने तो आजादी के इतने दिन बीतने के बावजूद भी वे लोग 20वीं सदी में जीने को मजबूर हैं। ग्रामीण भगवान भरोसे हैं। पोखरा पर गांव सुही से लगभग 1.3 किलोमीटर दूरी पर पूरब दिशा में महुअरी नहर के दोनो किनारे अवस्थित है। उस गांव में कोइरी, धोबी व चमार व लोहार जाति के लोग रहते है। 30-35 घर की बस्ती में 300 से ऊपर की आबादी है। गांव के जगदीश मेहता, शंभू राम, शिवशंकर बैठा, श्रीराम मिस्त्री सहित ने बताया कि सुगम संपर्क के लिए प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष कई बार गुहार लगाई पर किसी ने पहल नही की है। अब तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है।



## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन, 157 युवाओं ने किया रक्तदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर 'सेवा पखवाड़ा' के तहत भाजयुमो द्वारा राष्ट्रव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बुधवार को भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में एकदिवसीय महारक्तदान शिविर का आयोजन बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया गया। भाजयुमो जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक चले शिविर में 157 उत्साही युवाओं ने "नर सेवा-नारायण सेवा " एवं "रक्तदान-महादान " के आदर्श वाक्यों को चरितार्थ करते हुए मानवता की सेवा के लिए रक्तदान किया। इस अवसर पर सभी युवा रक्तदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा भाव से मनाया। अतिथियों ने रक्तदाताओं को भेंट, प्रशस्ति पत्र एवं पौधा प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इससे पहले पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत वरीय नेताओं ने रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने सभी रक्तदाताओं और युवा मोर्चा की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। वहीं सांसद विद्युत महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा और समर्पण अभियान में युवाओं की भागीदारी सराहनीय है। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा-पखवाड़ा अभियान के तहत भाजयुमो जमशेदपुर महानगर ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। इसमें युवाओं की अच्छी भागीदारी रही। भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने कहा कि रक्तदान महादान है। शिविर में भाजपा प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, चंद्रशेखर मिश्रा, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, बिनोद सिंह, दिनेश कुमार, मीरा मुंडा, डॉ राजीव, मनोज सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## 15 हजार निर्माण श्रमिकों को वार्षिक वस्त्र सहायता राशि का अंतरण

**सीएम ने 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' के वेब पोर्टल का भी किया शुभारंभ, सरकार अंतिम पायदान के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत 16,04,929 निबंधित निर्माण श्रमिकों के खातों में वार्षिक वस्त्र सहायता योजना अंतर्गत उत्क्रमित सहायता राशि 5,000 प्रति श्रमिक की दर से कुल 802 करोड़ 46 लाख 45 हजार रुपये का अंतरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना' के वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। बिहार आज विकास के नए आयाम छू रहा है, जिसमें हमारे श्रमिक भाई-बहनों का अमूल्य योगदान है। मुख्यमंत्री ने श्रम संसाधन विभाग को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए सभी श्रमिकों का निबंधन कर उन्हें इस योजना का लाभ दिलाया जाए। इस दौरान ग्राम प्लेक्स भवन, जहानाबाद से जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के नेतृत्व में जिले के 46,400 निबंधित श्रमिकों में से अगस्त 2024 के बाद नवीकृत 15,452 श्रमिकों के खातों में 5,000 प्रति श्रमिक की दर से कुल 7 करोड़ 72 लाख 60 हजार रुपये का अंतरण किया गया। इसमें रतनी फरीदपुर प्रखंड से 2075, काको से 2344, जहानाबाद सदर से 2035, मोदनगंज से 909, मखदुमपुर से 3746, हुलासगंज से 1298, घोसी से 1907 तथा नगर परिषद क्षेत्र से 831 श्रमिक सम्मिलित रहे। इस अवसर पर श्रमिकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्रीजी का यह सराहनीय कदम है जिसमें उन्हें साल में एक बार नया वस्त्र पहनने का अवसर देता है तथा निबंधन से बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ भी मिल रहा है। जिला पदाधिकारी ने सभी निबंधित श्रमिकों/कामगारों से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाकर अपने परिवार व बच्चों के भविष्य को संवारें।



## 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का सांसद ने किया उदघाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का उदघाटन नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने सदर अस्पताल बिहारशरीफ में किया। इस अवसर पर वेबकास्टिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी देखा सुना गया। कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सांसद श्री कुमार ने फीता काटकर किया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और लाभ प्राप्त किया। अभियान के अंतर्गत नालंदा जिले में कुल 349 कैंप आयोजित किए गए, जिनसे 7543 लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। इस अवसर पर सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अस्पताल उपाधीक्षक, प्रबंधक, चिकित्सा पदाधिकारी समेत कई अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद रहे।




## सांसद की पहल : लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस का राजगीर तक किया विस्तार

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** सांसद कौशलेन्द्र कुमार की पहल पर पटना–लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस 13201/13202 का विस्तार अब राजगीर तक कर दिया गया है। यह ट्रेन अब राजगीर–लोकमान्य तिलक–राजगीर के बीच नियमित रूप से चलेगी। सांसद ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से लगातार आग्रह किया था कि बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी और अन्य श्रद्धालु मुंबई से पावापुरी और कुण्डलपुर भगवान महावीर की जन्मस्थली दर्शन हेतु आते हैं। लेकिन ट्रेन की सुविधा पटना तक सीमित रहने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सांसद ने कहा कि ट्रेन विस्तार से यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी और रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। रेलमंत्री ने उनकी मांग को स्वीकारते हुए राजगीर–लोकमान्य तिलक–राजगीर के बीच नियमित रूप से चलाने का निर्देश जारी कर दिए है।



## आई केयर हॉस्पिटल के आधुनिक मशीन का सांसद ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तरैया (सारण)।** प्रखंड के तरैया-अमनौर एसएच-104 मुख्य सड़क के किनारे स्थित रामकी आई केयर हॉस्पिटल में लगाए गए आधुनिक मशीन का बुधवार को महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान सांसद ने रामकी आई केयर के चिकित्सक टीम व अन्य गण्यमान्य लोगों को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिग्रीवाल ने कहा कि आज 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा है और आज ही के दिन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। इस अवसर पर रामकी आई केयर हॉस्पिटल में अधिकरण मशीन लगाया गया और लोगों को सुपुर्द किया गया यह बहुत ही अद्भुत पल है। सांसद ने कहा कि अब तरैया जैसे छोटे शहर में भी आधुनिक मशीन से मरीजों का सही से जांच होगा और उसे इलाज भी संभव होगा।

**आद्रा मंडल के तहत विज्ञापन और पार्किंग के लिए ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए आद्रा मंडल के कई स्टेशनों के लिए विज्ञापन और पार्किंग अनुबंध हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: ● **कैटेगरी: विज्ञापन, ऑक्शन कैटलॉग संख्या: एडीवीटी74, लॉट संख्या/कैटेगरी:** एडीवीटी-आद्रा-वीएसयू-ओएच-17-25-2 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम), एडीवीटी-आद्रा-सीएनआई-ओएच-5-22-1 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम), एडीवीटी-आद्रा-बीकेएससी-ओएसडी-129-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)), एडीवीटी-आद्रा-जेपीएच-ओएसएन-130-25-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), एडीवीटी-आद्रा-जीबीए-ओएसएन-122-25-2 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), एडीवीटी-आद्रा-सीजेएन-ओएसएन-131-25-2 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), **नीलामी शुरू (सभी लॉट) :** 25.09.2025 को 12.00 बजे। **नीलामी समाप्ति की तिथि/समय :** 25.09.2025 को 13.20 बजे। ● **कैटेगरी : पार्किंग, ऑक्शन कैटलॉग संख्या: पार्क 84, लॉट संख्या/कैटेगरी:** पार्किंग-आद्रा-एसएलबी-एमएक्स-60-25-1 (पार्किंग - मिक्स्ड), **नीलामी शुरू (सभी लॉट) :** 03.10.2025 को 12.00 बजे। **नीलामी समाप्ति की तिथि/समय:** 03.10.2025 को 12.30 बजे। **ऑक्शन कैटलॉग संख्या: पार्क 85, लॉट संख्या/कैटेगरी :** पार्किंग-आद्रा-आरकेआई-टीडब्ल्यू-66-25-1 (पार्किंग - टू व्हीलर), **नीलामी शुरू (सभी लॉट) :** 06.10.2025 को 12.00 बजे। **नीलामी समाप्ति की तिथि/समय:** 06.10.2025 को 12.30 बजे। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल देखें। किसी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-637) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा प्रणाली के लिए संक्षिप्त निविदा सूचना सं. 02एचडब्ल्यूएचसीओएन॥ ऑफ 2025-26 (निविदा सं. 02एचडब्ल्यूएचसीओएन॥ ऑफ 2025-26), (दो पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक 16.09.2025,** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/II/पूर्व रेलवे/हावड़ा, 371, तेलकल घाट, हावड़ा-711101 के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव रखने वाले वित्तीय एवं अपेक्षित साधन सम्पन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से ई-निविदा प्रणाली के लिए खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** "तारकेश्वर-बिष्णुपुर नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में गोघाट-कामारपुकुर के बीच भाबादिघी में वायाडक्ट नं. 193 (10 x 24.40 मीटर कम्पोजिट गर्डर) का निर्माण"। **अनुमानित मूल्य:** रु. 51,06,49,963.63, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 27,03,300/-, **समापन अवधि:** 09 (नौ) माह। **खुलने की तिथि:** दिनांक 16.10.2025, निविदा सूचना, कागजात एवं समय-समय पर जारी संशोधनी के साथ अपेक्षित पात्रता मानदंड इत्यादि का विवरण वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई भी मैनुअल प्रस्ताव यदि प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं सरसरी तौर पर रद्द कर दिया जाएगा।

CON-39/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ/एसी/टी/97 से 100/25-26 (खुली), दिनांक 16.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या: 1, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-97-25-26, **कार्य का नाम:** सीतारामपुर-झाझा शाखा में लाइन क्षमता को बढ़ाने हेतु 06 आईबीपी के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 3,76,22,890.39, **बयाना राशि :** रु. 3,38,100/-, **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 08 माह। **क्रम संख्या:2, केस संख्या:** ओ-एसी-टी-98-25-26, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के तहत 24 अदद ट्रैक मशीन साइडिंग के संबंध में पी-वे कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,69,88,823.80, **बयाना राशि :** रु. 2,84,900/-, **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 09 माह। **क्रम संख्या: 3, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-99-25-26, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के तहत (i) मोहनपुर-हंसडीहा शाखा के बीच सर्वधाम, (ii) देवघर-मोहनपुर-हंसडीहा शाखा के बीच त्रिकुट पर्वत और (iii) देवघर-मोहनपुर शाखा के बीच महेशमारा पर नए हॉल्ट स्टेशन के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,72,79,088.66, **बयाना राशि :** रु. 4,86,400/-, **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 09 माह। **क्रम संख्या:4, केस संख्या:** ओ-एसी-टी-100-25-26, **कार्य का नाम:** सीतारामपुर-झाझा शाखा में डीएलबीआई के स्थान पर एसएसबीपीएसी (डी) के प्रावधान और मधुपुर में एक्सीलेंस सेंटर के प्रावधान के लिए खुली निविदा।। **निविदा मूल्य :** रु. 1,58,36,918.78, **बयाना राशि :** रु. 2,29,200/-, **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 12 माह। **निविदाओं के बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 13.10.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-186/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# कई देशों के लोगों ने अपने-अपने पितरों का किया पिण्डदान

## विदेशियों ने की सनातन धर्म एवं परम्परा की सराहना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में पखवाड़े भर चलने वाला पितृपक्ष मेला अपने समापन की ओर है। इस दौरान न केवल देशभर से बल्कि विदेशों से भी पिंडदानी यहां पहुंचकर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान कर रहे हैं।

रूस, यूक्रेन और स्पेन से आए करीब दो दर्जन विदेशी पिंडदानियों ने सीता कुंड में पूरे विधि-विधान के साथ पिंडदान किया। इन विदेशी पिंडदानी को बनारस भ्रमण के दौरान एक आश्रम में पितृपक्ष मेला और पिंडदान की महत्ता की जानकारी मिली थी। इसके बाद इन्होंने गूगल पर विस्तृत जानकारी हासिल की और स्वयं भी इस



अनुष्ठान में भाग लेने का निर्णय लिया।

आश्रम से जुड़े लोगों ने गयाजी के पितृ कल्याण सेवा शिविर से संपर्क किया, जिसके बाद आचार्य माघव (मुन्ना जी) और आचार्य अभिनव शंकर की अगुवाई में विधिवत पिंडदान संपन्न कराया गया। सभी विदेशी पिंडदानी शाकाहारी थे और भगवान शिव में विशेष आस्था रखते हैं। वे रुद्राक्ष की माला धारण किए हुए थे।

अनुष्ठान के दौरान दुग्धाभाषिक की मदद से मंत्रोच्चारण कराया गया। पिंडदान करने वालों में दियाना, एवगेनिया, ओलगा, अलेक्सी, वेलेन्टीना और सोफिया शामिल थीं। इन्होंने कर्मकांड के बाद कहा कि उन्हें भीतर से गहरी शांति और सुकून का अनुभव हुआ।

श्रद्धालुओं ने भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की जमकर सराहना की।

उन्होंने कहा कि अपने देश लौटकर वे न केवल पितृपक्ष की महिमा बताएंगे, बल्कि अन्य लोगों को भी गयाजी आकर पिंडदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

## राजस्व कर्मचारी को निगरानी ने दबोचा

**मुजफ्फरपुर।** जिले के साहेबगंज नगर परिषद वार्ड 20 में वैद्यनाथपुर स्थित पंचायत भवन पर लगे राजस्व कैंप में विजलेंस टीम ने 20 हजार रुपये रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी रवि कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

बताया गया कि विजलेंस की टीम को सोमवार को रिश्वत मांगने की लिखित शिकायत मिली थी। इसके बाद मंगलवार को इसकी जांच की गई। इसमें आरोप सही पाया गया। इसके बाद कार्रवाई की गई।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि विशेष निगरानी की पटना इकाई की ओर से साहेबगंज अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी रवि कुमार को 20, 000 रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है।

पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत पीपरा थाना के गौरे गांव निवासी नवीन कुमार सिंह ने इनके खिलाफ आवेदन दिया था। जिसमें दाखिल खारिज के लिए रिश्वत मांगने की बात कही थी। निगरानी ने पहले मामले को सत्यापित कराया।

इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक लव कुमार के नेतृत्व में निगरानी की टीम ने धावा दल का गठन किया। जिसने रवि कुमार को रंगे हाथ पकड़ लिया।

# हवन की चिंगारी से फर्नीचर की दुकान में लगी आग

## चार दमकल की गाड़ियों ने मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र का पॉश इलाका बड़ी पहाड़ी मोहल्ला में बुधवार की देर रात असम फर्नीचर की दुकान में भीषण आग लगने से तकरीबन 30 से 35 लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। आग की लपटें इतनी तेजी से फैली कि बगल में स्थित एसबीआई बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र और एक कार चपेट में आ गए। आग की लपटें और धुएं का गुब्बार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घर छोड़कर सड़क पर निकल आए।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक दुकान के अंदर रखी एक कार



जलकर खाक हो गई और गैस सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका भी हुआ। आग की इस घटना में करीब 30 से 35 लाख रुपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

दुकान संचालक संतोष कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा के बाद दुकान में हवन हुआ था। उसके बाद वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। धुआं और आग की लपटें उठता देख आसपास के लोगों ने उन्हें जानकारी दी। आशंका जताई जा रही है कि हवन की चिंगारी से ही आग भड़की और धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया।

स्थानीय निवासी सत्येंद्र पासवान ने बताया कि आग इतनी भयावह थी कि लोग मिलकर भी उसे काबू नहीं कर सके। बाद में दमकल की टीम ने आकर स्थिति नियंत्रित की।

थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थीं। दुकानदार द्वारा आवेदन दिया गया है जिसमें 30 से 35 लाख रुपये के समान जलने की जानकारी दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सब्जी विक्रेता की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** जिले के काको थाना क्षेत्र के काको बाजार में महज 5 रुपए को लेकर हुए विवाद ने एक सब्जी विक्रेता की जान ले ली। मृतक की पहचान पखनपुरा गांव निवासी मो. मोसिन के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, नगर पंचायत के चुंगी वसूलने वाले ठेकेदार विक्की पटेल ने सब्जी विक्रेता से 20 रुपये की मांग की। मोसिन ने 15 रुपये देने की बात कही और बाकी 5 रुपये सब्जी बेचने के बाद देने का आश्वासन दिया। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया।

विवाद के दौरान ठेकेदार ने सब्जी तौलने वाले बटखारे से मोसिन के सीने पर जोरदार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से मोसिन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के गवाह मृतक का 10 वर्षीय पोता मो. शमशाद भी था।

हत्या से गुस्साए स्थानीय लोगों ने शव को एनएच-33 पर रखकर सड़क जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान घंटों यातायात बाधित रहा और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति बिगड़ती देख घोषी और जहानाबाद के एसडीपीओ व एसडीओ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। समझाइश के बाद जाम हटवाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

एसपी रौशन कुमार ने बताया कि अगरेर गांव में राजू भगत के मकान में किराए पर रह रहे 48 वर्षीय बेचन चौधरी एवं 19 वर्षीय विशाल कुमार की जहरीला पदार्थ खाने के कारण मृत्यु हुई है, जबकि बेचन चौधरी का छोटा बेटा विकाश कुमार (14 वर्ष) सदर अस्पताल में इलाजरत है। उन्होंने कहा कि परिवार की बहु पर जहरीला पदार्थ मिलाकर खाना बनाने का आरोप है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

## नाबालिग को चोर समझ लोगों ने धूना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव में ग्रामीणों ने एक 16 वर्षीय नाबालिग को चोर समझकर पूरी रात बेरहमी से पीटा। घटना के बाद ग्रामीणों ने किशोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने घायल किशोर को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया। घायल किशोर की पहचान भैरोपुर निवासी अमोद पासवान के 16 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रोहित की मानसिक स्थिति पिछले तीन साल से ठीक नहीं है। बीती रात वह पेशाब करने के लिए घर से बाहर निकला, लेकिन अपनी दिमागी स्थिति के कारण भटक गया और घर लौटने के बजाय गांव में ही घूमने लगा।

इसी दौरान भैरोपुर गांव के कुछ लोगों की नजर रोहित पर पड़ी। उन्हें शक हुआ और उन्होंने रोहित को पकड़कर चोर समझकर पीट दिया। इलाज के बाद पुलिस ने किशोर को उसके परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बिदुपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# फर्जी सर्टिफिकेट तैयार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश



▸ गिरोह के कई राज्यों से जुड़े हैं तार ▸ महज पांच सौ रुपये में देता है सर्टिफिकेट ▸ तीन लैपटॉप, सात प्रिंटर सहित नकदी बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** बड़े पैमाने पर फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर बेचने वाले अंतरजिला गिरोह का साइबर थाने की पुलिस टीम पदार्फाश करने में सफलता पाई है। साइबर थाने की पुलिस टीम ने गिरोह के सरगना समेत गिरोह के छह शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। चंद्रलोक कॉम्प्लेक्स के सोनू साइबर कैफे में कंप्यूटर- स्कैनर से किसी भी शैक्षणिक संस्था से जुड़े सर्टिफिकेट को कंप्यूटर-स्कैनर से हेराफेरी कर तैयार कर बेचने की जानकारी एसएसपी हृदय कांत को मिली थी। उक्त सूचना पर एसएसपी ने साइबर थाने के डीएसपी थानाध्यक्ष कनिष्क श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक टीम गठित कर दी। उक्त टीम ने सूझबूझ से काम लेते हुए अपनी तकनीकी टीम के ही चुनिंदा सदस्यों को सर्टिफिकेट का इच्छुक छात्र बना सर्टिफिकेट लेने भेजा। सोनू साइबर कैफे में बैठे शातिर ने 25 मिनट में सर्टिफिकेट तैयार कर दे दिया।

सर्टिफिकेट के एवज में पांच सौ रुपये लिए। सादे लिबास में पहले से घात लगाए टीम के सदस्यों ने जैसे ही सर्टिफिकेट देने और पांच सौ रुपये लेने की कवायद इच्छुक छात्र बने पुलिसकर्मी और साइबर कैफे में बैठे शातिर ने पूरी की, टीम के सदस्यों ने शातिर को दबोच लिया। उस दौरान कैफे के अंदर मौजूद पांच अन्य सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम ने सभी छह आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए कैफे में मौजूद छह सीपीयू, तीन लैपटाप, सात मानीटर और नकद 40700 रुपये जब्त कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों में बबरगंज थानाक्षेत्र के हुसैनाबाद निवासी सरगना मुहम्मद शाहनवाज उर्फ सोनू, हबीबपुर थानाक्षेत्र के चमेली चक निवासी मुहम्मद अकरम, बांका जिले के अमरपुर औरई गांव निवासी मनोहर मंडल, हबीबपुर के शाहजंगी निवासी मुहम्मद अमरुद्दीन, हबीबपुर के ही मोहिबअली चक निवासी मुहम्मद अमन और इशाकचक थानाक्षेत्र के इशाकचक निवासी मुहम्मद आफरीद शामिल हैं। छापेमारी करने वाली टीम में डीएसपी कनिष्क श्रीवास्तव के अलावा दारोगा शिव कुमार सुमन, इंस्पेक्टर राकेश कुमार, दारोगा, प्रशांत कुमार, अमित कुमार, संतोष कुमार, ऋतु कुमारी के अलावा कांस्टेबल मुहम्मद आसिफ, अशोक कुमार, सुभाष कुमार, विपिन कुमार, ओम कुमार और रवि कुमार शामिल थे।

फर्जी सर्टिफिकेट तैयार कर उसे बेचने वाले गिरोह के सरगना शाहनवाज हुसैन उर्फ सोनू के तार दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम बंगला, उत्तर प्रदेश और झारखंड से जुड़े हैं। आठवीं कक्षा से स्नातक, स्नातकोत्तर, एनसीसी सर्टिफिकेट, संस्कृत शिक्षा, हिंदी साहित्य के अलावा, बी-एड, नर्सिंग के अलावा चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े बीएचएमस,डीएचएमएस का सर्टिफिकेट तैयार कर बेचने में गिरोह की संलिप्तता प्रारंभिक जांच में सामने आई है।

मेरठ, अलीगढ़, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, रामपुर, जमशेदपुर, धनबाद, सीमांचल के जिलों से गिरोह का संपर्क वहां के स्थानीय एजेंटों के बूते था। जिन एजेंटों के डिमांड पर यहां से भागलपुर की साइबर थाने की पुलिस टीम ने गिरोह के सरगना समेत उसके सहयोगियों को दबोचने को सर्टिफिकेट बनाने को इच्छुक छात्र बना कर तकनीकी टीम को भेजा।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य रिश्वत लेते गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोहनियां।** निगरानी विभाग पटना की टीम ने गुरुवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के मछनहटा गांव के समीप अवस्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार को एक अतिथि शिक्षक से 60 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

वे कॉलेज में कार्यरत अतिथि शिक्षक के छह माह के लंबित वेतन भुगतान करने के एवज में 60 हजार रुपये की मांग किए थे। शिक्षक ने इसकी शिकायत निगरानी विभाग पटना कार्यालय में की थी।

मामले के सत्यापन के बाद यह वरीय अधिकारियों के निर्देश पर निगरानी विभाग के पुलिस उपाधीक्षक विप्लव कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें दस अधिकारियों को शामिल किया गया था।

गुरुवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज में पहुंची टीम ने कार्यालय कक्ष में बैठे प्राचार्य डॉ. अजय कुमार को अतिथि शिक्षक से 60 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया। पुलिस उपाधीक्षक विप्लव कुमार ने बताया कि एनएच 30 मोहनियां आरा पथ के बगल में मछनहटा गांव के समीप अवस्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में एक अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं।

जिनका मार्च माह से अगस्त माह तक का वेतन भुगतान नहीं हुआ है। शिक्षक ने वेतन भुगतान कराने की बात कही तो इसके एवज में कॉलेज के प्राचार्य द्वारा 60 हजार रुपये की मांग की गई। शिक्षक ने निगरानी विभाग कार्यालय पटना में प्राचार्य के खिलाफ शिकायत की। मामले का सत्यापन कराया गया।

इसके बाद कांड संख्या 82/2025 दर्ज किया गया। उनके नेतृत्व में निगरानी विभाग की टीम गुरुवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज में पहुंची। अपने कार्यालय कक्ष में बैठे प्राचार्य को जैसे ही शिक्षक ने केमिकल लगे नोटों की गड्डी थमाया तभी उन्हें रंगेहाथ दबोच लिया गया। घूसखोर प्राचार्य से पूछताछ जारी है।

निगरानी विभाग की टीम उनको लेकर पटना रवाना हो गई। ज्ञात हो को मोहनियां का एकमात्र राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार की कार्यशीली बराबर सवालों के घेरे में रही है। छात्रों के साथ साथ शिक्षकों व कर्मियों से भी उनका व्यवहार अच्छा नहीं था। पिछले साल प्राचार्य की कार्यशैली से क्षुब्ध होकर छात्रों ने जमकर हंगामा किया था।

विवाद बढ़ते देख मोहनियां के तत्कालीन एसडीएम राकेश कुमार सिंह पहुंचे थे।

तब उन्होंने छात्रों की समस्याओं को सुनने के बाद प्राचार्य को फटकार लगाई थी। कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी थी। लेकिन उनके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## अब जल्द दौड़ेंगी ट्रेनें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** गत 22 वर्षों से निमार्णाधीन शेखपुरा-बरबीघा-बिहारशरीफ रेलवे लाइन पर अब ट्रेनों के परिचालन का समय आ गया है। 20 सितंबर को इस नई रेल लाइन का निरीक्षण रेलवे संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) करेंगे और उनकी हरी झंडी मिली तो 21 सितंबर से इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। शेखपुरा के स्टेशन प्रबंधक भागवत रविदास ने बताया कि रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के कार्यक्रम की लिखित सूचना आ गई है। रेलवे के स्थानीय सूत्र ने बताया कि रेलवे संरक्षा आयुक्त 20 सितंबर को विशेष ट्रेन से शेखपुरा आएंगे तथा बरबीघा तक रेलवे लाइन की जांच करेंगे। उनकी अनुमति मिली तो 21 से ही शेखपुरा से दानापुर के बीच सवारी रेलगाड़ी शुरू होने की संभावना है। यह प्रस्तावित ट्रेन सुबह में शेखपुरा जंक्शन से खुलकर बरबीघा, अस्थावां, बिहारशरीफ होते हुए दानियावां के रास्ते सीधे दानापुर तक जाएगी। दानापुर जाने में यह रेल फतुहा तथा पटना को बाइपास करके नई रेललाइन से सीधे दानापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन सुबह में शेखपुरा से प्रस्थान कर दोपहर से पहले दानापुर पहुंचेगी तथा शाम में दानापुर से शेखपुरा के लिए रवाना होगी।

# रिंग बांध निर्माण की मांग को लेकर धरना पर बैठे हजारों ग्रामीण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** सोनपुर प्रखंड की सबलपुर सहित सात पंचायतों के हजारों लोगों ने गुरुवार को रिंग बांध निर्माण की मांग को लेकर सोनपुर अनुमंडल मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया।

अनुमंडल कार्यालय कैंपस में वर्षा का पानी जमा होने की वजह से प्रखंड सह अंचल कार्यालय कैंपस में धरना दिया गया।

रिंग बांध बनाओ संघर्ष समिति, सोनपुर के बैनर तले आयोजित इस धरना-प्रदर्शन में लोगों ने बाढ़ व कटाव से बचाव के लिए रिंग बांध का निर्माण कराने की मांग की। साथ ही विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों को सबक सिखाने का भी संकल्प लिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने रिंग बांध के लिए पटना से लेकर जरूरत पड़ी तो दिल्ली के जंतर-मंतर तक धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।



धरना सभा को संबोधित करते हुए मिति के कार्यकारी अध्यक्ष अमोद गोप ने कहा कि रिंग बांध निर्माण के लिए 84 करोड़ रुपए आवंटन से संबंधित समाचार को भ्रामक बताते हुए, इससे बचने की सलाह दी। कहा कि इस तरह का कोई संदेश विभागीय या अधिकृत तौर पर रिंग बांध बनाओ संघर्ष समिति को नहीं मिला है।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि गंगाजल पंचायत, शाहपुर पंचायत, राहर दियारा-नजरमीरा पंचायत एवं सबलपुर की चारों पंचायतों की सवा तीन लाख की आबादी और 35 हजार घरों की सुरक्षा, रेलवे की जमीन, स्कूल, अस्पताल भवन आदि को कटाव से बचाने के लिए रिंग बांध निर्माण की मांग को जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया धर्मेंद्र राय ने की, जबकि संचालन

### सात पंचायतों के लोग हुए शामिल

कार्यकारी अध्यक्ष अमोद गोप ने किया।

धरना सभा को किसान नेता ब्रज किशोर शर्मा, जेपी सेनानी धर्मनाथ शर्मा, वामपंथी चिंतक जय प्रकाश, शत्रुघ्न शर्मा, पूर्व मुखिया दीपक शर्मा, गन्नी नाथ राय, महेश कुमार यादव, विजय साह सरपंच, पूर्व उप प्रमुख संजय सिंह, दिलीप शर्मा सरपंच, दया शंकर राय, मुस्तफा, पंकज राय, उत्तरी पंचायत के मुखिया त्रिभुवन राय, मध्यवर्ती पंचायत के मुखिया दिनेश राय, विनोद सिंह, ललन शर्मा, भाकपा नेता डॉ. नागेंद्र राय, सांसद प्रतिनिधि राजीव कुमार मुनमुन, रवि राय, पछियारी पंचायत के मुखिया आदि संबोधित किया।

# वज्रपात से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना क्षेत्र के गीजना गांव में बुधवार की देर शाम मवेशी चराने के दौरान वज्रपात से 25 वर्षीय सूरज कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वह नरेश यादव का पुत्र था। मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम पसर गया और परिजनों में कोहराम मच गया।

सूरज कुमार गांव के पूर्व में स्थित पुनपुन नदी के तट पर गाय चरा रहा था, तभी अचानक तेज बारिश हुई और वज्रपात की चपेट में आ गया, जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। सूचना मिलते ही जम्होर थाना अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया। मृतक सूरज कुमार अविवाहित था और अपने तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था।

उसके पिता नरेश यादव मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। मां कसीदा देवी को जैसे ही अपने पुत्र की मौत की खबर मिली, वह दहाड़ मारकर रोने लगीं। गांव के लोगों ने परिजनों को सांत्वना दी और कहा कि विपत्ति के समय धैर्य रखना चाहिए।

गांव के सरपंच राजाराम राम, मुखिया दिनेश राम, स्वच्छता पर्यवेक्षक ज्ञान प्रकाश, वार्ड सदस्य रामाश्रय यादव और ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत के तहत सहायता राशि और मुआवजा दिया जाए, क्योंकि मृतक अत्यंत गरीब परिवार से था।

## एक ही रात तीन दुकानों में चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिंघिया।** थाना क्षेत्र के बारा चौक पर मंगलवार की रात दो ज्वेलरी और एक जनरल स्टोर में चोरों ने शटर काटकर और लॉकर तोड़कर लाखों के सोना चांदी के जेवर सहित नकदी और महंगे सामान की चोरी कर ली। सभी दुकानदार रात अपनी दुकान बंद कर अपने आवास चले गए थे। सुबह दुकान का शटर टूटा देखते देख लोगों ने सूचना दी। बताया गया कि इन तीनों दुकान में करीब 7 लाख से अधिक की सोने चांदी की जेवर और नगदी चोरी कर ली गई है।

# स्मैकरों के तेजाब हमले में एक ही परिवार के नौ लोग जख्मी

## स्मैक पीने से मना करने पर हुआ विवाद, चार हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** आरएस थाना क्षेत्र के धामा पंचायत की मटियारी वार्ड संख्या एक में स्मैक पीने से मना करने पर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें स्मैकरों ने एक पक्ष के लोगों पर तेजाब फेंक दिया। जिसमें एक ही परिवार के नौ लोग जख्मी हो गए।

घटना के सभी जख्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घटना बुधवार रात्रि नौ बजे की है। जख्मियों में पंकज यादव (31), कुमोद यादव (45), सिन्टू कुमार यादव (35), दीपक यादव(35), प्रेम सागर (24), नवीन कुमार यादव (28), रंजीत (38), मुन्ना (16) और चंचला देवी(48) शामिल हैं। इनमें पंकज यादव, कुमोद यादव और सिंटू यादव का फिलहाल सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

वहीं अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया है। चंचला देवी के दाहिने आंख में एसिड पड़ा है, कुमोद यादव को चेहरे पर तो सिंटू यादव को शरीर पर तेजाब पड़ा है। घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ सुशील कुमार और आरएस थानाध्यक्ष अंकुर कुमार सदल बल पहुंचकर घटना की जांच की और चार लोगों को हिरासत में लिया।

घटना को लेकर जख्मी रंजीत ने आरएस थाना में आवेदन देकर चार लोगों को आरोपित किया है। इनमें सुरेंद्र साह, महेश साह, डब्लू साह और अमेरिका देवी के अलावा चार अन्य शामिल हैं।

घटना को लेकर आंशिक रूप से जख्मी शिवनारायण यादव (55) ने बताया कि गांव के सुरेन्द्र साह का पुत्र महेश साह अपने दोस्त प्रभु साह, कन्हैया व गुड्डू के साथ मिलकर उनके कामत पर बैठकर स्मैक पी रहा था।

तभी उनका भतीजा रंजीत उन लोगों को वहां स्मैक पीने से मना किया। जिसपर दोनों के बीच मामूली कहासुनी हुई और दोनों उस जगह से चले गए। थोड़ी देर बाद मेरा नाती सोनू कुमार साइकिल से महेश की घर की ओर से अपने घर आ रहा था, तभी महेश उसे रास्ते में रोककर लाठी डंडे से पिटाई करने लगा और साइकिल को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

सोनू की चिखने चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के ही कुछ बच्चे घर आकर इसकी सूचना हम लोगों को दी। जिस पर घर के लोग महेश के घर के समीप पहुंचे। लोगों को आता देख महेश अपने घर का ग्रिल बंद कर छत के ऊपर चढ़कर घर में रखा तेजाब लेकर पिता सुरेन्द्र साह, मां अमेरिका देवी, बहन रोनी कुमारी, पत्नी माही देवी व छोटे भाई डब्लू साह के साथ मिलकर ग्लास से फेंकने लगा।

जिससे पंकज यादव (31), कुमोद यादव(45), सिन्टू कुमार यादव (35), दीपक यादव(35), प्रेम सागर(24), नवीन कुमार यादव(28), रंजीत (38), मुन्ना(16) और चंचला देवी शामिल हैं। एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस घटना स्थल पर गई थी। घायलों का इलाज चल रहा है। चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# डीडीसी ने किया रोजगार सेवक का अनुबंध रद्द

## डिजिटल माध्यम से कमीशन वसूलने का है आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** आखिरकार जमुई जिले के खैरा प्रखंड के झुंडो ग्राम पंचायत के तत्कालीन रोजगार सेवक सुनील कुमार सुमन पर बुधवार को कार्रवाई की गाज गिर गई। उप विकास आयुक्त सुभाष चंद्र मंडल ने बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी तथा मनरेगा की नियमावली का हवाला देते हुए रोजगार सेवक का अनुबंध रद कर दिया है। उप विकास आयुक्त के निर्णय के खिलाफ उसे 30 दिनों के भीतर जिला पदाधिकारी के न्यायालय में अपील दायर करना होगा।

रोजगार सेवक सुमन पर आरोप डिजिटल माध्यम से कमीशन वसूलने तथा धरातल पर योजनाओं के क्रियान्वयन के बगैर ही राशि निकाल लेने का है। इस संदर्भ में दैनिक जागरण ने प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की थी। उन्हीं खबरों का हवाला देते हुए उप विकास आयुक्त ने कार्रवाई की है। रोजगार सेवक के खिलाफ उक्त कार्रवाई के पश्चात जिले भर में मनरेगा कर्मियों खासकर रोजगार सेवकों के बीच हड़कंप मच गया है।

झुंडो पंचायत की योजनाओं की गड़बड़ी के मामले में सिर्फ रोजगार सेवक पर कार्रवाई हुई है। इसको लेकर कई तरह की चर्चाएं भी होने लगी है। वहां जलेबिया तालाब, काली मंदिर तालाब सहित अन्य कई योजनाओं में बगैर काम किए राशि निकाले जाने की शिकायत थी। शिकायत से संबंधित खबरें भी प्रकाशित हुई।

प्रकाशित खबर के आलोक में कार्यक्रम पदाधिकारी से लेकर कनीय अभियंता, पंचायत तकनीकी सहायक सहित अन्य के विरुद्ध स्पष्टीकरण का नोटिस जारी भी हुआ लेकिन उन अन्य कर्मियों, अधिकारियों व अभियंताओं के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हो पाई है।

# प्रत्याशी चयन के लिए बिहार कांग्रेस चुनाव समिति ने सर्वसम्मति से आलाकमान को किया अधिकृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में नवगठित बिहार प्रदेश चुनाव समिति की विस्तृत बैठक में मुख्य रूप से तीन बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। सर्व प्रथम प्रत्याशी चयन प्रक्रिया के सभी सदस्यों ने विस्तृत रूप से अपनी-अपनी राय रखी और सबने अपनी राय में आलाकमान को प्रत्याशी चयन को अधिकृत करने की बात कहीं। तत्पश्चात बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने सबों को प्रत्याशी चयन प्रक्रिया को अधिकृत करने के लिए हाथ उठाकर समर्थन करने को कहा। उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने दोनों हाथ उठाकर इस प्रस्ताव का समर्थन किया। बैठक में 24 सितम्बर को अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक पर विस्तृत चर्चा हुई। आजादी के बाद बिहार में पहली बार सी डब्लू सी की बैठक होगी। इस पर सभी लोगों ने अपनी-अपनी राय रखीं और सभी लोग इस सी.डब्लू.सी. की विस्तारित बैठक को लेकर काफी उत्साहित दिखे। इसी के साथ 26 सितम्बर को प्रियंका गांधी के होने वाले कार्यक्रमों पर विशेष चर्चा के बाद कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक समिति गठित करने की बात कहीं गयी। चूंकि प्रियंका गांधी की बिहार में पहली जनसभा होगी। चूंकि प्रियंका गांधी राहुल गांधी द्वारा किये गये वोट अधिकार यात्रा में दरभंगा में शामिल हुई और दो दिनों तक उस यात्रा का हिस्सा रहीं। बैठक में मुख्य रूप से बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, विधान मंडल दल के नेता डा0 शकील अहमद खान, विधान परिषद दल के नेता डा0 मदन मोहन झा,सी.ई.सी सदस्य सांसद डा0 जावेद, पूर्व अध्यक्ष सांसद डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह, डा0 शकील अहमद, रामजतन सिन्हा, प्रभारी सचिव सुशील पासी, शाहनवाज आलम, सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, सांसद मनोज राम, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, राजेश राठौड़, डा0 समीर कुमार सिंह, संजय कुमार तिवारी, विश्वनाथ राम, कपिलदेव प्रसाद यादव, मोती लाल शर्मा, संजीव प्रसाद टोनी,ब्रजेश पाण्डेय, शकीलउज्जमा अंसारी, जमाल अहमद भल्लू,कौकब कादरी, अजित शर्मा, कुमार आशीष, डा0 संजय यादव, सरवत जहां फातिमा,नागेन्द्र कुमार विकल, शिव प्रकाश गरीब दास, सूरज यादव, निर्मलेन्दु वर्मा, कैलाश पाल, साधना रजक, खुशबू कुमारी, विश्वनाथ बैठा, पूनम पासवान, चंदन यादव, शकीलुर रहमान, अनुराग चंदन,कैसर अली खां, प्रभात कुमार सिंह, डा0 कमलदेव नारायण शुक्ला, संतोष कुमार श्रीवास्तव, डा0 रमेश प्रसाद यादव, शशि रंजन, नदीम अख्तर अंसारी, नीतू निषाद, रामशंकर कुमार पान, उदय मांझी, रेखा सोरेन, सुनील कुमार पटेल, मंजू राम, अंशुल अभिजीत उपस्थित थे।

# वाणिज्य विभाग के चार कार्यरत एवं तीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल के वाणिज्य विभाग में एक नई पहल की शुरूआत करते हुये अगस्त माह के कर्मचारी को योजना के अन्तर्गत उनके कार्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए चार रेलकर्मी अभिषेक कुमार, वरीय टिकट परीक्षक-पटना, मुकेश कुमार मुख्य वाणिज्य लिपिक, बाढ़, आनंद कुमार, वरीय बुकिंग लिपिक, आरा एवं मधेश्वर चौधरी, वरीय टिकट परीक्षक-दानापुर को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार योजना का मुख्य उद्देश्य वाणिज्य विभाग के कर्मियों के बीच रेल सेवा में कार्य के प्रति लगन एवं विशेष योगदान को बढ़ावा दिया जाना है। यह पुरस्कार योजना आगे भी लागू रहेगी एवं प्रत्येक माह रेलवे में विशिष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों का चयन करके उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। इसके साथ ही अगस्त 2025 में सेवानिवृत्त हुए तीन रेलकर्मी अभय कुमार श्रीवास्तव, वाणिज्य पर्यवेक्षक (मुख्या. ) दानापुर, राजदेव सिंह, वाणिज्य पर्यवेक्षक-पटना एवं जुगेश्वर प्रसाद, मुख्य टिकट निरीक्षक-पटना को भी सेवा काल में उनके बेहतर योगदान के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिषेक कुमार तिवारी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज नयन एवं वाणिज्य कार्यालय के सभी कर्मचारीगण मौजूद थे।

# हिन्दी ही कराएगी वैश्विक ताकतों के बीच संधि : प्रो. आतिश पराशर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** हिन्दी पखवाड़ा के तहत दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में विश्व भाषा के रूप हिन्दी की संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में सीयूएसबी और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने राजभाषा हिंदी पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के विशेष कार्य पदाधिकारी प्रो आर. के. सिंह ने की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के भारतीय भाषा मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. राजेश्वर कुमार शामिल हुए।दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया।

# रूस-यूक्रेन और स्पेन के श्रद्धालुओं ने गयाजी में किया पिंडदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गयाजी में पिंडदान से हमारे पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है उन्हें मोक्ष मिलता है। इसी विश्वास के साथ हम आज पिंडदान के लिए गयाजी आए हैं। पिंडदान के बाद हमें काफी अच्छा लग रहा है। शांति महसूस हो रही है। ये बातें रूस की रहने वाली प्रिंसेस (32) ने कही। प्रिंसेज अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान करने गुरुवार को गयाजी आई थी। प्रिंसेस के साथ रूस, यूक्रेन, स्पेन के अलावा अन्य देशों के 17 श्रद्धालु गयाजी पहुंचे थे। इनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल थे। सभी विदेशी श्रद्धालुओं ने विष्णुपद मंदिर परिसर स्थित तुलसी बगीचा के पास अपने-अपने पितरों की शांति और मोक्ष के लिए पिंडदान किया।प ंडा-महंतों ने पूरे विधि-विधान से श्राद्ध कर्मकांड संपन्न कराया। पूजा कराने वाले पंडा आचार्य माधव ने बताया कि, विदेशी श्रद्धालु सनातन से जुड़कर हमारे धर्म का झंडा बाहर फहरा रहे हैं, ये गर्व की बात है। देश में कुछ लोग रहकर भी अपनी संस्कृति को नहीं मानते, लेकिन दूसरे देशों के लोग हमारी संस्कृति को अपना रहे हैं।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में श्रद्धापूर्वक मना विश्वकर्मा पूजनोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में भक्ति-भाव से ओत-प्रोत वातावरण में भगवान विश्वकर्मा की पूजा पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुई। कार्यालय सह आवासीय परिसर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की स्थापना के साथ ही पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ और पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) विजय गोयल एवं सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल ने पूजन एवं हवन में भाग लिया। उनके साथ मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी पूरे उत्साह और आस्था के साथ पूजा-अर्चना में सम्मिलित हुए। सामूहिक आरती के दौरान उपस्थित जनसमूह का भावपूर्ण जयघोष ने माहौल को और भी भक्ति-भाव बना दिया।

पूजा के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया तथा सामूहिक भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सपरिवार एक साथ खिचड़ी-प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में कर्मचारी कल्याण संघ एवं पूजा समिति के सदस्यों का विशेष समन्वय रहा जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए रोस्टर क्लीयरेंस प्राप्त कर 25 तक सरकार को सौंपने का निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उच्च शिक्षा विभाग पटना के तत्वावधान में मदन मोहन झा सभागार में बिहार के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों की बैठक शिक्षा सचिव अजय यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन पूर्व शिक्षा सचिव एवं सलाहकार बैधनाथ यादव और निदेशक प्रोफेसर नवीन कुमार अग्रवाल ने किया। मुंगेर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय, उप कुलसचिव द्वितीय डॉ. अंशु कुमार राय एवं अधीनस्थ कर्मचारी शामिल हुए। तेरह बिंदुओं पर बिंदुवार चर्चा की गई। शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए रोस्टर क्लीयरेंस प्राप्त कर 25 सितंबर तक सरकार को सौंपने का निर्देश दिया गया। मुंगेर विश्वविद्यालय एआईएसएचई फॉर्म भरने में प्रथम स्थान पर रहा जबकि उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने में पीछे रहा।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में आज 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित होगा। मुख्यालय के मुख्य सभागार में आयोजित उद्घाटन समारोह का औपचारिक शुभारंभ क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) विजय गोयल ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर किया। शपथ के पश्चात अपने संबोधन में श्री गोयल ने सभी को दैनिक जीवन एवं कार्यस्थल पर स्वच्छता को निरंतर अपनाने और आसपास के परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने हेतु सदैव प्रयत्नशील रहने का आह्वान किया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए निबंध व स्लोगन लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थानीय सरकारी स्कूलों के बच्चों के बीच भी निबंध और नारा-लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन कर स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया जाएगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मा. सं.) अनिल कुमार चावला, अपर महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) शुभ-ब्रता भादुरी, अपर महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं) अरूपम विश्वास, अपर महाप्रबंधक (वाणिज्य) मनीष जैन, उपमहाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चन्दन सहित क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बी. डी कॉलेज का वृक्ष वेद देगा पर्यावरण को नया जीवन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के कांफ्रेंस हॉल में तरुमित्र और कॉलेज की इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता तरुमित्र, पटना की यूथ कोऑर्डिनेटर देवोप्रिया दत्ता रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और यह बताया कि किस प्रकार वे प्रकृति की रक्षा और संरक्षण के कार्यों से जुड़ीं। उनके प्रेरणादायी विचारों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्या प्रो रत्ना अमृत ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने एवं पर्यावरण संरक्षण सतत विकास और पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। इको क्लब की को-ऑर्डिनेटर डॉ सरिता कुमारी ने छात्र-छात्राओं को इको क्लब की गतिविधियों को साझा किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इसी दौरान कॉलेज की इको क्लब का नाम बदलकर 'वृक्ष वेद' कर दिया गया। नामकरण की यह पहल एक स्नातक छात्र द्वारा सुझाए गए विकल्प से हुई। कुल छह नामों में से 'वृक्ष वेद' को सर्वाधिक मत प्राप्त हुए और इसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

# शहर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता टॉक आयोजित

## सब मिलकर करें सहयोग तो पटना शहर बनेगा सुंदर और स्वच्छ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम द्वारा 'स्वच्छता टॉक' एवं 'स्वच्छता की बात, संगीत के साथ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम वार्ड संख्या 49 बांकीपुर की पार्षद सीमा वर्मा, सफाई कर्मी राजवती देवी, बांकीपुर अंचल के नगर प्रबंधक लालदेव यादव तथा नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर एवं लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने संयुक्त रूप से किया। स्वच्छता टॉक का संचालन डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने किया। इस दौरान सफाई कर्मी राजवती देवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वच्छता एक पवित्र कार्य है। हम दिन भर झाड़ू लगाते हैं ताकि शहर साफ-सुथरा बना रहे, लेकिन कुछ लोग सामने से ही कचरा फेंक देते हैं। उनसे मेरा निवेदन है कि कचरा हमेशा डस्टबिन में ही डालें। उनकी इस अपील ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को गहराई से प्रभावित किया। वार्ड संख्या 49 की पार्षद सीमा वर्मा ने कहा स्वच्छता ही सेवा है। यह अभियान तभी सफल होगा जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे और इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए। पूरे आयोजन की परिकल्पना और मार्गदर्शन नगर आयुक्त अनिमेष पाराशर के निर्देशन में की गई थी। कार्यक्रम में लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने अपने लोकगीतों से स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने गीतों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया। घर-घर अलख जगाएंगे, स्वच्छ पटना बनाएंगे। सबसे बड़ा है गहना, साफ रहना ओ भैया साफ रहना। इसके साथ ही उन्होंने गंगा मां और छठी मैया को समर्पित भजन और लोकगीत भी प्रस्तुत किए जिनसे पूरे माहौल में भक्ति और स्वच्छता दोनों का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की सफलता में आईईसी टीम के सुकुमार रॉय, अमित कुमार, खुशबू आदि ने विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने सभी उपस्थित लोगों से करबद्ध प्रार्थना की। शहर को स्वच्छ बनाए रखना केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। आइए, हम सब मिलकर अपने पटना को साफ और सुंदर बनाने में सहभागी बनें।

# किसी की किस्मत बदलने के लिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली उपकरण : आनंद कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एक्यूरेट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत भव्य ओरिएंटेशन प्रोग्राम से हुई। बी.टेक, फार्मेसी, लॉ, बीबीए, बीसीए, बी.कॉम (ऑनर्स) और पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले करीब 1,000 छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम में सुपर 30 के संस्थापक व पद्मश्री सम्मानित आनंद कुमार, मेडोज फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. एस.ए.एस. किर्मानी, अर्जुन पुरस्कार विजेता पिंकी सिंह, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के सहायक निदेशक विकास बघेल और स्टैंड-अप कॉमेडियन मोहित दुडेजा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आनंद कुमार ने छात्रों को शिक्षा की शक्ति पर भरोसा रखने की प्रेरणा देते हुए कहा किसी की किस्मत बदलने के लिए शिक्षा सबसे शक्तिशाली उपकरण है। संस्थान की चेयरपर्सन पूनम शर्मा ने नए छात्रों का स्वागत करते हुए इसे बड़े सपनों और मेहनत की यात्रा की शुरुआत बताया। कार्यक्रम का समापन इंटरएक्टिव सत्र और संवाद के साथ हुआ।

# महाप्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलायी स्वच्छता की शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत' मिशन के तहत स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल द्वारा स्वच्छता ही सेवा-का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के पहले दिन 17 सितंबर को महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सहित अन्य सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। महाप्रबन्धक छत्रसाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। उन्होंने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। महाप्रबंधक ने शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिये समय दूंगा। हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा। सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूंगा।

# बिहार की जमीन-मिट्टी-10 लाख पेड़ 1 रुपये में अडानी को चढ़ावा

## मोदी-नीतीश की 'भक्ति' का प्रसाद, जनता की आवाज बनी कांग्रेस का विशाल मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार की भाजपा-जदयू सरकार ने भागलपुर के पीरपैंती में 1,050 एकड़ उपजाऊ जमीन- जिसमें आम, लीची और सागवान के करीब 10 लाख पेड़ लगे हैं को मात्र 1 रुपया प्रति वर्ष की हास्यास्पद दर से अडानी पावर लिमिटेड को 33 साल के लिए सौंप दिया है। यह 2,400 मेगावाट का कोल-बेस्ड थर्मल पावर प्लांट है जिसकी लागत करीब 21,400 करोड़ रुपये है, लेकिन बिहार के गरीब किसानों और आम लोगों को इससे मिलने वाली बिजली 6.075 रुपये प्रति यूनिट की महंगी दर पर बेची जाएगी जबकि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में ऐसी बिजली 3-4 रुपये प्रति यूनिट उपलब्ध है। क्या यह 'विकास' है या बिहार की जनता पर 'डबल लूट' का खेल मोदी सरकार का 'राष्ट्रसेठ' अडानी को यह भेंट बिहार के पर्यावरण, किसानों और अर्थव्यवस्था को तबाह करने का षड्यंत्र है। इस काले सौदे के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पटना में विशाल विरोध मार्च निकाला। मार्च प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम से पूर्वाह्न 11:15 बजे शुरू हुआ और राजेंद्र बाबू की समाधि, बांसघाट तक पहुंचा। मार्च का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने किया जिसमें बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, कांग्रेस विधानमंडल दल नेता डॉ. शकील अहमद खान, विधान परिषद कांग्रेस दल नेता डॉ. मदन मोहन झा समेत प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और हजारों समर्थक शामिल हुए।

# भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ ने मनाया प्रधानमंत्री मोदी का 75वां जन्मदिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ, प्रदेश कमिटी द्वारा बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय, पटना में 'विकास की बात- चाय के साथ' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मुकेश कुमार नंदन ने की जबकि संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. मंटु गुप्ता ने किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने कहा कि 'प्रधानमंत्री मोदी विकास के मूल मंत्र के कारण ही भारतवासियों के दिलों पर राज कर रहे हैं।' राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि ग्यारह वर्षों के कार्यकाल में भ्रष्टाचार का एक भी मामला सामने न आना प्रधानमंत्री की ईमानदार छवि का प्रमाण है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जयसवाल ने कहा कि मोदी आज ग्लोबल लीडर हैं जो पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानिया, पूर्व मंत्री नागमणी, प्रदेश प्रवक्ता प्रेम जी, श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, बाल संरक्षण आयोग के सदस्य राकेश कुमार सहित कई नेताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और देश की विकास यात्रा पर विचार साझा किए।

# दानापुर रेल मंडल में स्वच्छता ही सेवा शुरु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** दो अक्तूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छोत्सव) - 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस उपलक्ष्य पर स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाते हुए दानापुर मंडल में रेल प्रबंधक के नेतृत्व में मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग के द्वारा स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, दानापुर के प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता जागरूकता हेतु स्वच्छता शपथ दिलायी गयी तथा सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, ओपी आधार राज एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक, इंफ्रा राजीव कुमार सहित मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। साथ ही दानापुर मंडल के मुख्य स्टेशनों (पटना जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र, राजेंद्रनगर टर्मिनल, पटना साहिब इत्यादि) पर स्वच्छता शपथ, प्रभातफेरी एवं श्रमदान का आयोजन किया गया। ताकि रेल यात्रियों एवं आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके।

# नगर परिषद् एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ प्रशिक्षण आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा आगामी पर्व, त्योहार के दौरान विभिन्न स्त्रोंतो से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों, वरीय पुलिस पदाधिकारीगण, सभी नगर निगम के आयुक्त, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी नगर परिषद् एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित किया। इस प्रशिक्षण में कुल 216 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्य पर्षद् के सदस्य-सचिव नीरज नारायण, भा.व.से. ने सभी प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए बताया कि ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु अधिसूचित 'ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली, 2000 (यथा सोधित) तथा ''द बिहार कन्ट्रॉल ऑफ द यूज एण्ड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट, 1955 की चर्चा करते हुए इसके प्रावधानों को अमल में लाते हुए आगामी पर्व, त्योहारों के दौरान लाउडस्पीकर, डी.जे. आदि से होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

## संपाकीय

# वक्फ कानून पर आशंकाएं दूर होंगी

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर रोक नहीं लगाई, लेकिन उसके कुछ प्रावधानों में संशोधन किया है या उन्हें रोका है। शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह तार्किक है, जिसमें संतुलन का पूरा ध्यान रखा गया है। उम्मीद है कि इस फैसले से वे आशंकाएं दूर हो जाएंगी, जो इस नए कानून को लेकर जताई जा रही थीं। संविधान के अनुरूप- सुप्रीम कोर्ट की ओर से किए गए संशोधन महत्वपूर्ण और जरूरी हैं। इनमें संविधान की भावनाओं का ख्याल रखा गया है। एक अहम संशोधन यह है कि शीर्ष अदालत ने वक्फ संपत्ति जांच के प्रावधानों पर आंशिक रूप से रोक लगा दी। नामित अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ही किसी प्रॉपर्टी को गैर-वक्फ नहीं माना जा सकता। अदालत ने संपत्ति अधिकार तय करने की ताकत जिलाधिकारी को देने को संविधान में की गई व्यवस्था-शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ माना। यह व्यवस्था इसलिए की गई है, ताकि लोकतंत्र के तीनों अहम अंगों-विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन बना रहे। एक पक्ष की ओर पलड़े का थोड़ा भी झुकाव व्यवस्था के संतुलन को बिगाड़ देगा। किसी एक ही अंग में सारी शक्तियां इसलिए भी निहित नहीं हैं, ताकि उसे निरंकुश होने से रोका जा सके। इसी तरह, वक्फ करने के लिए न्यूनतम 5 बरसों तक इस्लाम का अनुयायी होने के प्रावधान पर तब तक रोक रहेगी, जब तक राज्य सरकारें इसके सत्यापन के लिए नियम नहीं बना लेतीं। देश में धर्म व्यक्तिगत मामला है और यह जरूरी नहीं कि कोई नागरिक अपनी धार्मिक पहचान का सार्वजनिक प्रदर्शन करे। तो यह तय करना कि कोई किसी धर्म को कब से मान रहा है, बेहद जटिल है। राज्य सरकारों से उम्मीद है कि इस बारे में नियम बनाते समय वे सभी पहलुओं का ध्यान रखेंगी और ज्यादा संवेदनशीलता बरतेंगी। वक्फ संशोधन अधिनियम के कई बिंदुओं पर विपक्ष को गहरी आपत्ति थी। इसे लेकर दोनों सदनों में और सड़क पर भी काफी हंगामा हुआ। इस मामले की गंभीरता और उसके असर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट का फैसला जिम्मेदारी भरा है। याचिका में पूरे कानून को रद्द करने की मांग की गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे नहीं माना। इस तरह के कदम बेहद दुर्लभ मामलों में उठाए जाते हैं और इनका प्रभाव बहुत व्यापक होता है। इस मायने में सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक विवेक का इस्तेमाल किया, और यह भी ध्यान रखा कि विधायिका के साथ सीमाओं का अतिक्रमण न हो।

**भारत में लंबे समय तक लगातार सत्ता में रहते हुए सेवा करने वाले राजनेता, राष्ट्रहित और जनहित को हमेशा सर्वोपरि रखने वाले, मां भारती के सच्चे-सपूत, नए आधुनिक सशक्त शक्तिशाली भारत के शिल्पकार और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। मैं उन्हें जन्मदिन की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप दीर्घायु हों और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें और देश का नाम रोशन करते रहें और हम भारतवासियों का मार्गदर्शन करते रहें। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कार्यों के दम पर अब आधुनिक, सशक्त, शक्तिशाली नए भारत के शिल्पकार बन चुकें हैं, यह तथ्य अब किसी से भी छिपा हुआ नहीं है।**

# आधुनिक, सशक्त व शक्तिशाली नए भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री 'नरेन्द्र मोदी'

(दीपक कुमार त्यागी)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत अब अगली पीढ़ी के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण करने में दिन-रात जुटा हुआ है। जो कार्य स्थिरता और दीर्घकालिक सोच से प्रेरित है। नरेन्द्र मोदी का यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार करने का कार्य बखूबी कर रहा है।

भारत में लंबे समय तक लगातार सत्ता में रहते हुए सेवा करने वाले राजनेता, राष्ट्रहित और जनहित को हमेशा सर्वोपरि रखने वाले, मां भारती के सच्चे-सपूत, नए आधुनिक सशक्त शक्तिशाली भारत के शिल्पकार और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। मैं उन्हें जन्मदिन की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप दीर्घायु हों और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें और देश का नाम रोशन करते रहें और हम भारतवासियों का मार्गदर्शन करते रहें। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कार्यों के दम पर अब आधुनिक, सशक्त, शक्तिशाली नए भारत के शिल्पकार बन चुकें हैं, यह तथ्य अब किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। कोई भी व्यक्ति राजनीतिक लाभ लेने के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत के नव निर्माण के लिए दिये गये योगदान को कमतर आंकने का कार्य कर सकता है। लेकिन धरातल पर सच्चाई यह है कि नरेन्द्र मोदी ने देश में आजादी के दशकों बाद दूरदराज के दुर्गम इलाकों तक में भी हम भारतीयों के लिए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का कार्य किया है, जो काबिले-तारीफ व अचंभित करने वाला है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आज बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव हो रहा है। रेलवे, हाईवे, एक्सप्रेस-वे, बंदरगाह और हवाई अड्डों जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन विश्व स्तरीय ढांचा तैयार किया जा रहा है। अभी तक के तैयार ढांचे ने ही देशवासियों के जीवन को बेहद सरल बनाते हुए देश के विकास को तेजी गति देते हुए धरातल पर समृद्धि को बढ़ावा देने का कार्य कर दिखाया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत अब अगली पीढ़ी के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण करने में दिन-रात जुटा हुआ है। जो कार्य स्थिरता और दीर्घकालिक सोच से प्रेरित है। नरेन्द्र मोदी का यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार करने का कार्य बखूबी कर रहा है। देश में आधुनिक रेलवे स्टेशन, बंदरगाह, सड़क व रोपवे आदि जगह-जगह बन रहे हैं। पूरे देश में सड़क, हवाई, रेल व जल मार्ग से यात्रा व माल ढुलाई आदि की सुविधा को बेहतर किया जा रहा है। वैसे भी नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि - स्मार्ट शहर, सुरक्षित सड़कें और आसान यात्रा यही है नए भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर वादा। जिस वादे को नरेन्द्र मोदी धरातल पर साकार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम मानते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा की बात करें तो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश के वीर योद्धाओं के हाथ दुश्मन पर कार्रवाई के लिए पूरी आजादी के साथ खुले हुए हैं, जिसकी बानगी देश व दुनिया के लोग सर्जिकल स्ट्राइक व अभी हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर में देख चुके हैं।

वहीं आम-जनमानस के हित के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें मुख्य रूप से जन धन योजना, कौशल भारत मिशन, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, सांसद आदर्श ग्राम योजना, श्रमेव जयते योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हृदय योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, उजाला योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री ज्योति ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्मार्ट सिटी योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, स्वर्ण मुद्रीकरण योजना, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजना, उदय, स्टार्ट- अप इंडिया, सेतु भारतम योजना, स्टैंड अप इंडिया, ग्रामोदय से भारत उदय, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, नमामि गंगे योजना, पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना आदि योजनाएं हम भारतवासियों के जीवन स्तर में सुधार करते हुए उसे बेहतर बनाने कार्य कर रही हैं। वैसे कोई नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में लाख कमियां निकाले लेकिन जनता की अदालत की सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन-जन की आशा और राष्ट्र की आकांक्षा के प्रतीक बन चुकें हैं। देश व दुनिया के लोग देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ओजस्वी नेतृत्व में भारत का बहुत तेजी से सर्वांगीण विकास हो रहा है। नया भारत अब आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक सम्मान की नई ऊंचाइयों को छूने का कार्य कर रहा है। मोदी के संकल्पित नेतृत्व में ही विकसित भारत की दिशा में राष्ट्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी के साथ मजबूत होती जा रही है, भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के ताकतवर देशों को पीछे छोड़ रही है। देश में बहुत ही तेजी से विश्व स्तरीय सड़कों व एक्सप्रेस-वे का जाल बिछा कर के विकास पथ का निर्माण करते हुए विकास को तेज गति दी जा रही है, आज हमारा प्यारा देश भारत दुनिया के निवेशकों की पसंदीदा जगह बनता जा रहा है, भारत में अब तेजी से विदेशी कंपनियों के बड़े-बड़े कल-कारखाने खुलने लगें हैं। आर्थिक स्तर के मोर्चे के साथ-साथ सामरिक स्तर पर भी अब तो दुनिया भारत का लोहा मानने लगी है, दुनिया सर्जिकल स्ट्राइक व ऑपरेशन सिंदूर में देश के वीर जांबाजों का दमखम देख चुकी है।



वैसे भी देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी कार्यशैली के बलबूते देश की राजनीति को अपने इर्दगिर्द केन्द्रित रखते हुए आम जनमानस के दिलोदिमाग पर छा जाने का कार्य बेहद ही सफलता के साथ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया की उन शख्सियतों में शुमार हैं, जिन्होंने अपनी कार्यशैली, मेहनत, वाकपटुता, मंत्रमुग्ध कर देने वाली करिश्माई भाषण शैली, राष्ट्रहित व जनहित के कार्यों के बलबूते लोगों के दिलों में जगह बनाने का कार्य किया है। जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी राजनीति के जबरदस्त प्रतिस्पर्धा वाले क्षेत्र में भी पिछले कई दशकों से लगातार महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान हैं। वैसे तो नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में ही काम के दम पर एक बहुत लंबी रेखा खींचने का कार्य किया था, लेकिन वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रधानमंत्री पद का दायित्व सम्हालने का कार्य किया था, उसके बाद तो उन्होंने फिर कभी पीछे मुड़कर ही नहीं देखा है। जिसके बाद से ही नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में दिन-प्रतिदिन तेजी से इजाफा हुआ है और वह भारत के साथ-साथ दुनिया भर में लोगों की पसंदीदा ताकतवर राजनीतिक शख्सियत बनकर के उभरे हैं, इसकी एक बानगी अभी हाल ही में दुनिया ने अमेरिका से टैरिफ विवाद के समय और चीन दौरे के समय देखी है, विवाद के बाद नरेन्द्र मोदी को अपने से दूर होता देखकर अब तो दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तक भी नरेन्द्र मोदी को अपना दोस्त बता रहे हैं और महान बता रहे हैं। संगठनात्मक स्तर की बात करें तो नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करके पार्टी के भविष्य को पूरी तरह से ही बदल डालने का कार्य किया था। इसके बाद तो नरेन्द्र मोदी की लहर के दम पर ही देश के चुनावी मैदान में चुनाव दर चुनाव भाजपा जीतती गयी और केन्द्र व राज्यों की राजनीति से विपक्षी दलों का सफाया होता चला गया था। आज स्थिति यह हो गयी है कि प्रसिद्धि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहे हैं बल्कि वह दुनिया में भी बेहद लोकप्रिय होकर के विश्व की उन चंद ताकतवर अहम शख्सियतों में शामिल हो चुकें हैं, जिनकी राजनीति व कार्यशैली का लोहा देश-विदेश के ताकतवर लोग भी मान रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर भारत के लिए एक बहुत ही अच्छा सकारात्मक संदेश है।

हालांकि हर वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को भुनाने के लिए उनके जन्मदिवस 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर तक देश भर में 'सेवा पखवाडा' चलाने का फैसला किया है। इसमें स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, मैराथन, दिव्यांग शिविर आदि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अच्छे से जानते हैं कि इस अवसर को खूबसूरती के साथ एक सफल मेगा ईवेंट में किस तरह से बदला जा सकता है, इसलिए भाजपा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से लेकर के 2 अक्टूबर तक पूरे देश में सेवा पखवाड़े पर जनहित के विभिन्न प्रकार के अभियान चलायेगी, जिससे आम जनमानस भाजपा के प्रति आकर्षित होकर मोदी मैजिक के दम पर उससे निरंतर जुड़ा रहे।

हालांकि देश में कुछ राजनीतिक लोगों व एक वर्ग विशेष के लोगों के बीच में ना जाने क्यों नरेन्द्र मोदी को निरंतर कमतर करके आंकने का प्रयास अभी भी जारी है। यह लोग वर्ष 2014 से ही मोदी को जनता की अदालत में एक असफल प्रधानमंत्री साबित करने के लिए उतावले हैं, लेकिन यह उतावलेपन में निरंतर अपने गिरेबान में झांक कर आत्ममंथन करना भूल जाते हैं। खैर जो भी हो पक्ष हो या विपक्ष का विरोधी हो अब वह जनता की अदालत इस सच्चाई से आसानी से मूंह नहीं मोड़ सकता है कि नरेन्द्र मोदी देश के लोकप्रिय नेता हैं और उनके नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में विश्व स्तरीय विकास की एक नयी गाथा लिखने का कार्य हो रहा है। देश के पूर्व, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण चंहु ओर तेजी के साथ मोदी राज में केंद्र के द्वारा सर्वांगीण विकास हो रहा है। आज केंद्र सरकार का तंत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष की ऊंचाईयों से लेकर के सागर की गहराईयों तक में जाकर के भारत की जनता के हित के लिए कार्य करने का काम बड़ी जिम्मेदारी व तत्परता के साथ कर रहा है और हमारे प्यारे देश भारत का सिस्टम यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल व ओजस्वी नेतृत्व में विश्व में सफलता के नित-नये आयाम स्थापित करते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए दिन-रात काम कर रहा है। (लेखख अधिवक्ता, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## क्या इथेनॉल मिले पेट्रोल से गाड़ी खराब होती है? या पेट्रोल लॉबी वाहन मालिकों को डरा रही है?

(नीरज कुमार दुबे)

इथेनॉल क्यों ज़रूरी है। यदि इस पर चर्चा करें तो आपको बता दें कि भारत अपनी ऊर्जा ज़रूरतों का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। इससे न सिर्फ खज़ाने पर भारी बोझ पड़ता है बल्कि वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव का भी सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

भारत की ऊर्जा नीति आज एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी है जहाँ जैव-ईंधन (बायोफ्यूल) न सिर्फ प्रदूषण कम करने का विकल्प है, बल्कि यह आयात पर निर्भरता घटाकर देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत कर सकता है। सरकार द्वारा पेट्रोल में 20त्र इथेनॉल मिश्रण (ई-20) लागू किए जाने के बाद यह बहस और तेज़ हो गई है कि क्या यह कदम व्यावहारिक और सुरक्षित है। इसी संदर्भ में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उन दावों को 'बकवास' करार दिया है जिनमें कहा गया था कि इथेनॉल मिश्रण से वाहनों के इंजन को नुकसान होता है।

**भारत की ऊर्जा नीति आज एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी है जहाँ जैव-ईंधन (बायोफ्यूल) न सिर्फ प्रदूषण कम करने का विकल्प है, बल्कि यह आयात पर निर्भरता घटाकर देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत कर सकता है। सरकार द्वारा पेट्रोल में 20त्र इथेनॉल मिश्रण (ई-20) लागू किए जाने के बाद यह बहस और तेज़ हो गई है कि क्या यह कदम व्यावहारिक और सुरक्षित है। इसी संदर्भ में पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उन दावों को 'बकवास' करार दिया है जिनमें कहा गया था कि इथेनॉल मिश्रण से वाहनों के इंजन को नुकसान होता है।**

इथेनॉल क्यों ज़रूरी है। यदि इस पर चर्चा करें तो आपको बता दें कि भारत अपनी ऊर्जा ज़रूरतों का लगभग 88त्र कच्चा तेल आयात करता है। इससे न सिर्फ खज़ाने पर भारी बोझ पड़ता है बल्कि वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव का भी सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में गन्ना, मक्का और अन्य अनाज से बनने वाला इथेनॉल एक सस्ता, घरेलू और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प है। हम आपको बता दें कि 2014 में जहाँ पेट्रोल में इथेनॉल की हिस्सेदारी मात्र 1.4त्र थी, वहीं आज यह बढ़कर 20त्र तक पहुँच गई है। यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत और हरित ऊर्जा संक्रमण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

हम आपको बता दें कि केपीएमजी के वार्षिक सम्मेलन एनरिच 2025 में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि इथेनॉल से इंजन खराब होने की सारी बातें 'बीएस' हैं– यानी बकवास हैं। उन्होंने साफ किया कि केवल पुराने वाहनों में कुछ रबर के पुर्ज़े और गैस्केट बदलने की आवश्यकता हो सकती है, पर तकनीकी रूप से यह कोई बड़ी चुनौती नहीं है। ब्राज़ील जैसे देशों के अनुभव भी यही साबित करते हैं कि इथेनॉल मिश्रण न केवल सुरक्षित है बल्कि टिकाऊ विकल्प है। हम आपको यह भी बता दें कि इस बहस का दूसरा पहलू है राजनीति। पिछले दिनों में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी पर आरोप लगाए गए कि उनकी परिवार-नियंत्रित कंपनी साइन एग्रो को इथेनॉल नीति से भारी लाभ हुआ है। कांग्रेस और कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों ने दावा किया कि कंपनी का टर्नओवर एक साल में 18 करोड़ से 723 करोड़ तक पहुँच गया। गडकरी ने इसे राजनीतिक रूप से प्रेरित पेड कैंपेन बताया। उनका कहना है कि इथेनॉल से जुड़े टेंडर और मूल्य निर्धारण का फैसला कैबिनेट स्तर पर होता है, न कि व्यक्तिगत मंत्रियों द्वारा। उन्होंने कहा कि देश में 450-500 इथेनॉल उत्पादक कंपनियाँ हैं, जिनमें उनकी कंपनी की हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम है।

# विश्वेश्वरैया का सपना और आज की सफलता

**इंजीनियरिंग अब एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है। वर्तमान समय में देश में कई महत्वपूर्ण विषयों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराई जाती है। प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को भारत में 'इंजीनियर्स डे' (अभियंता दिवस) मनाया जाता है और आज के समय में अभियंता दिवस मनाने का उद्देश्य भारत में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करना भी है। इंजीनियर अपनी कुशलता से विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों को गति प्रदान कर देश को समृद्ध और विकसित बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य तथा देश के विकास में इंजीनियरों के महत्वपूर्ण योगदान के चलते ही भारत आज इंजीनियरिंग तथा आईटी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश है। सही मायनों में देश के विकास के धुरी इंजीनियर ही हैं, जिनका देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। दरअसल आपदा प्रबंधन से लेकर निर्माण तक कोई भी कार्य इंजीनियरों के बिना सम्पन्न नहीं हो सकता।**

(योगेश कुमार गोयल)

भारत के महान अभियंता और भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को ही भारत में इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है, जो वास्तव में अभियंताओं का संकल्प दिवस माना जाता है।

इंजीनियरिंग अब एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है। वर्तमान समय में देश में कई महत्वपूर्ण विषयों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराई जाती है। प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को भारत में 'इंजीनियर्स डे' (अभियंता दिवस) मनाया जाता है और आज के समय में अभियंता दिवस मनाने का उद्देश्य भारत में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करना भी है। इंजीनियर अपनी कुशलता से विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों को गति प्रदान कर देश को समृद्ध और विकसित बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य तथा देश के विकास में इंजीनियरों के महत्वपूर्ण योगदान के चलते ही भारत आज इंजीनियरिंग तथा आईटी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश है। सही मायनों में देश के विकास के धुरी इंजीनियर ही हैं, जिनका देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। दरअसल आपदा प्रबंधन से लेकर निर्माण तक कोई भी कार्य इंजीनियरों के बिना सम्पन्न नहीं हो सकता। मानव जीवन में रचनात्मक बदलाव का श्रेय इंजीनियरों को ही जाता है। देश की आजादी के बाद प्रतिभावान इंजीनियरों ने नए भारत के निर्माण तथा विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शहरों तथा गांवों के समग्र विकास के लिए सड़कों, पुलों, सिंचाई जलाशयों सहित अधोसंरचना के निर्माण के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। देश में प्रतिवर्ष अभियंता दिवस इसीलिए मनाया जाता है ताकि देशभर के इंजीनियरों को प्रोत्साहित किया जा सके और हमारे इंजीनियर अपने ज्ञान और कौशल की बदौलत देश को तरक्की की नई राह पर आगे ले जाएं। इंजीनियरिंग के बारे में अमेरिका के जाने-माने इंजीनियर हेनरी पेट्रोस्की ने कहा था कि विज्ञान का अर्थ है जानना जबकि इंजीनियरिंग का अर्थ है करना अथवा करके दिखाना।



भारत के महान अभियंता और भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को ही भारत में इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है, जो वास्तव में अभियंताओं का संकल्प दिवस माना जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता- भारत के टेकएड को आगे बढ़ाना' थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो भारत की तकनीकी यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ रही है। भारत के महान इंजीनियरों में से एक मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया द्वारा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दिया गया असाधारण योगदान अविस्मरणीय है, जिन्हें भारतीय सिविल इंजीनियरिंग का जनक तथा आधुनिक भारत का विश्वककर्मा भी कहा जाता है। देशभर में बने कई नदियों के बांधों और पुलों को सफल बनाने के पीछे कर्नाटक में मैसूर के कोलार जिले में 15 सितम्बर 1860 को जन्मे विश्वेश्वरैया का बहुत बड़ा योगदान रहा। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश में मैसूर में कृष्णाराज सागर बांध, पुणे के खड़कवासला जलाशय में बांध, ग्वालियर में तिगरा बांध इत्यादि कई महत्वपूर्ण बांध बनवाए। हैदराबाद शहर को बनाने का पूरा श्रेय भी 'फादर ऑफ मॉडर्न मैसूर स्टेट' कहे जाने वाले विश्वेश्वरैया को ही जाता है। दरअसल मैसूर सरकार के साथ मिलकर उन्होंने मैसूर संदल ऑयल एंड सोप फैक्टरी, मैसूर आयरन एंड स्टील फैक्ट्री, मैसूर चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, विश्वेश्वरैया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, परजीवी प्रयोगशाला, श्री जयचमराजेंद्र पॉलीटेक्निक संस्थान, बैंगलोर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, सेंचुरी क्लब इत्यादि कई फैक्ट्रियों और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करवाई थी।

विश्वेश्वरैया द्वारा शुरू की गई बहुत सी परियोजनाओं के कारण देश आज गर्व का अनुभव करता है। उन्होंने एक बाढ़ सुरक्षा प्रणाली तैयार की थी, जिसके बाद वे देशभर में विख्यात हो गए थे। विशाखापत्तनम बंदरगाह की समुद्री कटाव से सुरक्षा के लिए एक प्रणाली विकसित करने में भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। घर-घर में प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी पहुंचाने की व्यवस्था करने के अलावा गंदे पानी की निकासी के लिए नाली-नालों की समुचित व्यवस्था भी विश्वेश्वरैया ने ही की थी। तिरुमला और तिरुपति के बीच सड़क निर्माण के लिए योजना को अपनाने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई थी। उनके इन प्रयासों ने ही आधुनिक भारत की रचना करने के साथ देश को एक नया रूप भी प्रदान किया। 1955 में उन्हें सर्वोच्च भारतीय सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एम विश्वेश्वरैया के उल्लेखनीय योगदान के मद्देनजर वर्ष 1968 में उनकी जन्मतिथि को भारत सरकार द्वारा 'अभियंता दिवस' घोषित किया गया। तभी से प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को अभियंता दिवस मनाया जाता है। विश्वेश्वरैया की जयंती पर मनाया जाने वाला यह दिवस वास्तव में देश के विकास में योगदान देने और देश का मान बढ़ाने वाले इंजीनियरों के सम्मान में समर्पित होता है। शुरुआती पढ़ाई मैसूर में करने के बाद विश्वेश्वरैया ने 1881 में मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज से बीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया। 1883 की एल.सी.ई. और एफ.सी.ई. परीक्षा में उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया और उनकी योग्यता को देखते बॉम्बे सरकार ने उन्हें नासिक में सहायक अभियंता के पद पर नियुक्त किया। एक इंजीनियर के रूप में उसके बाद उन्होंने अनेक अद्भुत कार्यों को अंजाम दिया। विश्वेश्वरैया एक आदर्शवादी और अनुशासन प्रिय व्यक्ति थे, जो अपने हर कार्य को परफैक्शन के साथ करते थे। 92 वर्ष की आयु में भी वे बिना किसी सहारे के चलते थे और सामाजिक तौर पर सक्रिय रहते थे।

कोई भाषण देने से पहले वे स्वयं उसे लिखते थे और फिर कई बार उसका अभ्यास करते थे। अपनी योग्यता से उन्होंने बड़े-बड़े ब्रिटिश इंजीनियरों के समक्ष भी अपनी योग्यता और प्रतिभा का लोहा मनवाया। 1905 में उन्हें ब्रिटिश शासन द्वारा 'कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द इंडियन एंपायर' से सम्मानित किया गया था। विश्वेश्वरैया वर्ष 1912 से 1918 तक मैसूर के 19वें दीवान रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मानगो में कपाली नाला पर पुल निर्माण का शिलान्यास

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने मानगो के जाकिरनगर स्थित अवैस करनी मस्जिद के पास कपाली नाला पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की मद से 1 करोड़ 1 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह पुल क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी। पुल के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और आसपास के इलाकों को बड़ी राहत मिलेगी। शिलान्यास के बाद स्थानीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की और विधायक का आभार जताया। जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है।

### जानलेवा हमला करने के आरोप में एक गिरफ्तार,जेल

**चक्रधरपुर/मनोहरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनोहरपुर थाना क्षेत्र के तरतरा गांव में बीते मंगलवार को एक व्यक्ति के ऊपर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने तिरला निवासी 32 वर्षीय विनोद मिंज को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने 40 वर्षीय पीड़ित प्रेमनाथ महतो के द्वारा दिए आवेदन पर मामला दर्ज कर आरोपी विनोद मिंज को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।घटना को लेकर प्रेमनाथ महतो द्वारा दिए गए शिकायत के अनुसार बीते मंगलवार को तरतरा गांव के खेल मैदान में फुटबॉल का मैच चल रहा था। विनोद मिंज मैदान में कुछ युवकों से लड़ाई करने व बोतल फोड़ कर धमकी देने लगा। इसी दौरान प्रेम नाथ और कुछ लोग उसे समझाने पहुंचे तो विनोद ने कांच के बोतल से प्रेमनाथ पर जानलेवा हमला कर दिया। जहां बचने के क्रम में प्रेम नाथ के बांए हाथ का एक अंगुली कट गया। घटना के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जहां पुलिस ने प्रेमनाथ को ईलाज के लिए मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। वही विनोद मिंज को गिरफ्तार कर मामले में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### रास्ते पर कचरे का अंबार, पैदल चलना हुआ मुश्किल



**चाईबासा/गुवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुवा बाजार के अंदर जाने वाले मुख्य मार्ग पर कचरे का अंबार जमा हो जाने से लोगों का चलना-फिरना दूभर हो गया है। जगह-जगह फैली गंदगी से न सिर्फ राहगीरों को परेशानी हो रही है, बल्कि दुर्गंध से वातावरण भी प्रदूषित हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से सड़क किनारे कचरा साफ नहीं किया गया है, जिसके कारण बाजार क्षेत्र की स्थिति बदतर होती जा रही है। पैदल चलने वालों को रास्ते से गुजरना मुश्किल हो रहा है। लोगों ने गुवा सेल प्रबंधन से शीघ्र सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### जुगसलाई में ट्रेन की चपेट में आकर युवक जख्मी

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस की चपेट में आकर 24 वर्षीय युवक जख्मी हो गया। घटना बीते रात जुगसलाई के बंद रेलवे क्रॉसिंग के पास की है। स्थानीय लोगों की सूचना पर जुगसलाई पुलिस ने जख्मी युवक को इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। दूसरी ओर, जुगसलाई थाना से टाटानगर जीआरपी को युवक के जख्मी होने से अवगत कराया गया है। रेल पुलिस के युवक के अचेत होने से उसके नाम-पता की शिनाख्त नहीं हुई है।

### विधायक ने विभिन्न स्थलों पर की विश्वकर्मा पूजा में शिरकत

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कई पूजा पंडालों और प्रतिष्ठानों का भ्रमण किया तथा भगवान विश्वकर्मा से जनकल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने आईटीआई कॉलेज, शंकोशाई में आयोजित पूजन व पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लिया और अपने विचार रखे। इसके अलावा ब्लूस्टार, समय कंस्ट्रक्शन, श्री कंस्ट्रक्शन (बिष्टूपुर), जय अंबे मूवर्स (गोलमुरी) और वरिष्ठ समाजसेवी शिवशंकर सिंह के केबुल टाउन स्थित कार्यालय में आयोजित पूजा कार्यक्रमों में शामिल होकर श्रद्धा अर्पित की और प्रसाद ग्रहण किया। पूजा स्थल पर मौजूद लोगों ने विधायक का स्वागत किया।

### मानगो में 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान का शुभारंभ



**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान का शुभारंभ बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर दोनों अधिकारियों ने मंदिरों और पूजा पंडालों से पुष्प कचरा संग्रहण के लिए 2 विशेष वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा उपस्थित लोगों के साथ स्वच्छता शपथ ली। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, राजस्व व स्वच्छता निरीक्षक, कार्यालय कर्मी, हितधारक और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### गुमला में छात्राओं को खिलाई गई एल्बेंडाजोल दवा

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय कृमि दिवस पर मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीडीसी दिलेश्वर महतो और सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान स्कूली छात्राओं को कृमि निवारण के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।डीडीसी ने कहा कि दवा सेवन से बच्चों के शरीर से कृमि का नाश होगा और वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं, सिविल सर्जन ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका व सहिया द्वारा जिले में दो लाख 52 हजार 552 बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। जो बच्चे छूट जाएंगे,उन्हें 19 दिसंबर को दवा दी जाएगी। साथ ही 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वास्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान चलाकर महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एवं इलाज किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जागरूकता अभियान



**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंगीकार अभियान के तहत लाभुकों को जागरूक किया गया। इस दौरान लाभुकों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया और आवेदन फॉर्म भरने हेतु मोबिलाइज किया गया। साथ ही लंबित आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने की अपील भी की गई। कार्यक्रम में नगर प्रबंधक दिनेश्वर यादव उपस्थित रहे।

### चक्रधरपुर रेल मंडल में धरना-प्रदर्शन की तैयारी शुरू

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे मेंस यूनियन विभिन्न मांगों को लेकर 19 सितंबर शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन करेगी। इससे गुरुवार को टाटानगर व चक्रधरपुर मंडल के ब्रांच लाइन में बैठक हो रही है ताकि, मेंस यूनियन के मंडल व जोनल पदाधिकारी हर एक ब्रांच के प्रदर्शन में होकर रेलकर्मियों का मनोबल बढ़ाए। मेंस यूनियन के मंडल संयोजक एमके सिंह और टाटानगर के ब्रांच अध्यक्ष एसएन शिव ने बताया कि, रेलवे में सीलिंग हटाकर बोनस की राशि बढ़ाने, आठवें वेतन आयोग के गठन की अधिसूचना जारी करने, मजदूर विरोधी लेबर कोड को रद्द करने, पद सरेंडर बंद कर नई भर्ती शुरू कराने की मांग पर दक्षिण पूर्व जोन स्तर पर आंदोलन कर रही है।

### दो अलग-अलग गांवों में दो लोगों ने लगाई फांसी

**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दो गांवों में दो लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी। जिसमें पांडरासाली गांव निवासी 30 वर्षीय सुरेश पुरती और मुरली मुंदुइया शामिल है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को किसी बात पर लेकर सूरेश पुरती की परिजनों के साथ विवाद हो गया था। वह गुस्से में आकर मंगलवार रात में अपने घर में फांसी का फंदा बांध के झूल गया, जिसे उसकी मौत हो गई। बुधवार को घटना की सूचना जब पुलिस को मिली तो पुलिस घटना स्थल पर जाकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदरअस्पताल लाई।इसी मुरली मुंदुइया ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मुरली मुंदुइया के शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल लाई।

# खूंटी में दिल दहला देने वाली घटना, बुजुर्ग महिला को कुल्हाड़ी से काट डाला

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के खूंटी में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक बुजुर्ग महिला की सोते समय कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने एक शख्स को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक महिला विधवा थीं, वो अपने घर में बेटी और दामाद के साथ रहती थीं। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि मृतका लुखी देवी पर हमला उस समय किया गया, जब वो सो रही थीं। सोते समय हत्यारों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और सोते समय ही लुखी देवी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला की बेटी और दामाद उसी घर में रहते थे, लेकिन घटना के वक्त घर के सदस्य नहीं मौजूद थे। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। छानबीन के दौरान पुलिस को मौके से एक कुल्हाड़ी, फावड़ा और डंडा बरामद किया है। बताया जा रहा है कि महिला की हत्या इन्हीं से की गई है। इस मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ वरुण रजक ने बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस मामले की जांच हर एंगल से की जा रही है। पुलिस का कहना है कि महिला की हत्या जादू-टोना के शक में भी हो सकती है। इस एंगल से भी जांच की जा रही है।

## कोडरमा के नाले में मिला नवजात का शव, मचा हड़कंप

**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के कोडरमा जिले के सतगावां में गुरुवार की सुबह हड़कंप मच गया। यहां के सीहास गांव के पास एक नवजात का शव देखा गया। सूचना मिलते ही वहां गांव वालों की भीड़ जुट गई। नवजात का शव नाले के पास फेंका गया था। सूचना के बाद गांव की जुटी महिलाओं ने बताया कि नवजात का जन्म 24 घंटे के अंदर हुआ था. मगर किसी अभागन मां ने उसे यहां लाकर फेंक दिया। इधर गांव के मुखिया के माध्यम से नवजात का शव होने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह पर लाश मिली है। वह बिहार के नवादा जिले की सीमा से करीब है और यहां पर कई नर्सिंग होम संचालित हैं। इधर गांववालों की शिकायत और सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी बनी हैवान! प्रेमी के साथ मिलकर पति को पत्थरों से कूचकर मार डाला

**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड के कोडरमा में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां महिला और उसके प्रेमी ने मिलकर पति को पत्थरों से कुचलकर मार डाला। मृतक की पहचान गोवर्धन उर्फ मोदी साहू के रूप में हुई है। मोदी साहू का शव तिलैया डैम में मिला है। तिलैया डैम के पास जब मोदी साहू का शव बरामद हुआ तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने जांच के दौरान गोवर्धन के कॉल डिटेल्स की जांच की तो एक युवक अजय पासवान पर शक हुआ। अजय को पुलिस ने हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। इस दौरान पत्नी और उसके प्रेमी अजय की साजिश का खुलासा हो गया। इस मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय रति भूषण सिंह ने बताया कि अजय ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अजय ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने अपने चचेरे भाई अनीकेत और गोवर्धन की पत्नी बबीता के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि अजय और बबीता एक-दूसरे के बहुत करीब आ गए थे। इस दौरान दोनों प्रेम करने लगे थे। इस मामले में जानकारी देते हुए बबीता ने बताया कि उसका पति मोदी साहू आए दिन शराब पीकर पीटता था। प्रेमिका की पिटाई अजय से बर्दाश्त नहीं हुई और उसने बबीता के साथ मिलकर उसके पति की हत्या की योजना बनाई। इसके बाद बुधवार को तीनो ने मोदी साहू को संगरीडीह खेल मैदान में बुलाया और वहीं पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# लाल बिल्डिंग चौक पर 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से अफरातफरी



**आदित्यपुर/गम्हरिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लाल बिल्डिंग चौक के सर्विस रोड पर स्थित एक दुकान के सामने 55 वर्षीय व्यक्ति का शव देखने से अफरातफरी मच गई। बताया गया कि वह कचरा चुनने वाला शिवनारायणपुर निवासी राजेश महतो का शव था। वह बीते कई वर्षों से कचरा चुनकर अपना जीवन यापन करता था। इस मामले की सूचना मिलते ही पूर्व वार्ड पार्षद ममता बेज वहां पहुंचकर आदित्यपुर पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची ममता बेज ने शव को सड़क से हटाकर किनारे रखाया। इस दौरान मृतक के परिजनों को भी मामले की जानकारी दी। मृतक की पत्नी के आने के बाद लाश को उनके घर भिजवाने की व्यवस्था की गई। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि उन्हें सरकारी सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश महतो पहले शिवनारायण पर स्थित सरना टोला में अपनी पत्नी के साथ रहते थे। हालांकि, कुछ समय से वे केडिया गली में अपनी बेटी और दामाद के साथ रहने लगे थे। लेकिन दोनों के काम से बलरामपुर जाने के बाद राजेश महतो फुटपाथ पर ही रात गुजारने लगे थे।

## जानलेवा हमला करने के आरोप में एक गिरफ्तार, जेल

**चक्रधरपुर/मनोहरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनोहरपुर थाना क्षेत्र के तरतरा गांव में बीते मंगलवार को एक व्यक्ति के ऊपर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने तिरला निवासी 32 वर्षीय विनोद मिंज को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने 40 वर्षीय पीड़ित प्रेमनाथ महतो के द्वारा दिए आवेदन पर मामला दर्ज कर आरोपी विनोद मिंज को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।घटना को लेकर प्रेमनाथ महतो द्वारा दिए गए शिकायत के अनुसार बीते मंगलवार को तरतरा गांव के खेल मैदान में फुटबॉल का मैच चल रहा था। विनोद मिंज मैदान में कुछ युवकों से लड़ाई करने व बोतल फोड़ कर धमकी देने लगा। सी दौरान प्रेम नाथ और कुछ लोग उसे समझाने पहुंचे तो विनोद ने कांच के बोतल से प्रेमनाथ पर जानलेवा हमला कर दिया।

## हरहरगुट्टू में गैरेज में लगी भीषण आग, मालिक झुलसा

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार सुबह करीब 10 बजे हरहरगुट्टू स्थित एक गैरेज में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे गैरेज को अपनी चपेट में ले लिया। गैरेज मालिक संतोष कुमार आग बुझाने की कोशिश में झुलस गया। उसे आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।जानकारी के मुताबिक, विश्वकर्मा पूजा के बाद गैरेज मालिक ने जलते हुए दीए को छोड़कर दुकान बंद की और घर चला गया। बताया जा रहा है कि उसी दीए से आग की चिंगारी उठी और गैरेज में रखा सामान धू-धू कर जलने लगा। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया।स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लोगों ने खुद फायर एक्सटिंग्विशर का इस्तेमाल किया। इस दौरान दमकल विभाग और पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हुए। लोगों ने आरोप लगाया कि तत्काल सूचना देने के बावजूद न तो दमकल की गाड़ियां समय पर पहुंचीं और न ही पुलिस। गुस्साए लोगों ने कहा कि अगर दमकल समय पर पहुंच जाती तो इतना बड़ा नुकसान नहीं होता।इस घटना में गैरेज के अंदर रखे कई जरूरी पार्ट्स और सामान जलकर राख हो गए। नुकसान का आकलन 10 लाख रुपये से अधिक बताया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## जिप सदस्य रीता देवी के पति व सेवानिवृत्त एसआई दशरथ तिवारी का निधन

**कोडरमा/मरकच्चो/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरकच्चो दक्षिणी क्षेत्र की जिप सदस्य रीता देवी के पति एवं सेवानिवृत्त एसआई दशरथ तिवारी (72 वर्ष) का निधन मंगलवार की सुबह हो गया। जानकारी देते हुए उनके पुत्र समाजसेवी रविशंकर तिवारी मंटू ने बताया कि सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया, जहाँ से डॉक्टरों ने रांची रेफर कर दिया। रांची स्थित मेडिका अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्व. तिवारी अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री व तीन पुत्र का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। शोक जताने वालों में प्रमुख रूप से बिजय कुमार सिंह, जिप सदस्य गुड़िया यादव, राजकुमार यादव, बिजय यादव, डॉ. जावेद, मो. खलील, अफजल मियां, महताब आलम, मो. जावेद, नूर आलम, तोकीर अहमद, मुखिया दीपक कुमार पांडेय, रंजीत कुमार सिंह, रानी सिंह, पूर्व मुखिया अनुराधा सीता, दिवाकर तिवारी, सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप सिन्हा, नवदीप रंजन मुन्ना, कांशी तिवारी, संतोष सिंह, अशोक पांडेय, शंभु सिंह, सतीश सिंह, नवीन सिंह, रवींद्र पांडेय, रामचंद्र यादव, बबलु यादव, चंद्रिका सिंह समेत कई लोग शामिल हैं।

## दुष्कर्म मामले में दो दोषियों को 10-10 साल कैद की सजा

**गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिविल कोर्ट एडीजे-4 संजीव भाटिया की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपियों थोबियस तिर्की और राजेश मिंज को दोषी करार देते हुए 10-10 साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना नहीं भरने पर एक-एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जानकारी के मुताबिक यह घटना चैनपुर थाना क्षेत्र में 17 मार्च 2018 की है। घटना के दिन पीड़िता बैल खोजने जंगल गई थी, तभी आरोपियों ने बहाने से उसे अंदर ले जाकर सुनसान जगह पर जबरन दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी।करीब सात साल तक चले मुकदमे में गवाहों और सबूतों के आधार पर शनिवार को अदालत ने दोनों आरोपियों को सजा मुकर्रर की।

# उपायुक्त ने अनाथ बच्चों की जिम्मेदारी अपने हाथों में ली

**गुमला संवाददाता/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में हाल के महीनों में अनाथ हुए बच्चों की खबरों ने प्रशासन को गहराई से झकझोर दिया है। विभिन्न कारणों से माता-पिता खो चुके इन मासूमों की संख्या अब तक लगभग 25 हो चुकी है। इनमें से अधिकांश मामलों में सड़क दुर्घटनाएं प्रमुख कारण रही हैं।

इन परिस्थितियों पर गंभीर पहल करते हुए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने स्वंय जिम्मेदारी अपने हाथों में ली और सभी बच्चों को सरकारी योजनाओं से शीघ्र जोड़ने का संकल्प जताया।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बाल कल्याण समिति व प्रखंड स्तर के अधिकारी परिवारों से सीधे मिलें और बच्चों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया प्राथमिकता से शुरू करें। इस बीच यह भी पाया गया कि अधिकांश परिवारों के पास आधार कार्ड,मृत्यु प्रमाण पत्र, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र जैसे बुनियादी दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण शिक्षा, स्वास्थ्य और पुनर्वास संबंधी योजनाओं तक बच्चों की पहुंच कठिन हो रही थी।पदाधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से स्वयं जाकर मुलाकात की और आवश्यक दस्तावेज बनाने का कार्य तेजी से आरंभ किया। डुमरी,घाघरा और रायडीह प्रखंडों के इन 25 बच्चों के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी कागजात तैयार किए जा रहे हैं, ताकि उन्हें छात्रवृत्ति, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा और अन्य योजनाओं से जोड़ा जा सके। ये बच्चे दो वर्ष से लेकर 20वर्ष तक की आयु वर्ग में हैं और माता-पिता की मृत्यु से पूरी तरह असहाय हो गए हैं। उपायुक्त बच्चों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि जिला प्रशासन का दायित्व है कि इन मासूम बच्चों के जीवन में किसी प्रकार की कमी न हो। उनके पालन-पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे। जब तक दस्तावेज की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, प्रशासनिक स्तर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बच्चों के जीवन में असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न न हो और उन्हें तत्काल सभी सहयोग उपलब्ध कराया जाए। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि इन अनाथ बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने और उनके पुनर्वास में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# जयनगर की पांच पंचायतों में लोक कल्याणकारी शिविर का सफल आयोजन

**कोडरमा/जयनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड के करियावा, कंद्रापडीह, हीरोडीह, चेहाल एवं तमाय पंचायतों में पंचायत स्तरीय लोक कल्याणकारी शिविर का सफल आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ उठाया। शिविर में विभागवार काउंटर लगाकर जन वितरण प्रणाली, शिक्षा, कृषि, बाल विकास, स्वास्थ्य, चिकित्सा, पशुधन, मनरेगा, आवास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण, बरसा सिंचाई व हरित योजना से लाभ, अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, गोद-भराई कार्यक्रम, राशन कार्ड वितरण, पेंशन स्वीकृति, आधार पंजीकरण व सुधार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना के आवेदन भी प्राप्त किए गए। शिविर में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया आदि की जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। ग्रामीणों को धोती, साड़ी और लूंगी का भी वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने सभी शिविरों का निरीक्षण किया और मौके पर लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी जब अधिक से अधिक पात्र लोग समय पर इनका लाभ उठाएंगे। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी परिवार योजनाओं से वंचित न रहे और सभी तक इनका सीधा लाभ पहुंचे।

## एनटीटीएफ में धूमधाम से हुई विश्वकर्मा पूजा



**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान गोलमुरी में हर्षोल्लास के मंगलवार को श्रद्धा पूर्वक भगवान विश्वकर्मा पूजा आयोजित की गई। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा भक्ति भाव के साथ सभी शिक्षक गण,प्राचार्य प्रीता जॉन एवं उप प्राचार्य रमेश राय अन्य लोग संस्थान के सभागार में एकत्रित हो वास्तुकला के देव और कलात्मक रचनाओं में सर्वश्रेष्ठ भगवान, समस्त सृष्टि का निर्माण करने वाले भगवान श्री विश्वकर्मा पूजा में शामिल हुए,उसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई । पूजा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संयोजक प्रणव घोष, विनीत प्रसाद, दीपक सरकार, वरुण कुमार, रंजीत कुमार, प्रीति, नकुल कुमार, जगदीश महतो, रोहित, सुमन कुमार, हरेश, अजीत कुमार, मृणमय कुमार कुमार उपस्थित थे।

## हाथियों का आतंक, ग्रामीण दहशत में

**मझगांव/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मझगांव प्रखंड क्षेत्र मैं निरंतर कई दिनो से जंगली हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान,बुधवार मध्य रात्रि को जंगली हाथियों ने मझगांव प्रखंड अंतर्गत बालियापोसी निवासी श्याम सिंकु के घर को तोड़कर धान चावल खा गए, घर में रात के लगभग 10:45 पर धावा बोलकर जंगली हाथियों ने घर में रखे धान और घर के समान को तोड़कर तहस-नहस कर दिया. पीड़ितों ने कहा कि जंगली हाथियों ने हम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है. निरंतर बीते एक सप्ताह से जंगली हाथी शाम ढलते ही घरों में धावा बोलकर घरों को तोड़ रहे हैं और घर में रखें धान चावल खाकर सामग्री को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं. हम लोग रात-रात भर जाग कर परेशान है. रात को जंगली हाथियों के झुंड से अलग होकर दो हाथियों ने घर में हमला कर रहा है. उधर उधर बेलम जंगल में एक हाथी डेरा जमाया हुआ है और जंगल क्षेत्र के धन को नुकसान पहुंचा रहा है. क्षेत्र के राहगीर उसे रास्ते से आगमन भी छोड़ दिए हैं. कई दिनों से हाथी दिन में भी लोगों को दौड़ा कर करने का प्रयास कर रहा है. लोगों ने जैसे तैसे जान बचाकर वहां से दूर भाग गए. हाथियों ने जमकर उत्पाद मचाया और धान चावल खाकर घर को तोड़फोड़ कर दिया. ग्रामीणों का कहना है के जंगली हाथियों द्वारा घर तोड़कर अनाज खाने का घटना घटती रहती है, कई बार वन विभाग से टॉर्च फटाका उपलब्ध करवाने की गुहार लगाने के बाद भी नहीं दिया जाता है. निरंतर घटना की जानकारी वन विभाग को दी जा रही है लेकिन विभाग द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा.

## प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर शुरू हुआ चार दिवसीय स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम



**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधान मंत्री नारेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा आयोजित चार दिवसीय स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुरूआत बुधवार को सदर अस्पताल से किया गया, जो 17 से 20 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम को उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन और सिविल सर्जन डॉ सुशांतो कुमार मांझी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लक्ष्मी सुरेन ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नारियों को अधिक से अधिक लाभ मिले। उन्होंने कहा कि इस अभियान को गांव-गांव में चला कर नारियों को जागरूक करना है ।उन्होंने कहा कि इसका लाभ हर नारी को मिले, उक्त अभियान में सभी नारी को जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रकार की बीमारियों जांच की जाएगी और दवा भी दी जाएगी।इस का लाभ हर व्यक्ति को उठानी चाहिए। सरकार के द्वारा चलाई जा रही हर कार्यक्रम के बारे भी ग्रामीणों को बताना है और उसका लाभ के प्रति जागरूक भी करना है।इस मौके पर सिविल सर्जन ने भी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर सदर अस्पताल से जागरूकता रथ को रवाना किया गया।जो गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे।इस अवसर पर डीएस डा, शिव चरण हासदा,डा,मीना कालुंडिया,डा,मीनु कुमारी समेत सदर अस्पताल के सभी पदाधिकारी, एएनएम,जीएनएम और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# ट्रक चालक से अवैध धनराशि लेते वीडियो फुटेज पर पलामू पुलिस अधीक्षक ने लिया कड़ा एक्शन

## नावा बाजार थाना के एएसआई को किया निलंबित

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नावाबाजार थाना अन्तर्गत रात्रि गश्ती दल का संदिग्ध वीडियो फुटेज वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक ने कड़ा एक्शन लिया है। पुलिस अधीक्षक ने नावाबाजार थाना के एएसआई राजेश बैठा को निलंबित कर दिया है। साथ ही थाना प्रभारी को छोड़ नावा बाजार थाना के सभी पुलिस कर्मियों को लाइन हजिर कर दिया।

■ थाना प्रभारी को छोड़ नावा बाजार थाना के सभी पुलिस कर्मियों को किया लाइन हाजिर

बताते चलें कि 16 सितंबर को नावा बाजार थाना के एएसआई राजेश बैठा द्वारा ट्रक ड्राइवर से पैसा लेने संबंधी वायरल



वीडियो पुलिस अधीक्षक को उनके व्हाट्सएप पर मिला था। पुलिस अधीक्षक ने इसकी सत्यता की जांच के लिए वीडियो फुटेज को विश्रामपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भेजा। जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि

वीडियो में सअनि राजेश बैठा अपने गश्ती पदाधिकारी के होते हुए भी ट्रक चालक से अवैध धनराशि लेते दिख रहे हैं। यह आचरण संदिग्ध, मनमाना व अनुशासनहीन प्रतीत होता है। जांच प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया। इसमें अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी।

पुलिसअधीक्षक ने परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, पलामू को निर्देशित किया कि नावा बाजार थाना में पूर्व से प्रतिनियुक्त सभी सशस्त्र बलों को पुलिस केंद्र में प्रतिनियुक्त करते हुए, उनके स्थान पर नए प्रति स्थानी बलों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए।

### आम लोग पुलिस पदाधिकारी व कर्मी के संदिग्ध आचरण की दें जानकारी : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी पुलिस पदाधिकारी या कर्मी के विरुद्ध शिकायत या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो

तुरंत पलामू पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 7070452955 पर साझा करें। शिकायत की जांच वरीय पदाधिकारी के माध्यम से कराया जाएगा। दोषी पाए जाने पर पुलिस कर्मी या पुलिस पदाधिकारी पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरूआत

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज देश के यशस्वी प्रधान मंत्री भाई नरेंद्र मोदी जी का जन्म दिवस है,इसी निमित भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे राष्ट्र में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं उसी निमित आज गिरिडीह में भी बाबा दुखहरन नाथ मंदिर प्रांगण की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान की शुरूआत किया गया, ये कार्यक्रम आज से शुरू हो कर 2 अक्टूबर तक हर बूथ हर गांव तक चलाया जाएगा।

आज सुबह 7 बजे ही पूर्वी भाग मंडल के ग्राम राउत गादी पंचायत उदना बाद में३ अवस्थित झारखंड के पौराणिक और प्रसिद्ध मंदिर बाबा दुखहरन नाथ मंदिर प्रांगण व्याप्त कूड़ा करकट की सफाई किया गया और सभी ने प्रण किया है कि इस अभिया को जनता के बीच में जागरूकता ला कर इस अभियान को आगे भी चलाया जाएगा ,कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत मंदिर में रहने वाले



साधु महात्माओं और आस पास खेल रहे छोटे छोटे बच्चों को दही चूड़ा खिला कर मोदी जी का जन्म दिन मनाया गया और बाबा दुखहरन नाथ से मोदी जी लम्बी आयु और दीघार्यु हो इस की कामना की गई और यूँही देश को ऊंचाइयों पर ले जाने का उनके जज्बे को शक्ति प्रदान करें।कार्यक्रम को सफल बनाने मण्डल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, मण्डल के पूर्व अध्यक्ष दीपक पंडित और उसी मण्डल में बास करने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता अनूप सिन्हा और इस अभियान की सह संयोजक संगीता सेठ, डोली पाठक ,प्रदीप सिंह, दिलीप मरिक, पंचानंद बर्मा, और उस पंचायत की महिला और पुरुष कार्यकर्ताओ के योगदान रहा, इस कार्यक्रम में जिला की और मुख्य रूप से उपस्थित थे प्रकाश सेठ जी, सुरेश साव जी, दिनेश यादव जी, सुभाष सिन्हा जी, अमर सिन्हा, राजेश जैसवाल प्रकाश दास,कार्यक्रम के जिला सह संयोजक सुनीत कुमार, और इस कार्यक्रम के जिला संयोजक संजीत सिंह पप्पू ने सभी कार्यकताओं का और वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर

# राजहरा कोलियरी में सीसीएल के ब्लड डोनेशन कैंप में 46 ने किया रक्तदान



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** देश के प्रधान सेवक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव पर सीसीएल के तत्वाधान में राजहरा कोलियरी में लगाए गए ब्लड डोनेशन कैंप में सीसीएल राजहरा के जीएम मनीष कुमार व अर्पिता महिला समिति की अध्यक्ष रूबी गुप्ता ने संयुक्त रूप से रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। मौके पर 46 सीसीएल कर्मियों सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर जीएम मनीष कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर आयोजित सेवा दिवस पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया है। क्षेत्र में बहुत दिनों के बाद क्षेत्र के उत्थान के लिए कार्य शुरू किए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बहुत जल्द ही राजहरा कोलियरी में कोयले का उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने डोनेशन कैंप में बढ़ -चढ़कर हिस्सा लेने वाले सीसीएल कर्मियों सहित अन्य लोगों को बधाई दी। मौके पर अर्पिता महिला समिति की अध्यक्ष रूबी गुप्ता ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। फिर ब्लड डोनेशन में पीछे क्यों रहेंगी। कहा कि महिलाएं भी देश के विकास में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। ब्लड डोनेशन कैंप में भी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। मौके पर राजहरा कोलयरी के प्रोजेक्ट ऑफिसर विनोद कुमार दीपक ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। कहा कि विजिलेंस के रूप में भ्रष्टाचार मुक्त करना उनकी जिम्मेदारी है। ऐसा वे करेंगे। मौके पर सीसीएल राजहरा एरिया के चिकित्सक डॉ सच्चिदानंद ने कहा कि रक्तदान से शरीर चुस्त व दुरुस्त रहता है। रक्तदान से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। मौके पर कैरियर सॉफ्टी ऑफिसर युगल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर राजहरा में डोनेशन ब्लड डोनेशन कैंप लगा क्षेत्र के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने क्षेत्र वासियों से राजहरा कोलियरी के विकास में साथ देने की अपील की। मौके पर पीओ विनोद कुमार दीपक, सुषमा दीपक, मैनेजर मदन मोहन चतुवेर्दी, एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ वीर बहादुर सिंह, डॉ श्याम किशोर, सीएसआर हेड मोहम्मद हामिद, संजय कुमार मेहता सहित कई ने रक्तदान किया। मौके पर बीके भोर, श्रीराम प्रजापति, अभय कुमार सहित बड़ी संख्या में चिकित्साकर्मी मौजूद थे।

■ शीघ्र ही पुनः खुलेगा राजहरा कोलियरी : जीएम मनीष

■ ब्लड डोनेशन में महिलाएं बढ़ चढ़कर ले रही भाग : रुबी गुप्ता

■ रक्तदान है सबसे बड़ा दान : पीओ विनोद कुमार दीपक

# गरीब कबाड़ चुनने वाली महिला की मौत, अंतिम संस्कार में सामने आई लाचारी, समाजसेवियों ने बढ़ाया मदद का हाथ

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण/हजारीबाग।** आज एक बेहद गरीब महिला की मौत हो गई, जो लंबे समय से कबाड़ चुनकर अपने परिवार का गुजर-बसर कर रही थी। वह लगभग एक साल से जीटी रोड पर फ्लाईओवर के लिए बने स्ट्रक्चर में अपने दो छोटे बच्चों के साथ रह रही थी। गरीबी और लाचारी की स्थिति इतनी गंभीर थी कि जीवनयापन के लिए वह कबाड़ चुनने पर निर्भर थी। आसपास के लोग समय-समय पर मदद करते थे, जिससे किसी तरह उसका जीवन चल रहा था।

महिला की मौत के बाद शव ले जाने और अंतिम संस्कार की व्यवस्था में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस कठिन समय में समाजसेवी आगे आए। पूर्व मुखिया भुट्टु खान, स्थानीय दशरथ कैशरी, मरहेडी के बिनोद भुइंया सहित कई लोगों ने सहायता पहुंचाई। इस दौरान आपदा मित्र एंबुलेंस शक्ति ने एक बार फिर नेक कार्य करते हुए शव को रानीक पहुंचाया, जिससे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी हो सकी। इस घटना ने एक बार फिर समाज में व्याप्त गरीबी और लाचारी की दर्दनाक तस्वीर सामने रख दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जरूरतमंद परिवारों के लिए स्थायी मदद और पुनर्वास की ठोस व्यवस्था सरकार और प्रशासन को करनी चाहिए, ताकि इस तरह की त्रासदियां दोबारा न घटें।

# भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा में स्वच्छता पखवारा शुरू

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा में बुधवार, 17 जुलाई 2025 को स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व वृक्षारोपण अभियान के तहत संस्थान के आवासीय परिसर में पौधरोपण से हुई।

इस मौके पर विशेष कार्याधिकारी डॉ. विशाल नाथ के मार्गदर्शन में प्रशासनिक अधिकारी सुबोध नीरज, नियंत्रक प्रशांत कुमार समेत संस्थान के सभी वैज्ञानिक और कर्मचारी शामिल हुए। पौधरोपण के बाद सभी अधिकारी समिति कक्ष में जुटे और डॉ. विशाल नाथ की अध्यक्षता में स्वच्छता की शपथ ली। सभा में कर्यालय और आवासीय परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने पर चर्चा हुई। स्वच्छता समिति की अध्यक्ष डॉ. अनीमा महतो ने पखवाड़े के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने ने बताया, 17




सितम्बर से 01 अक्टूबर तक चलने वाले इस पखवाड़े में कार्यालय व परिसर की सफाई, आस-पास के मंदिर, विद्यालय और पर्यटक स्थलों की सफाई, गांवों में जागरूकता शिविर और स्वच्छता मैराथन जैसे कई कार्यक्रम होंगे। संस्थान के अधिकारी, वैज्ञानिक और विद्यार्थी मिलकर न केवल परिसर बल्कि आसपास के गांवों में भी सफाई और स्वच्छता का संदेश फैलाएंगे।

# चयनित खिलाड़ी राज्यस्तरीय ट्रायल में लेंगे भाग

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के निदेशानुसार हजारीबाग जिले में जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिला खेल कार्यालय हजारीबाग के तत्वावधान में कर्जन स्टेडियम में दिनांक 18 एवं 19 सितम्बर 2025 को संपन्न हो रही है।

प्रतियोगिता में फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी एवं कुश्ती खेलों के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 10 से 14 वर्ष एवं 16 से 22 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी खिलाड़ी शामिल हैं। चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय ट्रायल में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिसका आयोजन 24 एवं 25 सितम्बर 2025 को रांची में किया जाएगा। अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को रेज़िडेंशियल स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, जेएसएसपीएस स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में



प्रशिक्षण प्राप्त होगा। आज के पहले दिन आयोजित ट्रायल में लगभग 150 खिलाड़ियों ने सक्रिय भागीदारी की। इस सफल आयोजन में जिला खेल पदाधिकारी श्री प्रेम कुमार, कोऑर्डिनेटर श्री कोलेश्वर गोपे एवं असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर श्री सरोज यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही कोच सुशीला कुमारी, सोनी कुमारी, अनुकंपा रुंडा, कुंदन कुजुर, मुदस्सिर खान, संदीप खालको सहित कई राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक भी आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# भगवान विश्वकर्मा श्रम, कौशल व सृजनशीलता के प्रतीक : निदेशक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मोहनपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में टफकॉन टीएमटी ,मोंगिया स्टील, सलूजा गोल्ड, कार्बन रिसोर्सेज, बालमुकुंद टीएमटी, चैतू साव, शिवम सिसकॉन रोलिंग मिल,अतिवीर, स्वाति कोण कास्ट ,लाल स्टील, गोरखनाथ, शैल पुत्री,डीवीसी परिसर सहित कई प्रतिष्ठान में शिल्प देव भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा ,फोटो व मूर्ति स्थापित कर श्रद्धा और उल्लास के साथ पूजा-अर्चना की गई।

इस अवसर पर टफकॉन टीएमटी कंपनी के निदेशक सूरज कुमार, मोंगिया स्टील के हरमिंदर सिंह मोंगिया सहित कई निदेशकों ने सभी कर्मचारियों, श्रमिकों और उपस्थित अतिथियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा श्रम, कौशल और सृजनशीलता के प्रतीक हैं। उनकी कृपा से ही उद्योग और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है पूजनोत्सव के उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिकों, स्थानीय लोगों और कंपनी से जुड़े अधिकारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम में भक्तिमय माहौल रहा और औद्योगिक क्षेत्र में उत्सव जैसी रौनक देखने को मिली निदेशक सूरज कुमार ने कहा कि यह परंपरा श्रमिकों और उद्योग जगत के बीच एकता और सहयोग की भावना को और मजबूत करती है। मौके पर मौजूद लोगों ने भी विश्वकर्मा पूजा को श्रम के प्रति सम्मान और औद्योगिक प्रगति का प्रतीक बताया। दिनभर मोहनपुर औद्योगिक क्षेत्र जश्न और उत्साह से सराबोर रहा।

## प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025-26 : गिरिडीह में पहले दिन फुटबॉल एवं बैडमिंटन के ट्रायल संपन्न

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पर्यटन कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, राँची द्वारा आयोजित 'प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025-26' के अंतर्गत आज (दिनांक 18 सितम्बर 2025) गिरिडीह +2 उच्च विद्यालय का खेल मैदान (ब्यूटी फील्ड) में पहले दिन फुटबॉल एवं बैडमिंटन खेलों के ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

जिला खेल पदाधिकारी, गिरिडीह ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता (दिनांक 24 एवं 25 सितम्बर 2025, राँची) के लिए किया जा रहा है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में पथ निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में हजारीबाग रोड (सरिया) केशवारी स्टेशन के बीच एल. सी. नो. 20बीटी पर आर ओबी पहुँच पथ परियोजना के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। उक्त बैठक में उपायुक्त द्वारा हजारीबाग रोड सरिया आर ओबी पहुंच पथ के समुचित कार्यो की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। आगे उपायुक्त ने हजारीबाग रोड सरिया आरओबी पहुंच पथ निर्माण कार्य में आ रही दिक्कतों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए दूर करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग से संबंधी कार्यो को भी सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने कहा कि पहुंच पथ निर्माण कार्य में विधि व्यवस्था संबंधी आ रही परेप्रशासनिक कुशलता के साथ विधि व्यवस्था से संबंधित समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा। उपायुक्त ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर भूमि अर्जन एवं मुआवजा भुगतान से संबंधित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, बगोदर, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, संबंधित विभाग के अधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम के निजी विद्यालयों के एकाधिकार को खत्म करने की बात कहना दुर्भाग्यपूर्ण : अविनाश

■ झारखंड इंडिपेंडेंस स्कूल एलाइंस के केंद्रीय अध्यक्ष सह प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने मुख्यमंत्री के बयान को बताया दुखद

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड इंडिपेंडेंस स्कूल एयरलाइंस के केंद्रीय अध्यक्ष सह प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा ने गत दिन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा निजी विद्यालयों के संदर्भ में दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के बयान पर छोभ प्रकट किया है। अविनाश वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन के सभागार में 301 सहायक आचार्यो को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में कहा कि आप लोग ईमानदारी व मेहनत से काम करिए ताकि हम सब मिलकर निजी विद्यालयों के एकाधिकार को खत्म कर सकें। कहा कि मुख्यमंत्री का यह बात तुच्छ है। कहा कि सरकार के दायित्वों का निर्वहन इस राज्य के सरकारी, मान्यता प्राप्त व गैर मान्यता प्राप्त समेत सभी कोटि के विद्यालय करते आ रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया में कुछ खामियां हो सकती हैं, जिसे दूर किया जाना चाहिए। मगर एक पढ़े -लिखे मुख्यमंत्री होने के बावजूद इस तरह का तुच्छ बयान देना सभी के प्रयासों को ठोकर मारना है।

अविनाश वर्मा ने मुख्यमंत्री के बयान पर कटाक्ष भरे लफ्जों में कहा- सिर्फ निजी विद्यालय के एकाधिकार ही क्यों। क्यों ना निजी अस्पताल, निजी यातायात समेत राज्य में संचालित सभी प्रकार के निजी संस्थाओं के एकाधिकार को खत्म करिए।अगर ऐसा करते हैं तो इसकी शुरूआत आप स्वयं से करें। इससे कि आपकी सोच व आपके बयान में समानता नजर आए।

अविनाश वर्मा ने कहा कि हेमंत सोरेन ने कुछ माह पूर्व एक कार्यक्रम में निजी विद्यालयों के तर्ज पर सरकारी विद्यालयों के संचालन का निर्णय लेते हुए निजी विद्यालयों की भुरी- भूरी प्रशंसा की थी। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय को निजी विद्यालय की तर्ज पर चलाने का निर्णय लिया था। मगर अचानक निजी विद्यालय के संदर्भ में हल्की बातें कर मुख्यमंत्री ने अपनी मनसा को संदेह के घेरे में ला दिया है। कहा कि यह राज्य के साथ पूरे देश के लिए राहत की बात है। जहां आज निजी संस्थाओं के बल पर आधी आबादी आश्रित है। विशेष कर शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के बल पर देश का नाम कई क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका में कार्यरत व रोशन है।

# हरिहरगंज में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम अभियान का शुभारंभ

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज के सभागार में कार्यक्रम आयोजित

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज के सभागार में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी उपस्थित चिकित्साकर्मियों, ग्रामीणों, स्वास्थ्य कर्मियों व कार्यक्रम में मौजूद सभी मरीज को कार्यक्रम दिखाया गया। साथ ही इसके बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा देश को संबोधन में बताए गए सभी प्रकार के स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज के अंतर्गत आने वाले सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में भी इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन कराया गया। कार्यक्रम के संचालन में डॉक्टर गोपाल प्रसाद के साथ अस्पताल के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी



एएनएम, स्वास्थ्य कर्मी, प्रखंड लेखा प्रबंधक सुनील कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक सत्यनारायण कुमार व आरबीएसके एमओ डॉ तौहीद अहमद, इस्लाम अंसारी, अस्पताल परिसर के सभी पदाधिकारी व कर्मी ने अहम योगदान दिया।

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार देश की नारी शक्ति और भावी पीढ़ी के लिए एक अत्यंत ही मानवीय पहल "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" और "राष्ट्रीय पोषण माह" अभियान का शुभारंभ हुआ।

पीएम नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के थार जिले से इस अभियान की विधिवत शुरूआत की। इसी कड़ी में बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस के निर्देशन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" और "राष्ट्रीय पोषण माह" अभियान का शुभारंभ हुआ। उदघाटन एसडीओ जोहान टुडू, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी , मुखिया प्रतिनिधि मो ताज उद्दीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस महाअभियान के तहत 17 सितंबर से आगामी 02 अक्टूबर तक देशभर में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य

■ ३स्वस्थ नारी सशक्त परिवार३ अभियान से नारी स्वास्थ्य व्यवस्था होगी सुदृढ़ : एसडीओ



शिविर आयोजित किए जाएंगे बरही अनुमंडलीय अस्पताल के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों सहित अन्य सभी सरकारी अस्पतालों में मिशन मोड में स्वास्थ्य जांच परीक्षण, दवाई वितरण और आभा आईडी पंजीकरण का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीओ जोहान टुडू ने कहा कि यह अभियान नारी स्वास्थ्य के लिए काफी मददगार साबित होगा। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी जी ने नारी स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस अभियान को शुरू किया है। जो काबिले तारीफ है। उन्होंने आम जनता से अपील किया है कि इस अभियान से जुड़े और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। मौके डॉक्टर इंद्रजीत कुमार, डॉक्टर प्रवीण कुमार, सुधांशु कुमार, बिजेंद्र कुमार, गौतम कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# खूंटी में दो दिवसीय प्रतिभा चयन ट्रायल का आगाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** जिले में दो दिवसीय प्रतिभा चयन ट्रायल की शुरूआत उत्साहपूर्ण माहौल में बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, खूँटी में हुई। इस ट्रायल में हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, बैडमिंटन, कबड्डी और क्रिकेट खेलों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। पहले दिन जिलेभर से आए 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बच्चों का बैटरी टेस्ट लिया गया, जिसमें शटल रन, मेडिसिन बॉल थ्रो, 30 मीटर फ्लाइंग स्टार्ट, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप और 800 मीटर दौड़ शामिल थे। खिलाड़ियों ने इन सभी गतिविधियों में अपनी क्षमता और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



पहले दिन के समापन अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए ओलंपियन मनोहर तोपनो, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सावित्री पूर्ति, रअककोच जगन टोपनो, जिला खेल पदाधिकारी खूँटी राजेश कुमार चौधरी एवं जिला खेल समन्वयक खूँटी राहुल कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रशिक्षकों का अहम योगदान रहा। इनमें फुटबॉल कोच सुमन होरो, शिवानंद राम, आनंद कोंगाड़ी, हॉकी कोच लाल मिंगकिमी खियाँगते, बिबियानी कोंगाड़ी, सुशांति हेरेंज, बेन्यामिन होरो, सुमरा भेंगरा, सुभाषी हेम्ब्रोम, मार्कस पूर्ति, बैडमिंटन कोच सुमित, सागर, कबड्डी कोच शिव कुमार महतो, क्रिकेट कोच देवा हास्सा, तीरंदाजी प्रशिक्षक रोशन कुमार, एथलेटिक्स प्रशिक्षक राजेश कोल सहित कई अन्य प्रशिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही, जिला खेल कार्यालय के कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से प्रतियोगिता का संचालन सुचारु रूप से सम्पन्न हो सका। आयोजकों का कहना है कि इस चयन प्रक्रिया से जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

## पशु चोर को पीटकर लोगों ने किया पुलिस के हवाले

**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र की हरियाजाम कालोनी के समीप ग्रामीणों ने गुरुवार की अल सुबह पांड्रा बस्ती निवासी हलीम शेख को गाय चोरी कर ले जाते पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान उसके अन्य साथी भाग गए। गाय मालिक पांड्रा निवासी राजी अहमद ने हलीम शेख के खिलाफ निरसा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की सुबह जब हलीम शेख अपने टेंपो लेकर जा रहा था तो हम लोगों को संदेह हुआ। उससे पूछा कि टेंपो में क्या है तो कहा कि इसमें कोयला है। परंतु टेंपो में गोबर लगा देखकर हम लोगों को संदेह हुआ। जब हम लोगों ने टेंपो रोक कर देखा तो उसमें दो गाय लदी थी। मामले की भनक लगते ही उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे। उसके बाद ग्रामीणों ने उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हलीम शेख आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है तथा कई मामलों में वह पूर्व में भी जेल जा चुका है। ज्ञात हो कि लगभग पांच दिनों से हम लोगों के मवेशी गायब है।

# प्री-नान-इंटरलाकिंग कार्य को ले कई ट्रेनों की बदली रूटें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जामताड़ा।** गोरखपुर मंडल में गोरखपुर-डोमिनगढ़ के बीच तीसरी लाइन के चालू होने और गोरखपुर-नकहा जंगल के दोहरीकरण को लेकर 22 सितंबर प्री-नान-इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा।

यहां दोबारा 23 से 26 सितंबर तक नान-इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा। इसके परिणाम स्वरूप कई ट्रेनों का परिचालन बंद रहेगा और मार्ग भी बदले जाएंगे।

इस दौरान 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर जंक्शन 26 व 29 सितंबर को रद रहेगी। जबकि 15028 गोरखपुर जंक्शन-सम्बलपुर एक्सप्रेस 23 से 27 सितंबर तक रद रहेगी। 15049 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस 24 व 28 को रद रहेगी। 15050 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस 24 व 27 सितंबर को रद रहेगी। 15051 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस 26 को रद रहेगी, जबकि 15052 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस 25 सितंबर को रद रहेगी।

वहीं इस दौरान 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर जंक्शन की 22 से 25 सितंबर देवरिया सदर तक चलेगी। परिणामस्वरूप, देवरिया सदर-गोरखपुर के बीच ट्रेन परिचालन सेवा रद रहेगी। 15047 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस 22 व 23 सितंबर को देवरिया सदर तक ही जाएगी।

ट्रेन संख्या 13507 आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस की 26 सितंबर को सीवान तक ही आवाजाही करेगी। परिणामस्वरूप, सिवान-गोरखपुर के बीच ट्रेन परिचालन सेवा रद रहेगी। 13508 गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस की 27 सितंबर को गोरखपुर के बजाय सीवान से संक्षिप्त रूप से प्रारंभ होगी।

वहीं 13019 हावड़ा - काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस की 22 सितंबर व 26 को अपने नियमित मार्ग गोरखपुर (देवरिया सदर को छोड़कर), खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर, गोंडा के बजाय भटनी जंक्शन - मऊ-वाराणसी-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जाएगी। 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस की 22.09.2025 से 26.09.2025 तक होने वाली यात्रा अपने नियमित मार्ग गोरखपुर के बजाय बाराबंकी-अयोध्या कैंट-वाराणसी-मऊ-भटनी जंक्शन (गोंडा पर ठहराव को छोड़कर), मनकापुर, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, चौरी चौरा, देवरिया सदर के रास्ते चलाई जाएगी।

इसके साथ ही 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस की 21 सितंबर को होने वाली यात्रा का समय काठगोदाम से 90 मिनट पहले पुनर्निर्धारित किया जाएगा। जबकि 15048 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस की 22 सितंबर को होने वाली यात्रा गोरखपुर से 15 मिनट देरी से शुरू होगी।

# राजनीति का केंद्र बना घाटशिला विधान सभा उपचुनाव

## सत्ता पक्ष व गठबंधन दोनों लगे तैयारी में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घाटशिला।** झारखंड प्रदेश की राजनीति का केंद्र घाटशिला विधानसभा का उपचुनाव बन गया है। उपचुनाव को लेकर सत्ता पक्ष व गठबंधन दोनों के अपने अपने दावे व तैयारियां है।

उपचुनाव के बीच घाटशिला से कांग्रेस के तीन बार विधायक रहे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.प्रदीप कुमार बलमुचू के चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद राजनीतिक हलचल बढ़ गई।

घाटशिला में अपनी सक्रियता बढ़ाने के बाद प्रदीप बलमुचू बीते तीन दिन से दिल्ली में ही डटे है। वे वहां जाकर कार्यकताओं के भावनाओं व संगठन को उपचुनाव क्यों लड़ना चाहिए इन तमाम बिंदुओं को अवगत करा रहे।

प्रदीप बलमुचू शुक्रवार को दिल्ली से रांची लौट सकते है। जिसके बाद वे पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू से दोबारा मिलेंगे। इसके पहले भी मुलाकात में बलमुचू ने प्रदेश प्रभारी के राजू के समक्ष इस बात को रख चुके।

अब दोबारा से प्रदेश प्रभारी के राजू से मुलाकात के बाद क्या निर्णय लिए जाएंगे इसपर भी सबकी निगाहें टिकी हुई है। इधर घाटशिला विधानसभा में कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता भी सक्रिय हो गए।

वे पार्टी आलाकमान व प्रदीप बलमुचू के ग्रीन सिग्नल का इंतजार कर रहे। बूथ स्तर तक कमेटी को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर संगठन के नेताओं ने प्रयास तेज कर दिए है।

घाटशिला सीट पर लगातार कांग्रेस के चुनाव न लड़ने से और गठबंधन के तहत झामुमो के पाले में सीट जाने से कांग्रेस संगठन के कई नेता व कार्यकर्ता इन दस वर्षों में दूसरे दलों में चले गए है।

हालांकि कांग्रेस के दौर में उन्हें जो फ्रंट लाइन का दर्जा मिलता था दूसरे दलों में जाने के बाद उन्हें कोई खास तवज्जो नहीं मिल रहा।

बीते चुनाव में भी कई कांग्रेसी दूसरे दलों में चले गए थे। वे भी अब प्रदीप बलमुचू के चुनाव लड़ने के घोषणा के बाद वापसी के मूड में है।

सूत्रों की मानें तो इस बीच कई पूर्व कांग्रेसियों ने इसपर आपस में चर्चा भी की। वे भी सिर्फ कांग्रेस आलाकमान के घाटशिला सीट पर चुनाव लड़ने के ऐलान का इंतजार कर रहे। इसकी घोषणा होते ही वे भी दोबारा अपने पुराने घर में वापसी कर सकते। फिलहाल वे सभी वेट इन वॉच की स्थिति में है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का हुआ शुभारंभ

## अभियान को सफल बनाने हेतु जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवाझ2025 अभियान का आज से शुभारंभ हुआ। अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लस्वच्छता ही सेवा अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन है।

इसे सफल बनाने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना, खुले में शौचमुक्त वातावरण बनाए रखना, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करना तथा प्लास्टिक अपशिष्ट के उपयोग को कम करने के साथ-साथ रिसाइकिल की अवधारणा को बढ़ावा देना है।

उप विकास आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को अभियान की समयावधि में आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा विस्तार से बताते हुए कहा कि प्रत्येक पंचायत व प्रखंड स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों का संचालन किया जाए। विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता शपथ, रैली, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन हो। विशेष अवसरों के दौरान सामुदायिक स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जाए।

ग्राम स्तर पर मेरा शौचालय-सेवा अभियान के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई एवं मरम्मती कार्य हों।

कार्यशाला में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की ओर से अभियान की गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी को आईटी पोर्टल पर दैनिक आधार पर गतिविधियों की प्रविष्टि एवं रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अभियान में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया और स्वच्छ एवं स्वस्थ खूंटी के निर्माण का दृढ़ निश्चय दोहराया।

# आपत्तिजनक टिप्पणी को ले सड़क पर उतरे लोग

## इंटरनेट मीडिया पर किया था पोस्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मझगांव।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पश्चिमी सिंहभूम जिले के मझगांव थाना में मामला दर्ज कराया गया है। यह प्राथमिकी सरायकेला-खरसावां जिले के खरसावां निवासी संजय सोराक के खिलाफ दर्ज की गई है। इस संबंध में मझगांव मुस्लिम अंजुमन इस्लामिया के सदर तबरेज अंसारी और खडपोस मुस्लिम अंजुमन इस्लामिया के सदर मो. नसीम सहित अन्य ने सामूहिक रूप से थाना में लिखित शिकायत दी। इस दौरान मझगांव और खरसावां में आक्रोश रैली निकल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। शिकायत में कहा गया कि 16 सितंबर 2025 को संजय सोराक ने अपने फेसबुक आईडी संजय सोजक, ग्राम कदमडीहा, थाना-खरसावां से पैगम्बर मोहम्मद साहब के शादी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस पोस्ट से न केवल मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है बल्कि समाज में अशांति फैलने की संभावना भी है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इसके अलावा 16 सितंबर की शाम को खरसावां में भी मुस्लिम समुदाय के द्वारा विरोध करते हुए खरसावां थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इस संबंध में मझगांव थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शांति समिति की बैठक में सोशल मीडिया पर रहेगी नजर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज।** दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में गुरुवार को बीडीओ सह सीओ नागेश्वर साव की अध्यक्षता में हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ किशोर तिर्की उपस्थित थे।

बैठक में दुर्गा पूजा को आपसी भाईचारे, धार्मिक सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील सीओ ने की। उन्होंने पूजा पंडालों में अग्निशामक, सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा डीजे के संबंध में हाई कोर्ट के निर्देश का पालन करने को कहा। एसडीपीओ ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट डालने पर एडमिन पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पुलिस निरीक्षक नूनू देव राय, थाना प्रभारी रोहित कुमार, पूजा समिति के बासुकी नाथ रक्षित, सीताराम रक्षित, हरदेव साह, नंद किशोर साह, रवि साह, बासुदेव पंडित, पंकज भगत, विष्णु जायसवाल आदि थे।

बरहड़वा- थाना परिसर में गुरुवार को बीडीओ सन्नी कुमार दास की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों से पूजा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की चर्चा की गयी।

सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा गया। पुलिस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने कहा कि क्षेत्र में 12 लाइसेंसी पूजा पंडाल हैं। सभी अपने लाइसेंस की प्रक्रिया करवा लें।

गैर लाइसेंस वाले पूजा पंडाल वाले भी आवेदन देंगे। बैठक में विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, सीओ अनोज कुमार, थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, पूर्व प्रखंड सूत्री अध्यक्ष अशोक दास, रंजीत टुडू आदि मौजूद थे।

मंडरो- मिर्जा चौकी थाना परिसर में गुरुवार को सीओ संजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता एवं थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें मिजाचौकी पूजा समिति के सदस्यों से पूजा एवं मेला की जानकारी सीओ ने ली।

सीओ ने बताया कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा करें। कपिल मुनि भगत ने विजयादशमी के दिन शस्त्र पूजन को लेकर आवेदन भी दिया। पूजा समिति अध्यक्ष राजीव जायसवाल ने कहा कि स्टेशन चौक पर संवेदक द्वारा पुलिया की मरम्मत नहीं कराने से परेशानी हो रही है। इस पर सीओ ने संवेदक से दूरभाष पर बात कर पहली पूजा तक पुलिया की ढलाई पूर्ण करने को कहा।

झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने रोशनी के लिए बिजली विभाग से बात की। मौके पर सचिव निरंजन जयसवाल, बद्री भगत, उपाध्यक्ष बलराम भगत, शिवशंकर गुप्ता, बिरेंद्र साह, अशोक वर्मा, राजेश राम आदि थे।

## राशन लूट मामले की जांच शुरू

**धुरकी।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी देवानंद राम ने बुधवार को धुरकी के अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति अधिकारी विमल कुमार सिंह के साथ प्रखंड के कदवा उर्फ लिखनी धौरा गांव पहुंचकर पीडीएस दुकान से ग्रामीणों द्वारा राशन लुटे जाने की जांच की। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने राशन दुकानदार छोटेलाल कोरबा के जन वितरण प्रणाली की दुकान की जांच की। साथ ही घटना के समय वहां मौजूद रहे लाभुकों का बयान कलमबद्ध किया। विदित होकर सरकारी राशन दुकानदार छोटेलाल कोरवा ने धुरकी थाना में आवेदन देकर गांव के ही 11 लोगों पर इन्हें बंधक बना 125 बोरा चावल रंगदारी पूर्वक छीन लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी कराई है, जबकि ग्रामीणों का आरोप है की राशन दुकानदार छोटेलाल कोरबा लाभुकों से करीब तीन महीना पूर्व ही अंगूठा लगवा कर इनके बीच अब तक राशन का वितरण नहीं किया था।

# नगर पंचायत की योजनाओं एवं कार्यों की उपायुक्त ने की गहन समीक्षा

## संचालित योजनाओं को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण करने एवं क्षेत्र की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में नगर पंचायत की विभिन्न योजनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित हुए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में चल रही योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा की। इनमें पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राजस्व संग्रहण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदु शामिल थे।




उपायुक्त ने रेवेन्यू कलेक्शन की स्थिति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शहर को स्वच्छ रखने की दृष्टिकोण से उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत को निर्देशित किया कि नगर पंचायत क्षेत्र के दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन यानी कूड़ादान रखवाना सुनिश्चित करें, लोगों को जागरूक करें, सभी दुकानदारों को निर्देशित करने को कहा गया कि वह अपने-अपने दुकानों के बाहर कूड़ादान रखे, जिससे शहर को स्वच्छ रखा जा सके। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न स्थानों पर कूड़ादान की व्यवस्था करने हेतु नगर पंचायत को निर्देश दिया गया। दुकानों की नियमित रूप से जांच करने, ट्रेड लाइसेंस निर्गत करने समेत अन्य को लेकर निर्देशित किया गया। प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने, आवश्यकता अनुसार अतिक्रमण को हटाने को लेकर निर्देश दिए गए। जिससे क्षेत्र को स्वच्छ रखा जा सके।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि क्षेत्र में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नगर पंचायत क्षेत्र में लगे सभी स्ट्रीट लाइट को शत-प्रतिशत क्रियाशील बनाया जाए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ससमय किस्त की राशि का भुगतान किया जाए। नगर पंचायत द्वारा निर्मित पार्क आदि के बेहतर रख रखाव को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण हों ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## भाजपा में अभी तक प्रत्याशी पर सुगबुगाहट नहीं

**रांची।** झामुमो की पुख्ता तैयारी के बीच भाजपा में अभी तक प्रत्याशी का नाम तय नहीं है। देर से नाम पर निर्णय लेने की वजह से झामुमो को इस सीट पर रणनीतिक बढ़त मिलने के आसार हैं। पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन, रमेश हांसदा समेत अन्य नेता यहां से दावेदार हैं। बताया जाता है कि चम्पाई सोरेन के पुत्र को पुनः टिकट देने का दल के भीतर विरोध हो रहा है।

# नकली शराब फैक्टरी का पुलिस ने किया उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नीमडीह।** नीमडीह थाना पुलिस द्वारा मंगलवार की शाम तेतलो गांव में मिनी अवैध नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का किया भंडाफोड़ किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा 458 बोतल नकली अंग्रेजी शराब, एक टेम्पो एवं शराब बनाने की सामग्री जब्त किया तथा दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

बुधवार को नीमडीह थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सरायकेला-खरसावां पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी दुर्गा पूजा का त्योहार को लेकर पूरे जिले में अवैध शराब का निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश सभी थाना दिया गया है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल अजय कुमार बिन्हा के निर्देश में नीमडीह थाना पुलिस द्वारा तेतलो गांव निवासी अशोक गोप उर्फ विडियो गोप के घर में छापामारी करने पर घर के मुख्य दरवाजे पर खड़े टेम्पो में भारी मात्रा में लोड नकली अंग्रेजी शराब के साथ चांडिल थाना अंतर्गत भादुडीह गांव निवासी निरंजन गोराई एवं जमशेदपुर के परसुडीह निवासी प्रकाश कुमार गुप्ता को रंगे हाथ पकड़ा गया तथा घर के अंदर से नकली अंग्रेजी शराब निर्माण में प्रयोग होने वाला स्प्रीट, विभिन्न ब्रांड के लेबल, स्टीकर, बोतल का ढक्कन एवं अन्य सामान बरामद कर जब्त किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि आगामी दुर्गा पूजा के त्योहार में शराब की भारी मांग को देखते हुए यहां पर नकली अंग्रेजी शराब निर्माण का मिनी फैक्ट्री संचालित किया जा रहा था, जिसे ये दोनों अपने टेम्पू से नीमडीह एवं चाण्डिल थाना क्षेत्र में सप्लाई करते थे। उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि नकली अंग्रेजी शराब निर्माण का मिनी फैक्ट्री को संचालित करने में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

## झांसे में लेकर दुष्कर्म

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक 16 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान 21 वर्षीय राज दोंगो के रूप में हुई है, जो चक्रधरपुर के सानगीसाई टोला मुड़ियादल का रहने वाला है। नाबालिग छात्रा से पहले से ही उसकी जान पहचान थी। शनिवार को नाबालिग अपने गांव गोइलकेरा जा रही थी, तभी आरोपी ने उसे चक्रधरपुर में रोक कर अपने झांसे में ले चक्रचरपुर ले गया। बातचीत करने के बाद उसने भरोसा दिलाया कि वह इसे गोइलकेरा ले जाकर छोड़ देगा। उसके बाद आरोपी नाबालिग छात्रा को सोनुवा ले गया। वहां एक घर में आरोपी ने नाबालिग के साथ पूरी रात दुष्कर्म किया। आरोपी ने नाबालिग को धमकी दी कि अगर उसने किसी को इस बात की जानकारी दी, तो वह उसके पूरे परिवार को जान से मार देगा। इसके बाद आरोपी ने नाबालिग को बस में बैठाकर गोइलकेरा भेज दिया। नाबालिग छात्रा ने सोमवार को चक्रधरपुर पहुंचकर अपने मामा को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद मंगलवार को नाबालिग के बयान पर चक्रधरपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया।

# बाइक-बोलेरो की ठोकर में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-खरौंधी मुख्य पथ पर भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बनसानी गांव में ईंट भट्ठा मोड़ के पास गुरुवार को बाइक तथा बोलेरो के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई।इसमें एक महिला समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना की पुलिस एवं खरौंधी प्रखंड के पंचायत जनप्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे तथा सभी को निजी वाहन से भवनाथपुर सीएचसी पहुंचाया।

यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद केतार थाना के मुकुंदपुर निवासी पुनीत उरांव की 60 वर्षीया पत्नी पचिया देवी तथा खरौंधी थाना क्षेत्र के कोशलीबार निवासी भुनेवश्वर सिंह के पुत्र 30 वर्षीय विनय सिंह को मृत घोषित कर दिया।

जबकि इसी गांव के चंद्रदेव सिंह का पुत्र मनीष सिंह का इलाज सीएचसी में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विनय सिंह तथा मनीष सिंह बाइक पर सवार होकर अपने ननिहाल केतार थाना के मुकुंदपुर से अपनी नानी पचिया देवी को लेकर कोशलीबार लौट रहे थे।

जैसे ही वे वनसानी ईंट भट्ठा मोड़ के पास पहुंचे, विपरीत दिशा से आ रहा एक यूपी नंबर की बोलेरो ने सामने से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में विनय सिंह तथा पचिया देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कागजी कार्रवाई पूरी कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो तथा बाइक को जब्त कर थाना परिसर मंगवा लिया।इस दुखद घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

खरौंधी के जनप्रतिनिधि धर्मराज पासवान, पंकज दुबे समेत दर्जनभर लोग सीएचसी पहुंच कर पीड़ित परिवार को सहयोग और सांत्वना देने में जुटे रहे। इस घटना के बाद मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# कई विद्यालयों में अब भी बन रहा लकड़ी के चूल्हे पर मध्याह्न भोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** सरकार के स्तर से सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनाने के लिए चूल्हा एवं गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया गया है, लेकिन इसके बावजूद प्रखंड में कई ऐसे विद्यालय हैं जहां लकड़ी के चूल्हे पर ही मध्याह्न भोजन बनाया जा रहा है।

प्रखंड के डांड़ो पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डांड़ो ठाकुर टोला में गुरुवार को लकड़ी के चूल्हे पर मध्याह्न भोजन बनाया जा रहा था।

रसोईया उर्मिला देवी ने कहा कि उसने रसोई सिलेंडर का इस्तेमाल कर मात्र एक बार ही खाना बनाई है। गैस खत्म हो जाने के बाद लकड़ी के चूल्हे पर ही खाना बना रही है। उन्होंने कहा कि कई बार विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को रसोई सिलिंडर में गैस भरवाने को कहा, लेकिन उनके द्वारा कहा गया कि लकड़ी सस्ती है, इसीलिए लकड़ी के चूल्हे पर ही खाना बनाए।

जानकारी के अनुसार, इस विद्यालय में दो शिक्षक सुबोध ठाकुर एवं तपन कुमार सेन कार्यरत हैं। सुबोध कुमार ठाकुर का शैक्षणिक प्रमाण पत्र गलत होने के कारण उन्हें विभाग ने हटाकर तपन कुमार सेन को प्रभार देने का निर्देश दिया है।

विभाग द्वारा लगभग छह माह पूर्व ही संपूर्ण प्रभार सपन कुमार सेन को सौंपने का निर्देश दिया गया है, लेकिन इसके बाद भी सुबोध ठाकुर द्वारा अभी तक विद्यालय का प्रभार नहीं सौंपा गया है। उनके द्वारा ही मध्याह्न भोजन योजना भी संचालित जा रहा है।

हालांकि, विभाग ने सुबोध कुमार ठाकुर से किसी प्रकार का रिपोर्ट या कार्य लेना बंद कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद वह प्रतिदिन विद्यालय आकर मध्याह्न भोजन योजना संचालित करते हैं।

उनसे जब लकड़ी के चूल्हे पर मध्याह्न भोजन बनाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आठ माह से मध्यान्ह भोजन योजना के लिए राशन का पैसा नहीं मिला है। उन लोगों का मानदेय भी विभाग द्वारा बंद कर दिया गया है।

इसलिए राशि के अभाव में लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा है। इस मामले में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद शंकर मुर्मू ने कहा कि रामगढ़ प्रखंड में लगभग 38 शिक्षकों से विभाग ने सेवा लेना बंद कर दिया है।

केवल एक-दो शिक्षकों द्वारा ही प्रभार सौंपा गया है। विभाग के आदेश के बाद भी प्रभार नहीं सौंपने वाले शिक्षकों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करने की प्रक्रिया की जा रही है।

CMYK

3 प्लेयर्स का कटेगा पत्ता!

# इस फिनिशर की होगी वापसी; ऐसी हो सकती भारत की प्लेइंग 11



## एशिया कप में सुपर-4 की दो टीमें फाइनल




एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान ने यूएई को हरा दिया। इसी के साथ यह भी तय हो गया कि टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर 21 सितंबर को एक-दूसरे का सामना करेंगे। ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को आसानी से 7 विकेट से हरा दिया था।

### भारत-पाकिस्तान मैच फिर एक बार क्यों

पाकिस्तान ने यूएई को हराकर ग्रुप-ए से भारत के साथ सुपर-4 स्टेज में जगह बना ली। सुपर-4 में अब बाकी 2 टीमें ग्रुप-बी से आएंगी। इस राउंड में हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी। इस कारण भारत और पाकिस्तान के बीच एक और मुकाबला तय हो गया है।

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 में अब सुपर-4 की तस्वीर काफी हद तक साफ होती नजर आ रही है। ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ऐसे में दोनों टीम अब रविवार को फिर आमने-सामने होंगी। इस बीच भारतीय टीम अपने आखिरी ग्रुप मैच में ओमान का सामना करेगी। शुक्रवार को शेख जायद स्टेडियम में होने वाले इस मैच की जीत या हार का भारत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हालांकि, ओमान की कोशिश जीत का खाता खोलने पर होगी। वहीं भारतीय टीम अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमा सकती है।

### भारतीय टीम ने जीते दोनों मुकाबले

भारत और ओमान ने टूर्नामेंट में अब तक 2-2 मैच खेले हैं। भारतीय टीम ने यूएई और पाकिस्तान को शिकस्त दी थी। वहीं ओमान को पाकिस्तान और यूएई के हाथों हार मिली। अब तक विजयी रथ पर सवार भारतीय टीम ओमान के खिलाफ प्लेइंग 11 में 3 बदलाव कर सकती है। इससे सुपर-4 और फाइनल के लिए प्लेयर तरोताजा रहेंगे।

### 7 दिन के भीतर खेल सकते 4 मैच

सुपर-4 में भारत के मुकाबले 21, 24 और 26 सितंबर को होंगे। अगर टीम फाइनल में पहुंचती है तो 28 सितंबर को भी खेलना होगा। भारत को सात दिनों के भीतर 4 मैच खेलने पड़ सकते हैं। ऐसे में टीम मैनेजमेंट कुछ प्लेयर्स को आराम दे सकता है। इनमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, ऑलराउंडर शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या हो सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो पिछले 2 मुकाबलों से पानी पिला रहे तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की अंतिम 11 में एंट्री होगी। साथ ही शिवम दुबे की जगह फिनिशर रिंकू सिंह और हार्दिक पांड्या की जगह हर्षित राणा को मौका मिला सकता है।

### भारत की संभावित प्लेइंग 11

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

भारतीय टीम इस प्रकार है

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

जेवलिन थ्रो-वर्ल्ड चैंपियनशिप फाइनल

# नीरज चोपड़ा बाहर, पाकिस्तान के अरशद नदीम भी मेडल से चूके

## आठवें नंबर पर नीरज तो सचिन यादव चौथे स्थान पर रहे

**टोक्यो (एजेंसी)।** टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो फाइनल में नीरज चोपड़ा आठवें स्थान पर चल रहे हैं। वहीं, ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम मेडल की रेस से बाहर हो चुके हैं। एक अन्य भारतीय थ्रोअर सचिन यादव चौथे नंबर पर रहे। नीरज चोपड़ा ने पहला थ्रो 83.65 मीटर का थ्रो किया। उनका दूसरा थ्रो 84.03 मीटर का रहा और तीसरा थ्रो फाउल रहा। चौथे प्रयास में उन्होंने 82.86 मीटर का थ्रो किया। इस तरह चार राउंड के बाद उनका बेस्ट स्कोर 83.65 मीटर का रहा। नदीम ने पहला थ्रो 82.75 मीटर का थ्रो किया था। नदीम का दूसरा थ्रो फाउल रहा है। तीसरे प्रयास में 82.73 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा प्रयास फाउल रहा और वे 10वें नंबर पर रहते हुए मेडल की रेस से बाहर हो गए। इन दोनों से आगे सचिन यादव हैं। सचिन ने 86.27 मीटर का पहला थ्रो किया। सचिन का दूसरा थ्रो फाउल रहा। तीसरे प्रयास में उन्होंने 85.71 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा थ्रो 84.90 मीटर का रहा। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशॉर्न वाल्कॉट अपने चौथे प्रयास में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ टॉप पर चल रहे हैं। तीन थ्रो के बाद 11वें और 12वें नंबर पर मौजूद थ्रोअर रेस से बाहर हो चुके हैं। चौथे थ्रो के बाद नौवें और 10वें नंबर के थ्रोअर बाहर हो गए।




### पहले प्रयास में फाइनल में पहुंचे थे नीरज

एक दिन पहले क्वालिफाइंग राउंड हुआ था। इसमें 84.50 मीटर का मार्क पार करने वाले थ्रोअर को सीधा फाइनल में एंट्री मिलनी थी। नीरज ने पहले ही अटैम्प्ट में ही 84.85 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल में जगह बना ली। अरशद को टाइम लगा। उनका पहला थ्रो 76.99 और दूसरा 74.17 मीटर का था। तीसरे थ्रो में उन्होंने 28 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। भारत के सचिन यादव ने 83.67 मीटर के बेस्ट स्कोर के साथ टॉप-12 में जगह बनाई। नीरज डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन हैं। उन्होंने 2023 में हंगरी में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में 88.17 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड जीता था। वहीं, अरशद ने पेरिस ओलिंपिक में 92.97 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड जीता था। तब नीरज ने सिल्वर जीता था।

## जैस्मिन बोलीं-10 साल की प्रैक्टिस से वर्ल्ड चैंपियन बनीं

### ओलिंपिक में गोल्ड मेडल का सपना; दुबला शरीर देख लोग बोलते थे तुम बॉक्सर हो



**भिवानी (एजेंसी)।** वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 के 57 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीतने वाली हरियाणा के भिवानी की रहने वाली जैस्मिन लंबोरिया ने मीडिया से कहा मैंने पोलैंड की ओलिंपिक में सिल्वर मेडलिस्ट बॉक्सर को हराया तो मेरे लिए एक भावुक पल था। मैं बिना प्रेशर के रिंग में उतरी और जीत हासिल की। जैस्मिन ने बताया कि जब वह शुरुआत में बॉक्सिंग करती थी, तो उनका शरीर दुबला-पतला था। इसलिए लोग उसके शरीर को देखकर कहते थे कि तू भी बॉक्सर है। लेकिन उन्होंने इस तरह की बातों को अपने खेल में रोड़ा नहीं बनने दिया। करीब 9-10 साल के अभ्यास के बाद वे वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर लाई हैं। इसके अलावा, उनका सपना ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतना है।

## 13 वनडे लगातार जीतने के बाद हारी ऑस्ट्रेलिया विमेंस

### भारत ने रिकॉर्ड 102 रन से हराया, मंधाना का 12वां शतक, सीरीज 1-1 से बराबर



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया विमेंस क्रिकेट टीम को वनडे में लगातार 13 मैच जीतने के बाद हार का सामना करना पड़ा है। 7 बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भारत ने दूसरे वनडे में 102 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। मोहाली के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में इस जीत के साथ इंडिया विमेंस ने 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंडिया विमेंस से ओपनर स्मृति मंधाना ने 12वां वनडे शतक लगाया। मंधाना का टीम की जीत में 10वां वनडे शतक रहा। दीप्ति शर्मा ने 40 रन की पारी खेलकर टीम को 292 तक पहुंचा दिया। ऑस्ट्रेलिया से डार्सी ब्राउन ने 3 और एश्ले गार्डनर ने 2 विकेट लिए।

293 रन के टारगेट के सामने ऑस्ट्रेलिया विमेंस ने 12 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। एलिस पेरी ने 44 और एनाबेल सदरलैंड ने 45 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को संभाला, लेकिन दोनों के आउट होते ही टीम बिखर गई। 40.5 ओवर में इंडिया ने 190 रन पर ऑस्ट्रेलिया को समेट दिया। क्रांति गौड़ ने 3 और दीप्ति शर्मा ने 2 विकेट लिए।

# पाकिस्तान नहीं खेलता तो उसे 140 करोड़ का नुकसान होता

### एशिया कप में पाक के यूटर्न की इनसाइड स्टोरी, रेफरी की माफी पर सवाल

**यूएई (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम एशिया कप से हटती तो टीम को करीब 140 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ता। एशिया कप में बुधवार को पाकिस्तान-यूएई मैच एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि हैंडशेक विवाद से नाराज पाक टीम एशिया कप से बायकॉट करेगी। हालांकि, टीम बाद में खेलने के लिए राजी हो गई और पीसीबी ने दावा किया कि रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने माफी मागी, फिर पाकिस्तान टीम खेलने के लिए राजी हुई। लेकिन, अब तक आईसीसी या पाइक्रॉफ्ट की तरफ से इस पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इसके बाद पीसीबी के माफी वाले बाद पर सवाल उठ रहे हैं।



**यह था विवाद** - 14 सितंबर को पाकिस्तान का सामना भारत से हुआ था। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम हमले के विरोध में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। पीसीबी ने भारतीय खिलाड़ियों के व्यवहार को खेल भावना के विपरीत बताया था और पाइक्रॉफ्ट पर ठीक से काम न करने का आरोप लगाया था। बोर्ड ने आईसीसी के सामने मैच रेफरी को टूर्नामेंट से बाहर करने की डिमांड रखी थी। आईसीसी ने इस मांग को खारिज कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट ने मंगलवार रात अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस रद्द कर दी। इससे पाकिस्तान के टूर्नामेंट से हटने की चर्चाओं को और हवा मिलने लगी।

**करीब 140 करोड़ का नुकसान होता** - एशियाई क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) की सालाना कमाई का 75 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में बराबर-बराबर बांटा जाता है। यानी हर देश को 15 प्रतिशत राजस्व मिलता है। बाकी 25 प्रतिशत सहयोगी सदस्य देशों के बीच बांटा जाता है।

ये कमाई ब्रॉडकास्ट राइट (टीवी और डिजिटल), स्पॉन्सर और टिकट बिक्री जैसे अलग-अलग सोर्स से आती है। अकेले इस एशिया कप से पीसीबी को करीब 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर (140 करोड़ रुपए) की कमाई होने वाली थी। ऐसे में अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हटता है तो उसके लिए यह बड़ा आर्थिक झटका साबित हो सकता है।

सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने 2024 से 2031 तक आठ साल के लिए एसीसी के साथ 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ब्रॉडकास्ट राइट हासिल किया है।

## पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर रमीज राजा ने एंडी पाइक्रॉफ्ट पर बोला हमला, भारत पर भी लगाए आरोप



**दुबई (एजेंसी)।** पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमिज राजा ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट पर तीखा हमला बोला और भारत पर आरोप लगाते हुए उन्हें पसंदीदा बताया। पाइक्रॉफ्ट रविवार को दुबई में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बाद से ही चर्चा में हैं जिसमें भारत ने 7 विकेट से जीत हासिल की थी। मैच के बाद भारतीय टीम के पाकिस्तानी टीम के हाथ नहीं मिलाया और [illegible] ने आरोप लगाया कि पाइक्रॉफ्ट ने मैच के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और उनके समकक्ष सलमान आगा को हाथ मिलाने से मना किया था।

उन्होंने टूर्नामेंट के बाकी मैचों से उन्हें बाहर करने की मांग करते हुए विरोध भी दर्ज कराया जिसे आईसीसी ने अस्वीकार कर दिया। बुधवार को यूएई बनाम पाकिस्तान मैच में नया विवाद खड़ा हो गया जिसके कारण मैच में एक घंटे की देरी हुई। पाकिस्तानी टीम को होटल से बाहर न जाने के लिए कहा गया, क्योंकि पाइक्रॉफ्ट को हटाने की बार-बार मांग की थी।

रमीज ने पाइक्रॉफ्ट पर सीधा हमला बोलते हुए उन्हें भारतीय टीम का पसंदीदा बताया। रमिज ने कहा, दिलचस्प बात यह है कि एंडी पाइक्रॉफ्ट (भारतीयों के लिए) पसंदीदा हैं। जब भी मैं टॉस की मेजबानी करता हूं, वह हमेशा वहां नियमित रूप से मौजूद रहते हैं।

# पंजाब के युवा क्रिकेटर को ब्रेन ट्यूमर

### इलाज के लिए 70 लाख की जरूरत; पूर्व क्रिकेटर हरभजन ने बीसीसीआई और लोगों से मांगी मदद

**जालंधर (एजेंसी)।** पंजाब के युवा क्रिकेटर वशिष्ठ मेहरा इस समय जिंदगी की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं। 21 साल के वशिष्ठ मेहरा को स्टेज 4 ब्रेन ट्यूमर की गंभीर बीमारी का सामना करना पड़ रहा है। उनका इलाज चेन्नई के अपोलो अस्पताल में होना है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 70 लाख रुपए बताई जा रही है। वशिष्ठ मेहरा ने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत जूनियर स्तर से की थी। वे 2019 से लगातार पंजाब की ओर से विनोद मांकड़ ट्रॉफी, कूच बिहार ट्रॉफी और कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी जैसे अहम टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेते रहे हैं।



उन्होंने पंजाब के लिए करीब 20 जूनियर मैच खेले और अमृतसर की ओर से जिला टूर्नामेंट्स में भी शानदार प्रदर्शन किया। 2024 में उन्होंने मोहाली में त्रिपुरा के खिलाफ पंजाब की ओर से अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया।

**2003 में हुआ था जन्म** - मिली जानकारी के अनुसार वशिष्ठ मेहरा का जन्म नवंबर 2003 में हुआ था। वह मूल रूप से पंजाब के अमृतसर का रहने वाला है और मोहाली में प्रैक्टिस करता था। वशिष्ठ मेहरा राइट हैंड बल्लेबाज और राइट आर्म मीडियम तेज गेंदबाज है। साल 2024 में उसने पंजाब टीम की ओर से अपना डेब्यू किया था।

**हरभजन सिंह ने लगाई आर्थिक मदद की गुहार** - वर्तमान में वे गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। ऐसे में पूर्व भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने वशिष्ठ मेहरा की स्थिति को साझा किया और बीसीसीआई, पीसीए, साथी क्रिकेटरों व आम लोगों से आर्थिक मदद की अपील की। हरभजन सिंह ने कहा कि इतनी छोटी उम्र में वशिष्ठ मेहरा जैसे होनहार खिलाड़ी का इस तरह की गंभीर बीमारी से जूझना बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि अब वक्त है जब पूरा क्रिकेट परिवार और समाज एकजुट होकर उनके परिवार का सहारा बने ताकि उनका इलाज समय पर हो सके।

# यूएई टीम में कोई भारतीय या पाकिस्तानी नहीं, हम एक परिवार हैं : कप्तान मोहम्मद वसीम

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही तनातनी का असर जहां दोनों टीमों और उनके क्रिकेट बोर्डों पर साफ दिख रहा है, वहीं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) टीम ने खेल भावना का शानदार उदाहरण पेश किया है। टीम के कप्तान मोहम्मद वसीम ने साफ किया कि उनकी टीम में खिलाड़ी चाहे भारतीय मूल के हों या पाकिस्तानी, सभी खुद को सिर्फ यूएई का प्रतिनिधि मानते हैं।

**टीम में बराबर हैं भारतीय और पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी** - यूएई क्रिकेट टीम की खासियत यह है कि इसमें भारतीय और पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों की बराबर संख्या है। भारतीय मूल के खिलाड़ियों में सिमरनजीत सिंह, राहुल चोपड़ा, हर्षित कौशिक, ध्रुव पराशर और अलीशान शराफू शामिल हैं। वहीं, दूसरी तरफ पाकिस्तान के मुल्तान में जन्मे कप्तान मोहम्मद वसीम, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी, मुहम्मद रोहिद और आसिफ खान टीम का हिस्सा हैं। हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के खिलाड़ियों ने पाकिस्तान टीम से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था, जिसके चलते विवाद गहरा गया, लेकिन वसीम ने अपनी टीम के माहौल को सकारात्मक बताया।

**हम यूएई टीम के लिए खेलते हैं** - तनाव का टीम के रिश्तों पर असर पड़ने के सवाल पर वसीम ने साफ इनकार किया। उन्होंने कहा,नहीं, हम उस तनाव के बारे में बात नहीं कर रहे हैं क्योंकि हम साथ में काफी क्रिकेट खेलते हैं। हम यहां एक परिवार की तरह हैं। यहां कोई भारतीय या पाकिस्तानी नहीं है। हम यूएई टीम के लिए खेलते हैं। हम एक परिवार की तरह खेलते हैं और एक परिवार की तरह रहते हैं। वसीम के इस बयान ने साफ कर दिया कि यूएई टीम ने बाहरी विवादों को अपने ड्रेसिंग रूम में जगह नहीं दी है।



**भारत-पाकिस्तान विवाद ने बढ़ाया तनाव** - मौजूदा टूर्नामेंट में तनाव तब और बढ़ गया जब रविवार को टॉस के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। मैच के बाद भी भारतीय खिलाड़ियों ने हाथ मिलाने से इनकार किया, जिससे पाकिस्तान तिलमिला गया। इस घटना के बाद पाकिस्तान ने टूर्नामेंट से हटने की धमकी भी दे डाली थी और यूएई के खिलाफ अपने अगले मैच के लिए देर से स्टेडियम पहुंचा।

**वसीम ने वॉकओवर की अपील से किया इनकार** - पाकिस्तान के देर से आने के बावजूद यूएई टीम ने वॉकओवर की अपील नहीं की। इस पर वसीम ने कहा, सबसे पहले तो यह हमारी जिम्मेदारी या हमारा काम नहीं है। हम अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। हम यहां खेलने आए थे और हमने वही किया। यह बयान दिखाता है कि यूएई टीम विवाद से दूरी बनाकर खेल पर ध्यान दे रही है।

**रऊफ ने भी विवाद को किया नजरअंदाज** - पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने भी इस मुद्दे पर बोर्ड को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा, देखिए, मैं दबाव महसूस नहीं कर रहा था क्योंकि ये चीजें मेरे नियंत्रण में नहीं थीं। यह बोर्ड (पीसीबी) का सिरदर्द है और वे इसे अच्छी तरह से संभाल सकते हैं।

# कागज रखिए तैयार ! दिल्ली में भी होगा एसआईआर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बिहार में एसआईआर को लेकर हुए हाहाकार के बाद अब दिल्ली में भी इसकी शुरुआत होने वाली है। दिल्ली में भी जल्द ही मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होगा। इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जनता की सुविधा के लिए साल 2002 में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची, वर्तमान विधानसभा क्षेत्रों और 2002 के विधानसभा क्षेत्रों से मिलान (मैपिंग) को सीईओ दिल्ली की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के मुताबिक, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी




और बूथ स्तर अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। अब एसआईआर की तारीख की घोषणा होने के साथ ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

आधे से ज्यादा वोटरों को दस्तावेज नहीं देने पड़ेंगे। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अधिकतर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कहा कि उनके नाम उनके राज्यों में हुए पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) के बाद तैयार मतदाता सूची में शामिल होंगे। ऐसे में उन्हें दस्तावेज नहीं देने होंगे।

## ऐसे बन सकेंगे वोटर

सीईओ कार्यालय ने अपील की है कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची देखकर लोग उसमें अपना नाम, पिता/माता का नाम जरूर सत्यापित करें। यह प्रक्रिया बीएलओ द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर सत्यापन के समय सहायता करेगी। बीएलओ लोगों से जरूरी दस्तावेजों सहित गणना प्रपत्र भरवाएंगे। जिन व्यक्तियों के नाम वर्ष 2002 एवं 2025 की मतदाता सूची दोनों में सम्मिलित हैं, उन्हें केवल गणना प्रपत्र के साथ वर्ष 2002 की मतदाता सूची का अंश प्रस्तुत करना होगा।

# दिल्ली में फ्लाईओवर से नीचे गिरने से शख्स की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में गुरुवार तड़के एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसमें 49 साल के राकेश कुमार अग्रवाल की जान चली गई। यह घटना नेशनल हाईवे-24 पर मंगलम कट फ्लाईओवर के पास रात करीब 12 बजे हुई।

पुलिस के मुताबिक, राकेश कुमार अग्रवाल, जो गाजियाबाद के इंदिरापुरम के रहने वाले थे, फ्लाईओवर से नीचे सर्विस रोड पर गिर गए। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह पैदल थे या किसी वाहन पर सवार थे। घटनास्थल पर एक कार और स्कूटर क्षतिग्रस्त हालत में मिले, लेकिन जब पुलिस पहुंची, तब तक घायल राकेश को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया जा चुका था।

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। इस खबर ने उनके परिवार और आसपास के लोगों को गहरे सदमे में डाल दिया। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में ऐसा लगता है कि किसी भारी वाहन ने फ्लाईओवर पर राकेश को टक्कर मारी, जिसके कारण वह नीचे गिर गए।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में प्रॉपर्टी के लिए रिश्तों की हत्या ! मामा ने भांजे को चाकू से गोद डाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के भलस्वा डेरी इलाके में खौफनाक घटना सामना सामने आई है। यहां एक शख्स ने रविवार रात को प्रॉपर्ट विवाद में भांजे की चाकू से हत्या कर दी और जीजा को घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान 28 वर्षीय आकाश गिरी के तौर पर हुई है। दरअसल, आकाश अपने पिता हरि गिरि के साथ गुरुनानक देव कॉलोनी में रहता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हरि का साला जितेंद्र अविवाहित है और अपनी मां के साथ इसी इलाके में रहता है। पूर्व में हरि गिरि अपने परिवार के साथ ससुराल में रहते थे। आइए जानते हैं पूरा मामला क्या है। मिली जानकारी के अनुसार, जितेंद्र का छोटे भांजे आकाश गिरी के साथ ड्राई क्लीनिंग का कारोबार भी था। कुछ समय बाद जितेंद्र ने बहनोई एवं भांजों पर सम्पत्ति कब्जा करने का आरोप लगाया। उसने जन्माष्टमी के दिन सम्पत्ति खाली नहीं करने पर धमकी भी दी। इसके बाद परिवार ने एक हफ्ते पहले जितेंद्र के मकान को खाली कर पास में ही रहने लगा, लेकिन आरोपी को लगता था कि ये लोग मकान पर कब्जा कर लेंगे। मृतक के बड़े भाई अभिलाष ने बताया कि उसके पिता रविवार रात को आफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में जितेंद्र ने हरि की जांघ पर चाकू से हमला कर दिया। घायल हालत में पिता को देखकर अभिलाष और आकाश दोनों स्कूटी से मामा जितेंद्र के घर की तरफ गए, लेकिन जितेंद्र हाथ में चाकू लेकर गली में ही घूमता हुआ मिल गया। जब दोनों भाइयों ने हमले का कारण पूछा तो जितेंद्र ने आकाश पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। अभिलाष छोटे भाई को बीजेआरएम अस्पताल लेकर गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### बिहार मॉडल पर बंगाल फतह की तैयारी में भाजपा, दुर्गा पूजा से शुरू करेगी अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार के प्रवासी मतदाताओं तक पहुंच बनाने के बाद भाजपा अब पश्चिम बंगाल में भी यही रणनीति अपना रही है। पार्टी ने इसे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान का नाम दिया है। दुर्गा पूजा के अवसर पर भाजपा प्रवासी बंगालियों से बड़े पैमाने पर संपर्क साधेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समीक भट्टाचार्य ने कहा, पश्चिम बंगाल के करीब 40 लाख प्रवासी मजदूर राज्य से बाहर काम कर रहे हैं। राज्य में उनके लिए अवसर नहीं है, वे उपेक्षित हैं। उनकी जरूरतों का ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। दुर्गा पूजा के दौरान पार्टी देशभर के बंगालियों तक पहुंचेगी। भाजपा प्रवासियों से जुड़े इस अभियान को चुनावी दृष्टि से अहम मान रही है। पार्टी का कहना है कि हाल के दिनों में विभिन्न राज्यों में बंगाल के मजदूरों के साथ हुई घटनाओं के बाद यह पहल और भी महत्वपूर्ण हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, अभियान की शुरुआत 20 राज्यों में होगी। विशेष फोकस उन शहरों पर होगा जहां 25,000 से अधिक बंगाली प्रवासी आबादी रहती है। करीब 100 जिलों को चिन्हित किया गया है जहां बड़ी संख्या में बंगाली वोटर हैं। दुर्गा पूजा समितियों की लिस्ट तैयार कर ली गई है और अगले हफ्ते तक भाजपा नेता समितियों से बैठकें पूरी कर लेंगे। पार्टी ने साफ किया है कि बंगाल से जुड़े भाजपा नेता भी इस अभियान में शामिल होंगे और देशभर में आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# बारिश ने उमस भरी गर्मी को धो डाला

● कल की बारिश ने तोड़ा गर्मी का स्पेल, दिल्ली से मॉनसून की विदाई का समय नजदीक

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पिछले कुछ दिनों से गर्मी और उमस का दौर बुधवार को हुई हल्की बारिश के बाद थम गया। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी राजधानी के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। आसमान में हल्के बादल छाये रहेंगे। हालांकि उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है।

पिछले कुछ दिनों से दिल्लीवासी गर्मी और उमस के डबल अटैक से जूझ रहे थे, लेकिन कल आई बारिश ने जैसे ब्रेक का बटन दबा दिया। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, सफदरजंग मौसम केंद्र पर सबसे ज्यादा 45.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई, जबकि अन्य इलाकों में हल्की से मध्यम बौछारें देखने को मिलीं। दिन में आंशिक बादल छाए रहने के बाद दोपहर होते-होते आकाश पूरी तरह काले बादलों से पट गया। अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस पर रुक गया, जो सामान्य से महज 1.5 डिग्री ज्यादा था। न्यूनतम तापमान भी 25.6 डिग्री पर रहा, जो औसत



से थोड़ा ऊपर था, लेकिन बारिश की ठंडी हवा ने सब कुछ सहज कर दिया। आईएमडी के विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ और मॉनसून ट्रफ के दक्षिण की ओर खिसकने का नतीजा थी। आईएमडी ने आज दिल्ली के लिए हल्की बारिश या बूंदाबांदी का पूर्वानुमान जारी किया है। सुबह के समय तापमान करीब 26 डिग्री के आसपास रहेगा, जो दोपहर तक 33-34 डिग्री तक चढ़ सकता है। नमी का स्तर 70-80 तक रहने से उमस तो बनी रहेगी, लेकिन बारिश की बूंदें इसे काट देंगी। हवा की गति हल्की (5-10 किमी/घंटा) रहेगी। आईएमडी के मुताबिक, अगले 24 घंटों में 10-20 मिमी बारिश हो सकती है।

2025 का दक्षिण-पश्चिम मॉनसून इस साल एक्स्ट्रा एनर्जेटिक साबित हुआ है। आईएमडी के अनुसार, जून से सितंबर तक पूरे भारत में मौसमी वर्षा सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक रही, जिसमें दिल्ली ने अगस्त में 72 अ अतिरिक्त बारिश रिकॉर्ड की - जो एक दशक से ज्यादा समय का रिकॉर्ड है। लेकिन अब विदाई का वक्त आ गया है। 14 सितंबर को मॉनसून राजस्थान के कुछ हिस्सों से पीछे हट चुका है और दिल्ली से सामान्य विदाई तारीख 25 सितंबर के आसपास है।

# दुकान में सो रहा था चायवाला, पुलिस की पीसीआर वैन ने मार दी टक्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के थाना मंदिर मार्ग इलाके में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन ने एक राहगीर को कुचल दिया। पुलिस के मुताबिक, ड्राइवर ने गलती से एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे वैन सड़क किनारे के रैंप पर चढ़ते हुए उस शख्स पर चढ़ गई, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

एडिशनल डीसीपी हुकम राम ने बताया कि इस दुखद हादसे में मृतक के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम कानून के मुताबिक कार्रवाई कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी और मृतक के परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह मध्य दिल्ली के मंदिर मार्ग इलाके में एक पीसीआर वैन ने सड़क किनारे एक चाय विक्रेता की दुकान में टक्कर मार दी, जिससे उसकी 55 वर्षीय चाय विक्रेता की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़ित, जिसकी पहचान गंगाराम के रूप में हुई है, सुबह करीब 5 बजे अपनी चाय की दुकान पर सो रहा था, जब यह घटना हुई।

अधिकारी ने बताया कि उसका बेटा उसके साथ दिल्ली में रहता है, जबकि उसकी पत्नी उत्तर प्रदेश के गोंडा में रहती है। अधिकारी ने कहा, पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वैन में मौजूद दो पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी मेडिकल जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है। यह हादसा दिल्ली में हाल ही में हुए एक और चर्चित हादसे की याद दिलाता है। रविवार को एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने ढौला कुआं इलाके में एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें वित्त मंत्रालय के डिप्टी सेक्रेटरी नवजोत सिंह (52) की मौत हो गई। नवजोत अपनी पत्नी संदीप कौर के साथ बंगला साहिब गुरुद्वारे से लौट रहे थे, जब यह हादसा हुआ। संदीप को गंभीर चोटें आई हैं।

## जी कंपनी करेगी संपत्ति का सर्वे, टैक्स का नोटिस भी देगी, एमसीडी का नया प्लान समझिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लोगों की संपत्तियों का सर्वे और टैक्स का नोटिस देने का जिम्मा एमसीडी एक निजी कंपनी को सौंपने जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एक निजी एजेंसी को काम पर रखने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है, और उम्मीद है कि यह एजेंसी नवंबर तक काम शुरू कर देगी। संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स) वसूली को मजबूत बनाने की योजना के तहत, इस निजी एजेंसी के एजेंट पूरे एनसीआर क्षेत्र में भौतिक सर्वेक्षण करेंगे, संपत्तियों की जियो-टैगिंग करेंगे, और कंप्यूटर से इकट्ठा किए गए स्व-मूल्यांकन डेटा के साथ टैक्स नोटिस देंगे।संपत्ति कर विभाग के एक वरिष्ठ एमसीडीष्ठ अधिकारी




ने कहा, एक बार वित्तीय बोलियां साफ हो जाने के बाद, चुनी गई एजेंसी को यह काम सौंप दिया जाएगा। एजेंसी के पास पूरे शहर में भौतिक सर्वेक्षण करने, संपत्तियों की जियो-टैगिंग करने, टैक्स नोटिस देने और कंप्यूटर सिस्टम के माध्यम से स्व-मूल्यांकन डेटा संकलित करने के बाद अपनी रिपोर्ट जमा करने के लिए एक साल का समय होगा। प्रोत्साहन के तौर पर, वसूली गई राशि का एक हिस्सा उन्हें भी मिलेगा।

इस एजेंसी की ओर से जुटाई गई जानकारी के आधार पर एक सामान्य संपत्ति डेटाबेस बनाया जाएगा, जिसमें व्यावसायिक और आवासीय संपत्तियां, ऑफिस स्पेस और खाली जमीन शामिल होंगी। संपत्ति कर की वसूली, आर्थिक तंगी से जूझ रहे दिल्ली नगर निगम के लिए आय के मुख्य स्रोतों में से एक है।

# ब्रिटेन में हुए जोरदार स्वागत से ट्रंप गदगद

## मेरे जीवन के सर्वोच्च सम्मानों में से एक

**वाशिंगटन , एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी तथा अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप इस समय ब्रिटेन की यात्रा पर हैं। मंगलवार शाम को किंग चार्ल्स तृतीय के निमंत्रण पर ब्रिटेन की दूसरी ऐतिहासिक राजकीय यात्रा ट्रंप और मेलानिया पहुंचे। इस खास मौके पर किंग चार्ल्स तृतीय ने विंडसर कैसल में भव्य तरीके से उनका स्वागत किया।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वागत और सम्मान में विशेष रात्रि भोज का आयोजन किया गया। इस खास स्वागत और सम्मान को देखकर ट्रंप काफी खुश हुए। इतना ही नहीं, ट्रंप ने तो इसे अपने जीवन के सर्वोच्च सम्मानों में से एक करार दिया।

स्टैनस्टेड हवाई अड्डे पर एअर फोर्स वन लैंड हुआ। इसके बाद ब्रिटेन में अमेरिकी राजदूत वॉरेन स्टीफंस और किंग्स लॉर्ड-इन-वेटिंग विस्काउंट हेनरी



हूड ने राष्ट्रपति ट्रंप का स्वागत किया। वहीं, बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को विंडसर कैसल में एक भव्य शाही राजकीय भोज दिया गया।

इस भव्य समारोह में कुल 160 अतिथियों के बीच राजा चार्ल्स तृतीय ने शांति की खोज के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। ब्रिटेन में हुए स्वागत और ट्रंप के लिए आयोजित खास समारोह ने ट्रंप का दिल जीता। राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्रिटेन की इस यात्रा को जीवन के सर्वोच्च सम्मानों में से एक बताया। इसके साथ ही ट्रंप ने अमेरिका और ब्रिटेन के संबंधों को एक ही राग में दो सुर बताया और कहा कि प्रत्येक अपने आप में सुंदर है। ट्रंप ने कहा कि इन्हें एक साथ बजाया जाना चाहिए।

इस बीच ट्रंप के ब्रिटेन दौरे के दौरान हजारों लोगों ने बुधवार को लंदन में मार्च निकालकर विरोध किया। वहीं,विंडसर कैसल के बाहर एक छोटी भीड़ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

बताया जाता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वागत से पहले ट्रंप नॉट वेलकम नामक विरोध प्रदर्शन सेंट्रल लंदन में आयोजित किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में एमनेस्टी इंटरनेशनल, अबार्शन राइट्स जैसे महिला संगठन और फलस्तीन समर्थक कार्यकर्ता शामिल थे।

# हमेशा जीने का सपना या धोखा

## अरबपतियों का नया खेल 'अमरत्व' का कारोबार ! विशेषज्ञ बोले- इसमें खतरे ज्यादा और फायदे कम

**सिडनी , एजेंसी।** क्या आप हमेशा जीवित रहने के लिए पैसे खर्च करेंगे? सिलिकॉन वैली के कई अरबपति अब सिर्फ टेक्नोलॉजी बनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि 'अमरत्व' बेचने की तैयारी कर रहे हैं। ये दावा आस्ट्रेलिया के विशेषज्ञों सैमुएल कॉर्नेल, यूनीवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स , सिडनी, ब्रूक निकेल, यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी और सीन डॉकिंग, मोनाश यूनिवर्सिटी सिडनी ने अपनी



एक रिसर्च रिपोर्ट में किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह उद्योग लोगों के बुढ़ापे और मौत के डर को भुनाकर मुनाफा कमा रहा है। अब तक किसी इंसान के अमर होने का वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। डार्विन के सिद्धांत के अनुसार, जीवन का मकसद लंबा जीना नहीं, बल्कि प्रजनन और अनुकूलन है।विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि प्रमाण के बजाय मुनाफे पर जोर दिया जा रहा है और ज्यादातर दावे बिना वैज्ञानिक आधार के। अनावश्यक टेस्ट का खतरा, जैसे पूरे शरीर का एमआरआई, जो स्वस्थ लोगों को भी भ्रम और खर्च में डाल सकता है।

# हैरिस ने अपनी किताब में खोले कई राज- बुटिजज को लड़ाना चाहती थीं उपराष्ट्रपति चुनाव

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपनी नई किताब में कई बड़े खुलासे किए है। इसी में एक खुलासा उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर किया है। हैरिस ने बताया कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी पहली पसंद बतौर रनिंग मेट पीट बुटिजज थे। हालांकि, उन्होंने यह जोड़ी बनने से पहले ही पीछे हटने का फैसला लिया क्योंकि उन्हें लगा कि अमेरिका एक साथ इतने बदलाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं था। हैरिस ने 107 डेज नामक किताब में लिखा कि परिवहन मंत्री पीट बुटिजज उनके लिए आदर्श चुनावी साथी होते। उन्होंने कहा, कि अगर मैं एक श्वेत पुरुष होती, तो शायद यह जोड़ी आदर्श होती। लेकिन उन्होंने माना कि अमेरिका से एक साथ महिला, अश्वेत और यहूदी पृष्ठभूमि वाले परिवार को स्वीकार करने की उम्मीद करना उस समय बड़ा जोखिम होता। किताब में हैरिस लिखती हैं कि उनका मन तो कहता था कि चलो कर ही देते हैं लेकिन चुनाव की गंभीरता को देखते हुए उन्हें समझ आया कि यह दांव जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि पीट और वे दोनों इस हकीकत को समझते थे और यह निर्णय उनके लिए दुखदायी भी था।

## जैश कमांडर ने खोली कस्तान की पोल

# सेना प्रमुख ने सेना के अधिकारियों को आतंकियों के जनाजे में भेजा?

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को जो चोट दी है, वह उसको हमेशा याद आती रहेगी। इस बीच जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर इलियास कश्मीरी ने एक बड़ा खुलासा कर पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसीम मुनीर की पोल खोल दी है।

दरअसल, जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर ने पाकिस्तान में एक बड़ा कबूलनामा सामने आया है। उसने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी आर्मी के अफसरों को भेजने का आदेश सीधे



आर्मी चीफ ने दिया था। ध्यान देने योग्य है कि जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर का ये बयान ऐसे समय पर आया है, जब पाकिस्तान दुनिया के सामने दावा करता आया है कि उसके देश में कोई भी आतंकी ठिकाना नहीं है। एचटी की रिपोर्ट के अनुसार, सामने आए एक वीडियो में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर कश्मीरी ने खुलासा किया है कि पाकिस्तानी सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) ने ही वरिष्ठ कमांडरों को निर्देशित किया था कि वे मारे गए सभी आतंकियों को सैन्य प्रोटोकॉल के तहत सम्मानित करें। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तमाम तस्वीरें भी सामने आई थी, जिसमें देखा गया कि पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए। जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कमांडर ने कथित तौर पर कहा कि जीएचक्यू ने निर्देश दिया कि शहीदों को अंतिम सलामी दी जाए और कोर कमांडरों को आदेश दिया कि वे जनाजे के जुलूस में वर्दी में रहें और पहरा दें।

वहीं, एक अन्य वीडियो में इलियास कश्मीरी ने कहा कि दिल्ली की तिहाड़ जेल से छूटने और दुश्मनों की पकड़ से छूटने के बाद, जब अमीर-उल-मुजाहिदीन मौलाना मसूद अजहर पाकिस्तान आया, तो यह बालाकोट की धरती ही थी जिसने उसे दिल्ली और मुंबई में अपने मिशन और अपने मकसद को आगे बढ़ाने की ताकत दी... यह मिट्टी, इसका हर कण, उसका ऋणी है। हालांकि, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो की पुष्टि जागरण नहीं करता है।

# पोषण जागरूकता रथ को डीसी-डीडीसी ने दिखाई हरी झंडी

**समाहरणालय परिसर से रथ को दिखाई झंडी, विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर लोगों को पौष्टिक आहार लेने के लिए करेगा जागरूक, कुपोषण के कुचक्र को है तोड़ना**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत समाहरणालय परिसर से गुरूवार को उपायुक्त (डीसी)अजय नाथ झा, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) श्रीमती शताब्दी मजूमदार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार ने संयुक्त रूप से पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ चास एवं बेरमो अनुमंडल के शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के टोला/मोहल्ला, हाट - बाजार में भ्रमणशील रहकर लोगों को कुपोषण एवं सही पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करेगा। उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने कहा कि वर्तमान समय में कुपोषण हमारे समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे दूर करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। इसके लिए लोगों के बीच जागरूकता लाने की आवश्यकता है। कुपोषण के कुचक्र को तोड़ना है। हम सभी को चाहिये कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए जरूरी है सही आहार, सही आदतें और अपने आस पास स्वच्छता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चलने वाले पोषण अभियान को एक जन भागीदारी - जन आंदोलन की तरह चलाने के उद्देश्य से सभी का सहयोग आपेक्षित है। ताकि जिले को शत प्रतिशत कुपोषण मुक्त बनाया जा सके। डीसी ने स्वस्थ मां झ स्वस्थ बच्चा का संदेश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव शरीर के लिए सही पोषण के महत्व और भूमिका पर प्रकाश डालना है। आवश्यक पोषक तत्वों और कैलोरी के संयोजन के साथ एक संतुलित आहार मानव शरीर के सुचारू रूप से काम करने और विकास के लिए महत्वपूर्ण है। सबसे महत्वपूर्ण है कि समाज के वंचित और कमजोर वर्ग के लोगों तक कुपोषण के कारणों की जानकारी आसानी से पहुंचायी जाएं। दूसरी तरफ बच्चों, गर्भवती व धातृ महिलाओं को पौष्टिक आहार, एनीमिया, स्वच्छता और साफ-सफाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। डीडीसी ने न्यूट्रेशन फस्ट - नेशन स्ट्रांग का संदेश दिया।

**पोषण रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास**

पोषण रथ के माध्यम से विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों में विशेष रूप से टीकाकरण, खान इ पान, पौष्टिक आहार, उचित पोषण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, डायरिया व अनीमिया की रोकथाम प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर विशेष जानकारी दी जाएगी। साथ ही, गर्भवती महिलाओं, धातृ माताओं तथा नवजात शिशु, किशोरियों एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य बनाये रखने की जानकारियों से अवगत कराएंगे।

**'हस्ताक्षर अभियान' की हुई शुरुआत**

इस दौरान पोषण माह के तहत आम जागरूकता के लिए 'हस्ताक्षर अभियान' की शुरुआत भी की गई। उपायुक्त अजय नाथ झा,उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता,सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों ने हस्ताक्षर करके शुरूआत की। इस वर्ष पोषण माह 2025 का फोकस महिलाओं, बच्चों और परिवारों के सर्वांगीण स्वास्थ्य एवं पोषण पर है। इसके लिए निम्नलिखित मुख्य विषय (थीम) है:-

- मोटापे से मुक्ति - नमक, चीनी और तेल का सीमित सेवन
- स्थानीय चीजों को बढ़ावा- आत्मनिर्भरता की ओर कदम
- प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा- 'पोषण भी पढ़ाई भी'
- समन्वित कार्यवाही और डिजिटलीकरण
- शिशु एवं छोटे बच्चों को खिलाने की पद्धतियां
- पुरुषों की सहभागिता-पोषण गतिविधियों में उनकी भूमिका

पोषण माह में दिनांक 16 सितंबर से 18 अक्टूबर तक प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मौके पर सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## कभी भी कहीं भी आप किसी की चिकित्सकीय मदद कर सकते हैं : सार्जेंट मेजर

**आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा पर्व में बढ़ते हुए भीड़ को देखते हुए सिविल डिफेंस की ओर से आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन पुलिस लाइन में आयोजित किया गया**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 18 सितंबर, 2025 को सेक्टर- 12 स्थित पुलिस लाइन में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा इत्यादि त्यौहारों के अवसर पर बढ़ते हुए भीड़ को देखते हुए किया गया, जिसमें बोकारो जिले के सभी थानों प्रभारी एवं टीओपी प्रभारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सार्जेंट मेजर श्री प्रणव कुमार एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संगठन की ओर से सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉक्टर एसपी वर्मा तथा राष्ट्रीय प्रशिक्षक सह आपातकालीन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ निशांत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन इस बार पूजा में किसी तरह की कोताही नहीं बरतना चाहती हैं। इसी कारण पुलिस पदाधिकारी, पुजा पंडाल एवं अन्य स्वयंसेवक संगठन के लोगों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सार्जेंट मेजर श्री प्रणव कुमार ने बताया कि कार्यशाला में आप प्रशिक्षित होकर आप न केवल पूजा बल्कि कभी भी कहीं भी आप किसी की चिकित्सकीय मदद कर सकते है। सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉक्टर एसपी वर्मा ने भीड़ नियंत्रण करने हेतु उपाय बताया एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉक्टर निशांत ने सीपीआर देने के तरीकों को प्रायोगिक तौर पर दिखाया तथा बेहोशी की हालत में घायल रोगियों की इलाज करने के प्राथमिक चिकित्सा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से पुलिस लाइन के मेजर श्री जयप्रकाश सिंह सहित सभी थानों से आए सैकड़ों पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नव विवाहिता का संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला सामने आया है। मामला हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 9 ए रोड स्थित स्ट्रीट टू का है ।जहां की रहने वाली सुषमा कुमारी की मौत संदिग्ध परिस्थिति में हो गई। सुषमा कुमारी की बहन स्वीटी कुमारी को उसके जीजा रितिक कुमार ने दोपहर 11 बजे फोन कर बहन की मौत की सूचना दी। जब स्वीटी मौके पर पहुंची तो सुषमा को बेड पर लेटा दिया गया था। उसके बाद उसे बोकारो जनरल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौके से पति और सास फरार हो गए । सुषमा कुमारी के पिता और बहन का कहना है की शादी अप्रैल में हुई थी। उसके बाद से ही 10 लख रुपए और फोर व्हीलर की मांग की जा रही थी। नहीं देने पर जान मारने की बात भी बात सुषमा ने कही थी ।आज यह बात सही साबित हुई। हालांकि पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। मृतिका सुषमा कुमारी का मायका पेटरवार में है।



### लापता टेक्नीशियन संतोष कुमार का अभी तक पता नहीं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिछले 22 दिनों से लापता सरकारी लैब टेक्नीशियन संतोष कुमार का अभी तक पुलिस पता नहीं लगा पाई है। सेक्टर 6 स्थित लैब टेक्नीशियन के परिवार वालों से मिलने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर आवास पहुंचे। जहां उन्होंने परिवार वालों से बात की। इस दौरान उन्होंने बोकारो एसपी से भी फोन पर बात कर जल्द से जल्द लापता टेक्नीशियन का सुराग तलाश में की मांग की है । राजेश ठाकुर ने कहा कि पिछले 6 दिन पूर्व इस मामले को लेकर मैने एसपी से बात की थी, तो उन्होंने एसआईटी का गठन कर दिया। लेकिन मेरा मानना है कि शुरूआती दौर में इस मामले में लापरवाही बरती गई है।क्योंकि अधिक दिनों से कोई व्यक्ति अगर लापता होता है तो उसका पता लगाने में भी काफी मुश्किल होती है। हम चाहते हैं कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले और जल्द से जल्द लैब टेक्नीशियन का पता लगे।



### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**कतरास/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाघमारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक को लोडेड कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले की जानकारी बाघमारा एसडीपीओ पुरषोत्तम कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को धर-दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा लोडेड अवस्था में बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। किसी भी तरह के असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।



### बैराबी-सैरांग परियोजना के लिए स्टील आपूर्ति करके पूर्वोत्तर भारत में रेल संपर्क को किया सशक्त

**नई दिल्ली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने मिजोरम में 51 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे परियोजना के लिए लगभग 15,000 मीट्रिक टन उच्च-गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों की आपूर्ति की है। इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचा परियोजना का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 13 सितंबर, 2025 को किया था। इस परियोजना के लिए, सेल ने अपने भिलाई इस्पात संयंत्र से लगभग 10,000 मीट्रिक टन उच्च-श्रेणी के आर-260 प्राइम रेल की आपूर्ति की है। इसके अतिरिक्त, सेल ने अपने बोकारो, राउरकेला, भिलाई, दुगार्पुर और बर्नपुर इस्पात संयंत्रों से प्लेट, टीएमटी और स्ट्रक्चरल स्टील सहित लगभग 5,000 मीट्रिक टन अन्य आवश्यक इस्पात उत्पादों की आपूर्ति की है।

# प्रायोरिटी सेक्टर में बैंक करें काम, एसएचजी समूहों के क्रेडिट लिकेंज पर करें फोकस: उपायुक्त

- **बैंक अपना नजरिया बदले, जरूरतमंदों तक पहुंचाएं बैंकिंग सेवाएं, कृषि - शिक्षा ऋण को दें बढ़ावा,विशेष शिविर का करें आयोजन**
- **सभी सेक्टरों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैंकों को होगा डिस्पले, जिला प्रशासन का मिलेगा पूर्ण सहयोग - कमजोर बैंकों प्रदर्शन में लाएं अविलंब सुधार**
- **समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने किया जिला स्तरीय साख समिति (डीएलसीसी) एवं समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक, क्रेडिट रेशियो सुधारने, किसानों - महिलाओं/एसएचजी समूह तक ऋण पहुंचाने का दिया निर्देश**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक प्रायोरिटी सेक्टर में अधिकाधिक कार्य करें तथा स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के क्रेडिट लिंकेज पर विशेष ध्यान दें। बैंकिंग सेवाओं को अंतिम छोर पर खड़े जरूरतमंद तक पहुंचाना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैंकों से अपेक्षा की कि वे अपना दृष्टिकोण बदलें और समाज के कमजोर एवं पिछड़े वर्गों तक वित्तीय सहायता पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने विशेष रूप से कृषि एवं शिक्षा ऋण को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उक्त बातें उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने कहीं। वह गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय साख समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बैंक नियमित रूप से विशेष शिविरों का आयोजन करें, ताकि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जा सके और सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच सके। मौके पर आरबीआइ के प्रतिनिधि श्री गौरव कुमार, एलडीएम श्री आबीद हुसैन, डीडीएम नाबार्ड श्री फिलेमन बिलांग आदि उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न बैंकों के बैंक समन्वयक एवं अन्य अधिकारी शामिल थे।

**क्रेडिट रेशियो पर जताई नाराजगी, लक्ष्य 40% से कम नहीं हो**

बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न बैंकों के साख अनुपात (क्रेडिट रेशियो) की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ बैंकों का साख अनुपात संतोषजनक नहीं है, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि बैंकों का साख अनुपात 40 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए। कहा कि संबंधित बैंक आगे की रणनीति एवं योजना बनाकर जल्द से जल्द प्रदर्शन में सुधार करें। अगली बैठक से इस पर अनौपचारिक बात नहीं होनी चाहिए।

**विभिन्न योजनाओं में प्रगति कम, सुधार का दिया निर्देश**

फार्म क्रेडिट, क्रॉप लोन, कृषि, एमएसएमई, शिक्षा, हाउसिंग आदि में ज्यादातर बैंकों का प्रदर्शन असंतोषजनक रहा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निष्पादन कर जरूरतमंदों को समय पर ऋण उपलब्ध कराएं। उक्त सभी सेक्टर जिला प्रशासन के प्राथमिकताओं में शामिल है।

**महिला सशक्तिकरण पर दिया विशेष जोर, महिलाओं को मजबूत बनाना का लक्ष्य**

उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूह (एसएसजी) को क्रेडिट लिंकज कराने की प्रगति की समीक्षा की। महिलाओं और एसएचजी दीदियों को ऋण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। मुद्रा योजना के तहत ऋण आवंटन में शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने संबंधित बैंकों को अविलंब ऋण स्वीकृत करने का निर्देश दिया। वहीं, किसानों को अभियान चलाकर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना से अधिक से अधिक संख्या में लाभांवित करने को कहा। उन्होंने क्रमवार सभी बैंकों को अलग झ अलग लक्ष्य एसएचजी समूहों के क्रेडिट लिंकेज के लिए दिया। कहा कि महिलाओं को सशक्त एवं मजबूत बनाना जिला प्रशासन का लक्ष्य है।

**वित्तीय समावेशन योजनाओं पर सभी बैंक करें प्रभावी क्रियान्वयन**

उपायुक्त ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, एमएसएमई ऋण, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई आदि योजनाओं को लेकर बैंकों को अधिक सक्रिय रहने तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि स्वीकृत ऋणों का वितरण तिथि निर्धारित कर किया जाए ताकि लाभुक समय पर राशि प्राप्त कर सकें। उन्होंने आगामी 03 अक्टूबर 25 से शुरू होने वाले विशेष शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग सुविधा मुहैया कराने, छात्रवृति भुगतान को लेकर विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों का बैंक खाता खोलने झ बैंक खाता का आधार से मैपिंग, केसीसी स्वीकृति आदि करने को कहा।

**बेहतर प्रदर्शन वाले बैंकों को होगा डिस्पले, कमजोर बैंकों लाएं अविलंब सुधार**

बैठक में उपायुक्त ने सभी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने एवं बोकारो के विकास के लिए समर्पित कार्यों को करने वाले बैंकों को जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग्स के माध्यम से प्रदर्शित करने, उन्हें सम्मानित करने की बात कहीं। वहीं, खराब प्रदर्शन वाले बैंकों को प्रदर्शन में अविलंब सुधार लाने को कहा। मौके पर माननीय विधायक बेरमो के प्रतिनिधि, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, जिला उद्योग विभाग एवं विभिन्न लाइन विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# बोकारो जनरल अस्पताल में राष्ट्रीय 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के बोकारो जनरल अस्पताल में राष्ट्रीय 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्तरंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) अनिष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रियरंजन, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. बिभूति भूषण करुणामय, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आनंद कुमार, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनिन्दा मंडल तथा मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. इंद्रनील चौधरी द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का उद्देश्य महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य, पोषण, मातृत्व और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि सशक्त नारी के माध्यम से परिवार एवं समाज को भी सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने महिला स्वास्थ्य की प्राथमिकता पर बल देते हुए कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त समाज की आधारशिला है। बोकारो जनरल अस्पताल द्वारा इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जाँच शिविर, परामर्श सत्र एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो 02 अक्टूबर 2025 तक चलेंगे। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत बीएसएल में कार्यरत महिलाओं एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बड़ी संख्या में स्वास्थ्य जाँच और परामर्श की सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, डीएवी इस्पात विद्यालय समूह के स्कूलों में किशोरी छात्राओं के बीच मासिक धर्म स्वच्छता एवं पोषण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएँगे।

# तेरापंथ युवक परिषद् ने किया अपने 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान अमृत महोत्सव का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा अपने 61वे स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान अमृत महोत्सव 2025 मनाया। अभातेयुप ने देश-विदेश में फैली अपनी 362 शाखा परिषदों के माध्यम से 17 सितम्बर को देश और देश से बाहर विदेशों में लगभग 2500 से अधिक रक्तदान शिविर लगाए गए। संस्था द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 2अक्टूबर तक 7500 रक्तदान शिविर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। देश में रक्तदान के प्रति जबरदस्त जागरूकता देखने को मिली,बड़े बड़े अस्पतालों, कारखानों, यूनिवर्सिटियों, कॉलेजों, बाजारों, एयरपोर्ट्स,सरकारी संस्थानों पर वृहद स्तर रक्तदान शिविरों का आयोजन हुआ।भारत सरकार स्वयं संस्था के साथ सहभागी बनी। तेयुप चास बोकारो अध्यक्ष चन्दन बाँठिया ने बताया कि रक्तदान अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के द्वारा 17 सितम्बर को हमारी चास बोकारो परिषद् द्वारा जैन मिलन केंद्र में 35 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इसमें महिला शक्ति ने भी बढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में उपस्थित होकर बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने रक्त वीरों का मनोबल बढ़ाया और कहां की रक्त का एकमात्र विकल्प दान है। इस अवसर पर उपस्थित सदर अस्पताल ब्लड बैंक की इंचार्ज डॉ मैथिली ठाकुर ने कहा कि रक्तदाता सही मायने में इंसानियत निभाते हैं।भारत के अलावा अन्य 75 देशों में भी संस्था द्वारा कैंप लगाया गया। इस अवसर पर जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद, सचिव आलोक जैन , बेहतर झारखंड के संस्थापक एवं भाजपा नेता विवेक सिंह, तेरापंथ युवक परिषद के सचिव अमृत लोधा, सुशील बैद,विनय बैद, हर्ष भटेरा, विकाश बैंगनी, आनंद कोठारी, प्रकाश कोठारी, श्रेयांश जैन, अंकित जैन, सिद्धार्थ जैन आदि उपस्थित थे। शिविर को सफल बनाने में सदर अस्पताल की ब्लड बैंक टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# बीजीएच के अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नवीनीकृत न्यूरोसर्जरी आइसीयू का लोकार्पण





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के बोकारो जनरल हॉस्पिटल में नवीनीकृत एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित न्यूरोसर्जरी आईसीयू का उद्घाटन श्री आलोक वर्मा, निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट, अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 18 सितम्बर 2025 को किया गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री चित्त रंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रियरंजन, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. विभूति भूषण करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) श्री राजन कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। नवीनीकरण कार्य मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. विभूति भूषण करुणामय के मार्गदर्शन तथा न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष एवं मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आनंद कुमार की देखरेख में, मानक आईसीयू प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए किया गया है। नवीनीकृत आईसीयू में आधुनिक बेड, बेड हेड पैनल, सेंट्रल ऑक्सीजन एवं सक्शन लाइन, मल्टीपैरामीटर मॉनिटर और जीवनरक्षक उपकरण स्थापित किए गए हैं। साथ ही, संक्रमण नियंत्रण प्रणाली और बेहतर प्रकाश व्यवस्था को भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है। डॉ. मोहित एवं डॉ. प्रेमनीत ने विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार के संयोजन में नवीनीकरण प्रक्रिया और विभाग की कार्यप्रणाली पर एक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री आलोक वर्मा ने अपने सम्बोधन में बोकारो जनरल हॉस्पिटल की टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल पूरे क्षेत्र के मरीजों को उच्चस्तरीय और त्वरित चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इसके उपरांत, निदेशक प्रभारी श्री आलोक वर्मा ने एक समीक्षा बैठक की और बोकारो जनरल हॉस्पिटल की सुविधाओं को और अधिक उन्नत एवं मरीजों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों को निर्देश दिया कि अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं को निरंतर आधुनिक तकनीक और बेहतर संसाधनों के साथ सुदृढ़ करते हुए मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करें।

# स्टेशन से गया पुल अंडरपास के दूसरे छोर तक बनाया जाएगा नया नाला




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज शाम वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के साथ गया पुल अंडरपास का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रमिक चौक से गया पुल अंडरपास तक, अंडर पास से नया बाजार की ओर जाने वाले मार्ग तथा श्रमिक चौक से स्टेशन रोड मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा को देखते हुए प्रथम चरण में अंडरपास में पेवर ब्लॉक बिछाए गए हैं। इसके कारण वाहनों का आवागमन सरल हुआ है। लोगों को जाम से मुक्ति मिली है। अभी और कार्य बाकी है, परंतु लगातार हो रही बारिश से इसमें बाधा आ रही है। बारिश के रुकते ही अंडरपास के प्रवेश एवं निकास को और बेहतर बनाया जाएगा। पुलिस ने ऑटो रिक्शा पार्क करने के लिए अलग लेन निर्धारित किया है। जिसके कारण यातायात सरल हुआ है। उन्होंने कहा कि अंडरपास में आसपास के नाले से पानी का रिसाव हो रहा है। इसके लिए स्टेशन से गया पुल अंडरपास के दूसरे छोर तक नया नाला बनाकर पानी का रिसाव बंद किया जाएगा। पानी का रिसाव बंद होने पर डामर का रोड बनाया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com